kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-29 ❒ मंगलवार, 25 फरवरी 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



शांति मिशन में महिलाओं की मौजूदगी इसे और अधिक विविधतापूर्ण तथा समावेशी बनाती हैं। महिला शांति सैनिकों की अक्सर स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है और वे महिलाओं और बच्चों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम कर सकती हैं। द्रौपदी मुर्मु

वर्टिकल उड़ान भरने वाले विमानों के विकास के लिए शोध सहायता देगी रेलवे 11
अभिनेता अक्षय व सोनाली बेंद्रे ने लगाई आस्था की डुबकी 12

## संगम तट पर आस्था का सैलाब, 62 करोड़ से अधिक ने किया पुण्य स्नान

❒ भीड़ प्रबंधन के नए मानक स्थापित कर रहा है महाकुंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ नगर। महाकुंभ 2025 के समापन की घड़ी नजदीक आने के साथ ही संगम में स्नान करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ 45 दिनों तक चलने वाले महाकुंभ का समापन हो जायेगा।

इस पावन अवसर पर दिव्य स्नान का पुण्य लाभ लेने के लिये देश दुनिया के कोने कोने से श्रद्धालु तीर्थराज प्रयागराज



की धरती पर कदम रख रहे हैं। सोमवार को स्नान करने वालों का तांता लगा रहा महाकुंभ में संगम स्नान करने वालों की संख्या 62 करोड़ से अधिक हो चुकी है। अंतिम स्नान पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की आशंका के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले मार्गो पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुयी हैं वहीं संगम तट पर बड़ी संख्या मे स्नान ध्यान का क्रम अनवरत जारी है। हर दिन करोड़ों श्रद्धालु संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इतने बड़े पैमाने ● शेष पेज 11 पर

## महाकुम्भ में हुई मौत और सम्पत्ति हानि आयोग की जांच में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ यूपी सरकार ने हाईकोर्ट को दी जानकारी, हाईकोर्ट ने जनहित याचिका निस्तारित की

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुम्भ में हुई मौत एवं सम्पत्ति हानि को भी आयोग द्वारा की जा रही जांच में शामिल कर हाईकोर्ट को सोमवार को जानकारी दी। इस घटना को लेकर दाखिल जनहित याचिका में कहा गया था कि सरकार द्वारा गठित जांच आयोग को सीमित जांच करने को कहा गया है। उसमें जन-धन हानि को शामिल नहीं किया गया है। केवल घटना कैसे घटी और भविष्य में ऐसी घटना न घटे इस पर रिपोर्ट देना था।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महाकुम्भ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ की जांच न्यायिक निगरानी में करने और घटना के बाद लापता लोगों का सही ब्योरा देने की मांग में दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार से पूछा था कि न्यायिक आयोग की जांच का दायरा बढ़ाकर इसमें हताहतों की संख्या की पहचान करने और भगदड़ से संबंधित अन्य शिकायतों पर गौर करने को शामिल किया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने सरकार से इस संदर्भ में 24 फरवरी तक जानकारी मुहैया कराने को कहा था।

मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने कहा कि अब तक आयोग के कार्यक्षेत्र में भगदड़ के अन्य प्रासंगिक विवरणों की जांच शामिल नहीं है। राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने कहा था कि आयोग भगदड़ के सभी पहलुओं की



जांच करने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। इस पर खंडपीठ ने कहा कि जब आयोग की नियुक्ति की गई थी, तो उसकी जांच के दायरे में हताहतों और लापता लोगों की संख्या पता लगाने के बिंदु नहीं थे। इसलिए इन बिंदुओं को अब आयोग की जांच में शामिल किया जा सकता है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सुरेश चंद्र पांडेय की ओर से दाखिल जनहित याचिका में महाकुम्भ में भगदड़ के बाद लापता हुए व्यक्तियों का विवरण एकत्र करने के लिए न्यायिक निगरानी समिति के गठन की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने कहा कि कई मीडिया पोर्टल ने राज्य सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर बताई गई मौतों (30) की संख्या पर विवाद किया है। एडवोकेट सौरभ पांडेय ने विभिन्न समाचार पत्रों और पीयूसीएल की एक प्रेस विज्ञप्ति का भी हवाला देते हुए कहा कि मृतकों के परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भागने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मृतकों को बिना पोस्टमार्टम 15,000 रुपये देकर यह आश्वासन दिया गया है कि उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अब लोगों को मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

## संक्षेप

### कांवड़ मार्गों पर हर थोड़ी दूरी पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे

**लखनऊ।** महाशिवरात्रि को देखते हुए कांवड़ मार्गों पर इस बार थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पुलिस जवान मुस्तैद रहेंगे। इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए ज्यादा पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इस संबंध में सोमवार को सभी पुलिस कमिश्नर, एसपी, डीआईजी और आईजी को निर्देश दिए है। डीजीपी ने कहा है कि इस समय महाकुम्भ की वजह से प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या में पहले से ही काफी संख्या में श्रद्धालु जा रहे है। इसको देखते हुए महाशिवरात्रि पर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। कांवड़ियों के आवागमन मार्गों पर विशेष व्यवस्था की जाए। उन धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा चाक चौबन्द रहे जहां जलाभिषेक के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। भीड़ प्रबन्धन के लिए लाउड स्पीकर से घोषणा करने की व्यवस्था की जाए। हर जिले के एसपी अपने मातहतों को उनकी डयूटी के बारे में ठीक से ब्रीफ कर दें। इस ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है कि कांड़ियों को ट्रैफिक अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। शांति समितियों के साथ स्थानीय पुलिस बैठक जरूर कर लें।

### भारत का पहला एआई-रेडी डेटा सेंटर लखनऊ में बनेगा

**लखनऊ।** भारत का पहला एआई-रेडी डेटा सेंटर लखनऊ में चार चरणों में बनाया जाएगा। इसका पहला चरण जून में शुरू होगा। भारत के अग्रणी डेटा सेंटर प्रदाता, सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड इसे तैयार कर रहा है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को कहा है कि राज्य सरकार लखनऊ में उत्तर प्रदेश का पहला एआई सिटी बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में निवेश अनुकूल वातावरण बना है। इस एआई डेटा सेंटर की स्थापना होने के बाद प्रदेश में आईटी सेक्टर में रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।

## महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसको वो मिला

विधानसभा में बोलते हुए योगी आदित्यनाथ विरोधियों पर जमकर बरसे

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में बोलते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ विरोधियों पर जमकर बरसे। उन्होंने महाकुंभ के खिलाफ बोलने वालों पर भी तगड़ा निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसको वो मिला। गिद्धों को लाश मिली, सूअरों को गंदगी मिली... जबकि, संवेदनशील लोगों को रिश्तो की सुंदर तस्वीर मिली, सज्जनों को सज्जनता मिली, व्यापारियों को धंधा मिला, श्रद्धालुओं को साफ-सुथरी व्यवस्था मिली... जिसकी जैसी नियत थी, दृष्टि थी, उसको वैसा मिला।

सीएम योगी ने कहा, ''आपने (विपक्ष ने) महाकुंभ के बारे में जो कहा, एक जाति विशेष के व्यक्ति को महाकुंभ में जाने से रोका गया, हमने कहा था कि जो लोग सद्भावना से जाते हैं, वे जा सकते हैं लेकिन अगर कोई दुर्भावना से जाता है, तो वे परेशानी में पड़ जाएंगे...हमने लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ नहीं किया, समाजवादी पार्टी की तरह, उनके सीएम के पास कुंभ की निगरानी और इसकी व्यवस्था देखने का समय नहीं था और इसलिए उन्होंने एक गैर-सनातनी को कुंभ का प्रभारी बना दिया।

सीएम योगी ने यूपी विधानसभा में यह भी कहा कि यह लोग (सपा) लगातार महाकुंभ पर टिप्पणी करते रहते हैं, इनकी मानसिकता जग जाहिर है। इनको हर चीज का विरोध करना है, काम भले ही अच्छा हो। यह वर्ष भारत के संविधान का अमृत महोत्सव वर्ष है। आखिर, समाजवादी कब से डॉ. अंबेडकर को सम्मान देने लगे। कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम डॉ अंबेडकर के नाम पर था, किसने बदल



### अंतिम पायदान पर खड़े होने पर समाजवादी को याद आता है धर्म

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि समाजवादी जब अंतिम पायदान पर खड़ा होता है तो उसे धर्म की याद आती है। बजट सत्र के पांचवें दिन महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुये उन्होने नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसा और कहा अच्छा लगा कि आपने महाकुम्भ, सनातन परंपरा व अयोध्या धाम को स्वीकार किया। समाजवादी जब अंतिम ● शेष पेज 11 पर

दिया... सब पता है।

बकौल सीएम योगी- डॉ आंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कराया। लखनऊ में डॉक्टर अंबेडकर के नाम पर एक सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण भी डबल इंजन की सरकार करा रही है। इतना ही नहीं प्रयागराज में निषाद राज और भगवान राम की 46 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण भी हमारी सरकार ने कराया। हमने पिछले 8 सालों में उत्तर प्रदेश की पहचान को बढ़ाने के लिए काम किया है। सपा पर निशाना साधते हुए सीएम योगी ने कहा कि गेस्ट हाउस कांड पर तो चर्चा नहीं करना चाहता हूं, महिलाओं के प्रति आपका नजरिया क्या है ये सबको पता है। महापुरुषों के प्रति आपका नजरिया क्या है किसी से छिपा नहीं है, जिसका क्राइम दुनिया ने देखा हो उसको कहीं से क्लीन चिट मिल जाए ये मंशा थी, उस कथन से आप लोग कभी छुटकारा नहीं पा सकते, समाजवादी पार्टी के आचरण से हर सभ्य समाज हमेशा भयभीत रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा, ''नेता प्रतिपक्ष को आपत्ति थी कि बीजेपी ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र और राज्यपाल के अभिभाषण में महाकुंभ को वैश्विक स्तर का आयोजन बनाने के लिए क्यों उल्लेख किया... महाकुंभ में अगर विश्वस्तरीय सुविधा न होती तो अब तक 63 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उसका हिस्सा नहीं बनते... मैं भारत के हर महापुरूष को सम्मान देता हूं जिसने भारत में जन्म लिया है।

## कमजोर उपभोक्ता मांग और टैरिफ खतरे से बाजार में कोहराम

एजेंसी

❒ सेंसेक्स 857 और निफ्टी ने लगाया 247 अंक का गोता

मुंबई। कमजोर उपभोक्ता मांग और अमेरिका के टैरिफ खतरे से चिंतित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 856.65 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत का गोता लगाकर साढ़े नौ माह के निचले स्तर और 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 74,454.41 अंक पर आ गया। इससे पहले यह 05 जून 2024 को 74,382.24 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 247.05 अंक यानी 1.08 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22,548.85 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.78 प्रतिशत कमजोर रहकर 40,057.85 अंक और स्मॉलकैप 1.31 प्रतिशत लुढ़ककर 45,254.06 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4200 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2810 में बिकवाली जबकि 1207 में लिवाली हुई वहीं 183 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां लाल जबकि अन्य 12 हरे निशान पर बंद हुईं। बीएसई में एफएमसीजी और ऑटो समूह की 0.22 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 19 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.53, सीडी 0.71, ऊर्जा 1.11, वित्तीय सेवाएं 0.82, हेल्थकेयर 0.47, इंडस्ट्रियल्स 1.08, आईटी 2.60, दूरसंचार 2.26, यूटिलिटीज 1.42, बैंकिंग 0.52, कैपिटल गुड्स 1.10, धातु 2.16, तेल एवं गैस 1.10, पावर 1.16, रियल्टी 0.91, टेक 2.56, सर्विसेज 0.60 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 2.65 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा।



## आदतन अपराध के आरोपी नाबालिग को जमानत से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बार-बार अपराध करने के आरोपी एक नाबालिग को जमानत से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि उसकी उम्र के कारण ही उसे कानून से छूट नहीं मिल जाती।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने नाबालिग के आपराधिक इतिहास पर गौर किया और बताया कि उसके खिलाफ चार समान मामले दर्ज हैं। पीठ ने पहले से ही तीन अन्य मामलों में जमानत पर चल रहे याचिकाकर्ता से कहा कि किशोर अपनी उम्र की आड़ में बार-बार नतीजों से बच नहीं सकते। ल्लवह सुधारने लायक नहीं है ! बस सुधारने लायक नहीं है। जबरन वसूली और आपराधिक धमकी के मौजूदा मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया।

## एनजीटी ने महाकुंभ में खुले में शौच के दावों पर याचिकाकर्ता से सबूत मांगे

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सोमवार को याचिकाकर्ता से प्रयागराज में महाकुंभ उत्सव में खुले में शौच के आरोपों का समर्थन करने वाले सबूत मांगे, क्योंकि वहां जैव-शौचालय की सुविधा अपर्याप्त थी। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की अध्यक्षता वाली पीठ ने उस याचिका पर विचार किया, जिसमें कार्यात्मक या स्वच्छ जैव-शौचालय की कमी के बारे में चिंता जताई गई थी, जिसके कारण लाखों लोग गंगा नदी के किनारे खुले में शौच करने के लिए मजबूर हैं।

14 फरवरी को दायर की गई याचिका में प्राथमिक सबूत के तौर पर एक पेन ड्राइव पर दो वीडियो क्लिप शामिल थे; हालांकि,




न्यायाधिकरण ने पाया कि इन क्लिप में भौगोलिक निर्देशांक नहीं थे और इन्हें उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के साथ साझा नहीं किया गया था। पीठ ने स्थिति की गंभीरता और जमीनी स्तर पर तथ्यों को सत्यापित करने के लिए सक्षम अधिकारियों द्वारा गहन जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। जवाब में, यूपीपीसीबी के वकील ने कहा कि अतिरिक्त सामग्री उपलब्ध कराए जाने के बाद बोर्ड जांच करेगा।

## भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र पांच वर्ष में 350 अरब डालर पहुंचने की उम्मीद : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और अगले पांच वर्षों में इसके 300 से 350 अरब डालर तक पहुंचने की उम्मीद है।

श्री सिंह ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 16 वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा, भारत का प्रौद्योगिकी सेक्टर बढ़ रहा है और अगले पांच वर्षों में इसके 300-350 अमेरिकी बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सवा लाख से अधिक स्टार्ट-अप और 110 यूनिकॉर्न के साथ, हमारा देश दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बन रहा है। उन्होंने छात्रों को विकास और अवसर के इस दौर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे न केवल भारत की प्रौद्योगिकी प्रगति में योगदान दें, बल्कि अनुसंधान और विकास के प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व



भी करें। श्री सिंह ने प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देने में नवाचार और ज्ञान सृजन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उद्यमशीलता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व का भी उल्लेख किया। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ सकेगा। उन्होंने भारत की तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति को आकार देने में संस्थान के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। उन्होंने नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में आईआईटी ● शेष पेज 11 पर

## टेक्सटाइल, टूरिज्म और टैक्नालॉजी में बड़ी भूमिका रहेगी भारत की : मोदी

एजेंसी

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भारत के विकसित भविष्य में तीन क्षेत्रों टेक्सटाइल, टूरिज्म और टैक्नालॉजी की बड़ी भूमिका रहेगी और इनके माध्यम से रोजगार के करोड़ों अवसर सामने आएंगे। इसके साथ ही उन्होंने निवेशकों से आह्वान करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में भी निवेश का यह सही समय है।

श्री मोदी यहां इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी समेत देश-विदेश के कई ख्यातिप्राप्त उद्योगपति और राजनयिक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश के विकसित भविष्य में तीन क्षेत्रों 'टेक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी' की बहुत बड़ी भूमिका रहने वाली है। ये क्षेत्र करोड़ों लोगों को रोजगार देने वाले हैं। भारत कॉटन, सिल्क, पालिएस्टर और विस्कोस का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। टेक्स्टाइल सेक्टर ही करोड़ों को रोजगार देता है। मध्यप्रदेश तो एक प्रकार से भारत की 'कॉटन कैपिटल' है। भारत की करीब 25 फीसदी ऑर्गेनिक कॉटन आपूर्ति मध्यप्रदेश से ही होती है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश मलबरी सिल्क का भी देश का सबसे बड़ा निर्माता है। यहां का चंदेरी और महेश्वर विश्वप्रसिद्ध हैं। इनमें निवेश निवेशकों को वैश्विक पहचान देगा। सरकार मेडिकल टेक्सटाइल और जियो टेक्सटाइल को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए राष्ट्रीय मिशन शुरु किया है। सात बड़े टेक्सटाइल पार्क में से एक मध्यप्रदेश में बन रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश-विदेश से आए निवेशकों के सामने मध्यप्रदेश की तमाम खूबियों को ना केवल विस्तार से रखा, बल्कि इस बात पर भी बल दिया कि राज्य में निवेश का सही समय यही है। श्री मोदी ने मध्यप्रदेश की पिछले दो दशक की विकास यात्रा को सबके सामने रखा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि और खनिज के मामले में देश के अव्वल राज्यों में है। मध्यप्रदेश को जीवनदायिनी मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त है। यहां विकास की हर संभावना है। बीते दो दशकों में



मध्यप्रदेश ने संक्रमण का नया दौर देखा है, एक समय यहां पानी-बिजली के साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब थी। ऐसे में यहां उद्योगों का विकास बहुत मुश्किल था। पिछले 20 साल में भाजपा सरकार ने सुशासन पर फोकस किया है।

प्रधानमंत्री ने विकसित मध्यप्रदेश से विकसित भारतङ्क के उद्देश्य से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा अवसर पहली बार आया है, जब पूरी दुनिया भारत के लिए आशान्वित है। भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता को सिद्ध किया है, जिसके परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण विश्व भारत पर विश्वास प्रकट कर रहा है। उन्होंने कहा कि यही विश्वास हम मध्यप्रदेश में अनुभव कर रहे हैं। मध्यप्रदेश जनसंख्या की दृष्टि से देश का पांचवां बड़ा राज्य है, कृषि और खनन में अग्रणी है। देश में हो रहे अधोसंरचना विकास का लाभ मध्यप्रदेश को मिला है, दिल्ली, मुम्बई नेशनल हाईवे का बड़ा भाग मध्यप्रदेश से निकलता है।

प्रदेश में व्यापक रोड नेटवर्क है और लॉजिस्टिक्स की यहाँ अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। मध्यप्रदेश में हर वो क्षमता है, जो इसे देश के शीर्ष पाँच राज्यों में ला सकता है। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री को वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने के लिए बधाई दी। आयोजन में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर प्रदेश में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए लागू 18 नवीन नीतियों की शुरूआत की। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश उद्योग नीति 2025, एमएसएमई नीति, एक्सपोर्ट प्रमोशन नीति, लॉजिस्टिक्स नीति, स्टार्टअप नीति, मध्यप्रदेश एनीमेशन, वीआर, गैमिंग कामिक्स और विस्तारित रियलिटि नीति, जीसीसी नीति, सेमी कंडक्टर नीति, ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति, फिल्म पर्यटन नीति, पर्यटन नीति, पम्पड हाइड्रो स्टोरेज नीति, सिटी गैस डिस्टिब्यूशन नीति, विमानन नीति, नवकरणीय ऊर्जा नीति, स्वास्थ निवेश प्रोत्साहन नीति और एकीकृत टाउनशिप नीति शामिल हैं।

# सपा के सदस्यों का विधानसभा में हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। यूपी विधानसभा की कार्यवाही के दौरान सदन में सपा का हंगामा। प्रश्नकाल के दौरान सपा के सदस्य समरपाल के प्रश्न का उत्तर दे रहे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से असहमत होकर सपा के सदस्य वेल में पहुंचे गए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सवाल का जवाब देते वक्त कहा कि अपने नेता जी की बात मानते हो जिन्होंने कहा था कि लड़के हैं, लड़कों से गलती हो जाती है। इसके बाद सपा के सदस्य वेल में आ गए। स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि सदन में यह नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सपा के सदस्य बताएं कि उन्होंने क्या आपत्तिजनक कह दिया है, आपत्तिजनक होगा तो उसे निकाल दिया जाएगा। वेल में नारेबाजी करते सभी सद्स्यों को सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया। इसके बाद सपा के सदस्य वेल में ही बैठ गए। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना उठ कर खड़े हुए। उन्होंने पीठ से सदन की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित करने का आग्रह किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष महाना ने कहा कि नहीं, विधानसभा को हाई जैक नहीं करने दिया जाएगा। वेल में सपा के सदस्य धरने पर बैठे हैं। उनकी नारेबाजी जारी है। महाना ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हो रही थी। चार दिनों से स्वस्थ चर्चा हो रही थी। लगातार आपसे बोलने के लिए आग्रह किया जा रहा है लेकिन आप बोलना नहीं चाह रहे हैं, इसलिए सदन दो बजे तक के लिए स्थगित किया जाता है।

# आस्था व सनातनी एकता का प्रतीक है महाकुंभः प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी

एजेंसी



झांसी। युवाओं को भारत को जानना होगा। विज्ञान अध्यात्म और परंपराओं से अर्जित ज्ञान ही वैश्विक समस्याओं का समाधान करने में सक्षम है। उपरोक्त विचार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में महाकुंभ में विज्ञान अध्यात्म और परंपरा विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीशचंद्र त्रिपाठी ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा की भौतिक कल्याण के साथ ही आध्यात्मिक कल्याण भी जरूरी है। भारत केवल भूखंड नहीं है बल्कि वह दर्शन दृष्टि विचार का सामंजस्य है। जिसमें ज्ञान और विज्ञान दोनों के ही मूल्य प्रतिष्ठित हैं। विज्ञान अध्यात्म परंपरा अलग-अलग नहीं है देशानुकूल और युगानुकूल उनकी व्याख्या होती है। हमारा समाज अधिकार बोध नहीं होना चाहिए बल्कि कर्तव्य बोध होना चाहिए। सरकार नियम कानून तो बना सकती है लेकिन सभी नियम कानून का पालन करें ऐसी मूल्य परख संस्कृति प्रदान करने की आवश्यकता है। सनातनियों के हृदय में बह रही प्रेम की गंगा व महाकुंभ के प्रति अपार आस्था महाकुंभ एकता की प्रतीक है। महाकुंभ का ध्येय वाक्य सर्वसिद्धिप्रदः कुंभ है। हमारी संस्कृति की जीवनधारा गंगा है। महाकुंभ हमारी आस्था है, गंगा हमारी माता है, हमारी संस्कृति की जीवनधारा है। महाकुंभ में गंगा का दर्शन पावन है तो गंगा स्नान मोक्षदायिनी होता है। यह अवसर 12 वर्ष में एक बार आता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे है बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डा. मुकेश पाण्डेय ने ''समृद्धिप्रद महाकुंभ'' विषय पर कहा कि महाकुंभ महज स्नान नहीं, यह सनातन विचारों का महापर्व है। हजारों वर्षों के ज्ञात इतिहास में महाकुंभ ने सनातन धर्म के माध्यम से पूरी दुनिया को शांति, सद्भाव और एकजुटता का संदेश दिया है। विशिष्ट अतिथि भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कुंभ का संदेश सदियों से बिना विकृत हुए यथारूप पहुंचता था। आज संचार साधनों की बहुलता में संदेश का उसी रूप में पहुंचना कठिन होता है। या तो संदेश की पहुंच में समस्या होती है, या उसके अर्थ बदल जाते हैं और उनकी पवित्रता नष्ट हो जाती है। किंतु प्राचीन समय की संवाद और संचार व्यवस्था इतनी ताकतवर थी कि समाज के सामने कुंभ के संदेश और वहां मिला पाथेय यथारूप पहुंचता था। उन्होंने कहा कि कुंभ हमारे सांस्कृतिक राष्ट्र की समाज व्यवस्था का एक अनिवार्य अंग हैं, जिसके माध्यम से राष्ट्र अपने संकटों के समाधान खोजता रहा है। इन्हीं रास्तों से गुजरकर हम यहां तक पहुंचे हैं। ऋषि परंपरा के उत्तराधिकारी होने के नाते हर संकट में उनका पाथेय ही हमारा संबल बना है। विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रोफ़ेसर आरके सैनी ने कहा कि महाकुंभ पावन आयोजन के दौरान, करोड़ों श्रद्धालु इसमें स्नान कर आत्मिक शुद्धि का अनुभव कर चुके है। कला संकाय अध्यक्ष प्रोफ़ेसर मुन्ना तिवारी ने कहा कि अमृत स्नान करने को सनातनियों में जुनून अधिक बढ़ रहा है।

# उप्र पुलिस सिपाही भर्ती : 876 अभ्यर्थियों ने किया अगले चरण के लिए क्वालीफाई




एजेंसी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाही भर्ती के लिए सोमवार को मुरादाबाद में 876 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय सीमा के अंदर 4.8 किमी दौड़ पूरी कर अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान रिकार्ड 116 अभ्यर्थी दौड़ पूरी न कर पाने के कारण प्रक्रिया से बाहर हो गए। पुलिस भर्ती के नोडल अधिकारी व पुलिस अधीक्षक यातायात ने बताया कि सोमवार को कोई भी अभ्यर्थी चोटिल या घायल नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से चलाई जा रही सिपाही भर्ती प्रक्रिया के तहत बीते 10 फरवरी से 9वीं वाहिनी पीएसी ग्राउंड में दौड़ कराई जा रही है। इसमें लिखित परीक्षा पास करने और अभिलेखों की जांच पड़ताल के बाद चयनित किये गए अभ्यर्थियों को 4.8 किमी की दौड़ पूरा करने का टार्गेट दिया गया है। सोमवार को इसमें 1043 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जिसमें 51 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सुबह केवल 992 अभ्यर्थियों ने दौड़ के लिए पंजीकरण कराया। पुलिस भर्ती के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि दौड़ में शामिल होने वाले 992 अभ्यर्थियों में से केवल 876 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय सीमा में 4.8 किमी की दौड़ पूरी कर क्वालीफाई किया। इस दौरान 116 अभ्यर्थी दौड़ पूरी नहीं कर सके।

# संस्कृति नई पीढ़ी से जीवित रहती है : योगेन्द्र नारायण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महाकुम्भ नगर। जब हम अच्छे उद्देश्य की ओर बढ़ते हैं तो छोटी-छोटी बुराइयों को भूल जाते हैं, यही हमारी संस्कृति है। संस्कृति किसी देश की पहचान होती है। संस्कृति नई पीढ़ी द्वारा जीवित रहती है। इसलिए जरूरी है कि हमारे नवयुवक अपनी भारतीय संस्कृति को समझें और अनुपालन करें।उक्त विचार मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्य सचिव एवं भारत सरकार के पूर्व रक्षा सचिव योगेन्द्र नारायण ने सोमवार को महाकुम्भ मेला क्षेत्र सेक्टर 8 स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय शिविर में इण्टरनेशनल गुडविल सोसाइटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित ङमहाकुम्भः सांस्कृतिक विरासतङ्ग विषयक संगोष्ठी में व्यक्त किया।विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग की सदस्य डॉ. कीर्ति गौतम ने कहा कि प्रयागराज का ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व तो है ही, साथ-साथ ज्ञान कुम्भ और विमर्शों की दृष्टि से यह महत्त्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के पूर्व सदस्य प्रो. के.सी शर्मा ने महाकुम्भ में प्रेम, करुणा, परोपकार और अपनत्व की भावना को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम संयोजक, उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. अमित भारद्वाज ने नागरिक समाज की जागृति को जरूरी बताया। अध्यक्षता करते हुए उच्च न्यायालय प्रयागराज के न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने कहा कि महाकुम्भ सामाजिक समरसता का सम्वाहक है। भेदभाव रहित इसकी विशेषता है। विश्व परिवार की संकल्पना और जन कल्याण भाव हमें महाकुम्भ में दिखाई देता है। इस महाकुम्भ में कई पीढ़ियों को हम एक साथ देख सकते हैं। सामाजिक समरसता, परिवार भाव, बड़ों का सम्मान एवं आदर हमारी संस्कृति की पहचान है। कुम्भ एक सतत परम्परा और विरासत है।कार्यक्रम सचिव, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि गुडविल विश्व शान्ति एवं सौहार्द्र के लिये जरूरी है। महाकुम्भ इसके लिए सुअवसर है। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में नागरिक समाज, विद्यार्थी, अधिकारी एवं विद्वज्जन शामिल हुए। बता दें कि, इण्टरनेशनल गुडविल सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया के संस्थापक अध्यक्ष इण्टरनेशनल कोर्ट ऑफ़ जस्टिस के प्रेसीडेंट रहे पद्म विभूषण जस्टिस नागेन्द्र हैं।

## खेत में मिला 5 फीट का मगरमच्छ, वन विभाग ने अदवा बैराज में छोड़ा

**मीरजापुर।** हलिया वन रेंज के मुड़पेली गांव में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक किसान ने अपने खेत में 5 फीट लंबा मगरमच्छ देखा। अनंती देवी इंटरमीडिएट कॉलेज के पास स्थित खेत में मगरमच्छ मिलने की सूचना पर वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वन दरोगा नीतू शर्मा के नेतृत्व में वनकर्मियों और ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा गया। टीम ने सतर्कता बरतते हुए उसके मुंह पर बोरा डालकर नियंत्रण में लिया और फिर उसे अदवा बैराज के गहरे जलाशय में छोड़ दिया। वन क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र ने बताया कि मगरमच्छ संभवतः किसी जल स्रोत से भटककर खेत में आ गया था। उसे बिना किसी नुकसान के वापस प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए भारतीय संस्कृति से सीखने की जरूरतः एरिक सोलहैम

**महाकुम्भ नगर।** नॉर्वे के पूर्व मंत्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के पूर्व कार्यकारी निदेशक एरिक सोलहैम ने महाकुम्भ में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का गहरा अनुभव किया। उन्होंने इस महापर्व में अपने अनुभव साझा करते हुए प्राचीन भारतीय विचारधारा और प्रकृति के प्रति सम्मान की सराहना की। एरिक सोलहैम ने कहा कि महाकुम्भ में आना एक अद्भुत अनुभव रहा। भारतीय दर्शन हमें सिखाता है कि मानव प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसका अभिन्न हिस्सा है। पश्चिमी सोच में इंसान को प्रकृति से ऊपर माना जाता है, लेकिन भारतीय संस्कृति में नदियों, जंगलों, पशु-पक्षियों और धरती माता की पूजा की जाती है। उन्होंने गंगा स्नान के अनुभव को अद्भुत बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गणेश और हनुमान जैसे देवता इस बात के प्रतीक हैं कि मनुष्य और प्रकृति एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने इस सोच को आधुनिक दुनिया के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि पूरी दुनिया भारतीय ज्ञान से सीखे और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दे।पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति से सीखने की जरूरत उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति का सम्मान और उसकी रक्षा करना सदियों पुरानी परंपरा रही है। महाकुम्भ में आकर उन्हें इस विचारधारा को करीब से समझने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि धरती माता इंसानों पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम धरती माता पर निर्भर हैं। हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाना सीखना होगा, और इसमें भारतीय संस्कृति हमें मार्गदर्शन दे सकती है।

## लूट के दोषी को चार वर्ष का कारावास

**फिरोजाबाद।** लूट के एक दोषी को कोर्ट ने सोमवार को तीन मामलों में दोषी पाया है। कोर्ट ने उसे 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थदंड लगाया है। थाना फरिहा क्षेत्र के नगला भोला निवासी राजू पुत्र अमर सिंह के विरुद्ध थाना टूंडला पर वर्ष 2019 में व वर्ष 2020 में थाना शिकोहाबाद व थाना टूंडला पर लूट के एक-एक कुल तीन मुकदमे दर्ज हुए। पुलिस ने जांचोपरांत तीनों मुकदमों में उसके विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश नवनीत गिरी के न्यायालय में चला। अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक अजय शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने तीनों मुकदमों में उसे दोषी माना। कोर्ट ने उसे तीनो मुकदमों में 4-4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। सभी सजाए एक साथ चलेगी। दोषी पर 5 हजार का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, किये गए 1004 चालान

एजेंसी



कानपुर। जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गों और शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का अभियान जारी है। जिसके तहत सड़क किनारे खड़े 42 बड़े वाहनों पर वैधानिक कार्रवाई साथ ही 1004 वाहनों के चालान किये गए। राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर शहर में लगातार हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस काफी सख्त हो गयी है। ऐसे में रोजाना अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले छोटे बड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पश्चिमी जोन के अंतर्गत भौंती हाईवे, पूर्वी जोन कानपुर-प्रयागराज हाईवे व दक्षिण जोन के यशोदा नगर, नौबस्ता और रमईपुर में सड़क किनारे खड़े बड़े वाहनों को हटवाकर पार्किंग में खड़े करवाने के निर्देश दिए गए। क्योंकि पूर्व में ऐसा देखा गया है कि इन वाहनों की वजह से कई घटनाएं हो चुकी हैं। साथ ही शहर में कई छोटे बड़े वाहन चालक जो खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं। उनके खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए रॉन्ग साइड चलने वाले 188, ट्रिपलिंग करने वाले 60, एचएसआरपी 18 व अन्य 738 कुल मिलाकर 1004 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। पुलिस उपायुक्त यतायात रविंद कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। जब तक शहरवासी इन नियमों का पालन नहीं करते हैं, तब तक यह अभियान जारी रहेगा।

# परशुराम कुंड के सिद्धसंत श्री हरिशरण दास पहुंचे शंकराचार्य शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। त्रेतायुगीन पौराणिक तीर्थ स्थल परशुराम कुंड, अरुणाचल प्रदेश के सिद्धसंत श्री हरिशरण दास परशुराम बाबा ने संत मंडली के साथ महाकुंभ में संगम स्नान किया। इसके बाद सभी संत एवं भक्तों ने सेक्टर 18 के हर्षवर्धन मार्ग स्थित गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य शिविर में आदि शंकराचार्य के चरण पादुका की पूजा-अर्चना की। साथ ही विशेष समिधा देवकुश शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ को भेंट की। देवकुश का उपयोग महायज्ञ के समापन के अवसर पर महाशिवरात्रि को किया जायेगा। शंकराचार्य शिविर में सिद्धसंत श्री हरिशरण दास ने शंकराचार्य को अति दुर्लभ देवकुश की माला भी भेंट की। इसके साथ ही उन्होंने शंकराचार्य से आध्यात्मिक चर्चा भी की। सिद्धसंत ने महायज्ञ में भी भाग लिया। महायज्ञ का आयोजन शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ के सानिध्य में 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से जारी है। पूर्णाहुति महाशिवरात्रि के दिन 26 फरवरी को होगी। महायज्ञ में देश की सुख-शांति एवं विश्व कल्याण के लिए विभिन्न पहाड़ों जंगलों एवं नदियों के किनारों से 11हजार किस्म की एकत्रित औषधियों का उपयोग किया जा रहा है। पूर्णाहुति में अखंड भारत की 101 नदियों के पवित्र जल का उपयोग किया गया है। उल्लेखनीय है कि शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने विगत तीन वर्षों में अखंड भारत के बारह ज्योर्तिलंग एवं 52 शक्तिपीठों का दर्शन किया है। इसी सिलसिले में उन्होंने श्रीलंका, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, थाईलैंड, कंबोडिया आदि देशों की यात्रा की है। उसी उपलक्ष्य में महाकुंभ में विशाल महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ में देश के कोने-कोने से आये श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। शंकराचार्य ने देश के सनातन धर्मावलंबियों का आह्वान किया है कि वे महाशिवरात्रि तक महाकुंभ में आकर संगम स्नान करें।

# एनडीआरएफ व एसडीआरएफ ने 17 श्रद्धालुओं को डूबने से बचाया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ में ड्यूटी के दौरान एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों की सतर्कता से सोमवार को पुनः संगम मध्य क्षेत्र में एक बड़ी दुर्घटना को टाला गया। जब 17 यात्रियों से भरी एक नाव गंगाजी में अनियंत्रित होकर डूब गई। एनडीआरएफ बचाव कर्मियों द्वारा त्वरित बचाव कार्य से 9 श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचाया गया। जबकि 8 अन्य श्रद्धालुओं को एसडीआरएफ एवं अन्य बचाव एजेंसियों द्वारा सुरक्षित निकाला गया। एनडीआरएफ के कार्मिकों ने बताया कि उनकी टीमें उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश में निरंतर प्रयत्नशील हैं तथा किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया देकर पीड़ितों को सहायता प्रदान कर रही हैं। तीर्थराज प्रयाग में प्रतिदिन एक करोड़ से ऊपर श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर सैकड़ों वर्षों बाद बन रहे अद्भुत संयोग के साक्षी बन रहे हैं और अपने आध्यात्मिक उन्नयन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। इसके साथ ही, सम्पूर्ण मानव जाति को आपसी समरसता के सूत्र में पिरोने का प्रयास भी किया जा रहा है। एनडीआरएफ कार्मिक ने बताया कि हम लोग गश्त लगा रहे थे। तभी चीख पुकार सुनकर एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों ने बिना समय गंवाए वहां पहुंचकर श्रद्धालुओं को सुरक्षित अपनी बोटों से बाहर निकाला। इसके साथ ही अन्य लोगों के सहयोग से सभी की जान बचायी जा सकी।

# डॉ सचिन अवस्थी की स्मृति में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान में यूनिटी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। यूनिटी कप स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट डॉ. सचिन अवस्थी की विरासत को याद करता है। डॉ राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में यूनिटी कप स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। यह क्रिकेट टूर्नामेंट स्व. डॉ. सचिन अवस्थी की स्मृति में आयोजित किया गया। बताया जाता है कि स्व डॉ सचिन अवस्थी की भूमिका आरएमएलआईएमएस में ऑर्थोपेडिक्स विभाग के विकास में अग्रणी और महत्त्वपूर्ण थी।यूनिटी कप स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट डॉ. सचिन अवस्थी के ऑर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं आरएमएलआईएमएस के प्रति उनकी समर्पण के लिए श्रद्धांजलि है। सूत्रों के मुताबिक इस टूर्नामेंट का उद्देश्य चिकित्सा जगत में खेल भावना, टीम वर्क और सामंजस्य को बढ़ावा देना है।इस अवसर पर निदेशक डॉ सीएम सिंह ने कहा, डॉ सचिन अवस्थी की स्मृति में इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जो हम सभी के लिए प्रेरणा थे। यह टूर्नामेंट उनकी विरासत का जश्न मनाने और उनके द्वारा प्रदर्शित खेल भावना और मित्रता की भावना का प्रतीक है। यूनिटी कप स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में आरएमएलआईएमएस के विभिन्न विभागों की टीमें एक दूसरे के साथ मैच खेलकर प्रतिस्पर्धा करेंगी। बताया जाता है कि इस टूर्नामेंट का समापन संभवतः 20 अप्रैल को होगा जहां अंतिम मैच के साथ पुरस्कार समारोह आयोजित किया जायेगा। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो डॉ सीएम सिंह ने किया। उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी क्षमता देखकर दर्शकों को बहुत आनन्द आया। उद्घाटन मैच में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय, डॉ विक्रम, डॉ भुवन, डॉ अंशुमान, डॉ दिनकर, डॉ आलोक, डॉ संजीत, डॉ विकास, डॉ विनीत सहित कई अन्य फैकल्टी सदस्य, कर्मचारी और छात्र गण उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.– निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 18/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024–25 | सीएनबी–सीपीबी खंड में ब्रिज संख्या–110डीएन पर स्टील स्लीपरों को एच–बीम स्लीपरों द्वारा प्रतिस्थापित करना, जिसमें ब्रिज ट्रफ को हटाना भी शामिल है। |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 147834944.64 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रू0 889200.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 07.03.2025 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 21.03.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | मौजुदा स्टील गर्डर पुलों पर साइड पाथवे & ट्राली रिफ्यूजस का फ्रेब्रीकेशन एवं इरेक्शन या रेलवे स्टील गर्डर पुल का फ्रेब्रीकेशन/रिपेयर। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोट :- 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। **निविदा सू0सं0–18/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024–25**
**दिनांक 21.02.2025** **600/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर निगम ने कसी कमर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी 2025 को मनाया जाएगा जिसकी तैयारियों को लेकर नगर निगम ने कमर कस ली है। इस दिन शहर के प्रमुख मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। इस खास अवसर पर नगर निगम द्वारा किसी तरह की कोई चूक न होने पाये जिसको लेकर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। साफ़-सफाई से लेकर पेयजल आपूर्ति, सड़क मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने और आवारा पशुओं की समस्या तक हर पहलू पर नगर निगम प्रशासन की ख़ास नज़र है। जिससे की श्रद्धालुओं की किसी तरह की भी असुविधा न होने पाये, आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरी तरह से सुनिश्चित करने के लिए नगर आयुक्त डॉ इंद्रजीत सिंह ने सभी संबंधित अधिकारीयों को निर्देश जारी किए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान सभी जोनल अधिकारी और जोनल सेनेटरी अधिकारी को महाशिवरात्रि पर्व के लिए मनकामेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर मंदिर, कोनेश्वर मंदिर जैसे प्रमुख मंदिरों और अन्य मंदिरों के आस-पास सफाई, चूना छिड़काव और कूड़ा निष्कासन की व्यवस्था सुनिश्चित करना होगी। नगर आयुक्त डॉ इंद्रजीत सिंह द्वारा मुख्य अभियंता विभागीय/यांत्रिक को मंदिरों के आस-पास, मुख्य मार्गों और पहुंच मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण करके सभी प्रकाश बिंदुओं को सुनिश्चित रूप से प्रज्जवलित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही अभियंत्रण विभाग को मार्गों पर आवश्यक सड़क मरम्मत, पैच वर्क और मलवा उठाने की व्यवस्था समय से पहले सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही जलकल विभाग के महाप्रबंधक को मंदिरों के पास पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ सीवर की सफाई और खुले मेन होल की मरम्मत करने की व्यवस्था करनी होगी। पशु कल्याण अधिकारी को कैटल कैचिंग दस्ता तैनात करने और यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है कि कोई भी आवारा पशु मंदिरों और उनके आसपास न घूमता नज़र न आये। इसके अलावा सभी जोनल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण हटवाने के लिए अभियान चलाने को गया है। सभी अपर नगर आयुक्त अपने संबंधित जोन का नियमित भ्रमण करके सभी व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे ताकि महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं को कोई परेशानी पेश न आये।

# नमकीन फैक्ट्री में लगी आग

## आधा दर्जन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर पाया काबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सरोजनीनगर-लखनऊ। क्षेत्र के नादरगंज स्थित महेश नमकीन फैक्ट्री में सोमवार सुबह तड़के करीब 5 बजे भयानक आग लग गई। फैक्ट्री के स्क्रेप गोदाम स्थित लगी आग ने तुरंत ही विकराल रूप धारण कर लिया। बताते हैं कि गोदाम में लकड़ी व पॉलिथीन होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण किया। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। धुआं देखते ही मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया किंतु सफलता न मिलने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इसके बाद कुछ ही देर में फायर यूनिट ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि आग महेश नमकीन के स्क्रेप गोदाम में लगी हुई थी, जो बहुत ही बिकराल रूप में फ़ैलकर जल रही थी, यूनिट ने तत्काल अग्निशमन कार्य करते हुए आग को बुझाना प्रारंभ किया, आग की भयावाहता को देखते हुए हजरतगंज कंट्रोल रूम व अन्य स्टेशनो से और गाड़ियां बुलाई गईं। कुछ ही देर में मुख्य अग्निशमन अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। आग को लगभग 4:30 घंटे के बाद आधा दर्जन अग्निशमन की गाड़ियों व अग्निशमन कर्मचारियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद काबू किया गया। आग लगने का कारण नहीं पता चला है। घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई।

# सरोजिनी नगर पुलिस ने शातिर चोरों के गिरोह का किया खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुठभेड़ के दौरान एक चोर को किया गिरफ्तार**

**चोर के पैर में लगी गोली इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती पूछताछ जारी अन्य आरोपियों की तलाश**

सरोजिनी नगर, लखनऊ। राजधानी की सरोजिनी नगर पुलिस को रविवार देर शाम उस वक्त बड़ी कामयाबी हाथ लगी जब सरोजिनी नगर पुलिस द्वारा पिपरसंड मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया गया। सरोजिनी नगर थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति के अनुसार पिपरसंड मार्ग पर रविवार देर शाम जब चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान एक स्कूटी सवार युवक को जब रोकने का प्रयास किया गया तो युवक स्कूटी मोड़कर भागने लगा जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया तो युवक ने स्कूटी छोड़कर भागने की कोशिश की तथा पुलिस वालों के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया जिसमें पुलिस बल बाल बाल बचा, इसके बाद जवाबी फायरिंग में युवक के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया और बाद में घायल युवक को पकड़कर जब पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम अकरम उर्फ पप्पू उर्फ सलमान उर्फ चिकना पुत्र गफ्फूर(40) निवासी 500/ 291 कुतुबपुर डालीगंज थाना हसनगंज लखनऊ बताया तथा उसने बताया कि आज वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना करने के लिए रेकी करने की फिराक में जा रहा था। उसके अन्य साथी भी ट्रांसपोर्ट नगर नादरगंज क्षेत्र की तरफ मौजूद हैं। युवक ने यह भी बताया कि उसके द्वारा इसके पहले अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट नगर में हुई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है यह भी अपने कबूला कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी नंबर प्लेट की स्कूटी से बंद मकान की पहले रेकी करता था और बाद में उस खाली मकान में सभी मिलकर ताला तोड़कर चोरी कर लेते थे।

इनके कुछ साथी एक वैन से इन्हें घटनास्थल पर छोड़कर घटनास्थल के आसपास अपने ईको वैन को खड़ी कर लेते थे तथा घटना के पश्चात उसमें बैठकर फरार हो जाते थे। अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस 315 बोर जिंदा, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक स्कूटी कूट रचित नंबर प्लेट की यूपी 32 एम के 3023, एक मोती का माला मै लॉकेट पीली धातु का व 10200 रुपये बरामद हुए हैं। सरोजिनी नगर पुलिस के अनुसार आरोपी के ऊपर स्थानीय थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई चोरी का मुकदमा दर्ज है इसके साथ ही राजधानी के विभिन्न थानअंतर्गत गंभीर धाराओं में 23 मुक़दमे दर्ज हैं। अभियुक्त पेशे से किराए पर ई रिक्शा चलता था।पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से उसके गैंग के बारे में पूछताछ के साथ अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# आसमा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन ने किया महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। आसमा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को उर्दू अकादमी लखनऊ में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर मौलाना अब्दुल वाहिद कासमी व अन्य अतिथि गणों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, पूर्व मंत्री मोईद अहमद, तारिक सिद्दीकी, वसीम हैदर, अफ़जल सिद्दीकी, परवेज मलिक जादा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर अब्दुल वहीद कासमी ने कहा कि हमें अपने बच्चों के भविष्य के लिए पहले से एक रूपरेखा तय करनी होगी आज शिक्षा विभिन्न क्षेत्रों में बट चुकी है ऐसे में हमें किस क्षेत्र को चुना है इसके लिए पहले से तैयारी करनी होगी। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ ताहिरा हसन ने अपने संबोधन में कहा कि आज के कार्यक्रम में हमारी बच्चियाँ अपने संविधान के प्रति पूरी तरह जागरूक दिखीं, हिजाब या पर्दा उनके लिए कहीं बाधक नहीं है। हमें बच्चियों को हर संभव कोशिश कर उच्च शिक्षा विशेष कर जॉब ओरीएंटेड शिक्षा दिलवानी होगी। जिससे ये बच्चियां ना सिर्फ अपने आने वाले पीढ़ियों का मुस्तकबिल सवांर देंगी बल्कि अपने परिवार को, जॉब कर आर्थिक मदद भी करेंगी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को डॉक्टर तारिक सिद्दीकी, डॉक्टर फखरुद्दीन वहीद, डॉक्टर सुधा मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए डॉक्टर अफजल सिद्दीकी, मोईद अहमद, वसीम हैदर, डाक्टर शहनाज, शाहाना सिद्दीकी को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मसुदुद्दीन खान ने किया। कार्यक्रम के आयोजक हमाम वाहिद ने आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डॉक्टर रिचा शर्मा, संजय सिंह, राकेश पांडे, डॉक्टर शहजाद, हनीफ खान, नदीमुद्दीन, नावेद नकवी, अख्तर मालिक, शाहनवाज आलम, सलमान, उमर नय्यर, बदरे आलम, हनीफ खान, जिया सिद्दीकी अम्मार वाहिद, आजिब वहीद, डॉक्टर आमिर, डॉक्टर अशफाक, शाहनवाज आलम, अदनान आदि उपस्थित रहे।

# लखनऊ: विधान भवन गेट नंबर पांच के पास बुजुर्ग दम्पत्ति ने आत्मदाह का प्रयास किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ में विधान भवन के गेट नंबर पांच पर उस समय हड़कम्प मच गया, जब एक बुजुर्ग दम्पत्ति ने आत्मदाह करने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बचाकर हजरतगंज पुलिस के हवाले कर दिया। यूपी विधानसभा में बजट सत्र चल रहा था। इसके मद्देनजर विधान भवन में पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद है। इसी बीच कानपुर के बिल्हौर निवासी राकेश दुबे अपनी पत्नी निर्मला के साथ विधान भवन के गेट नंबर पांच पर पहुंचे। वे अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने ही वाले थे कि मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने दोनों को पकड़ लिया और हजरतगंज पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि बुजुर्ग दम्पत्ति से पूछताछ में पता चला कि पूरा मामला उनकी बेटी की गुमशुदगी से जुड़ा है। इस मामले में पहले मुकदमा दर्ज किया गया था और संशोधित के बाद धारा 140(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कानपुर पुलिस जांच कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गंगा, संगम, नदियां और कुम्भ सबका है : माता प्रसाद पांडेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने विधान सभा में सोमवार को सरकार को खूब घेरा। उन्होंने सरकार को कई सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने 2024 में अपने अभिभाषण में कहा था कि कुम्भ 2025 कीर्तिमान स्थापित करेगा। वर्तमान सत्र में राज्यपाल ने अभिभाषण में कुम्भ की घटना पर शोक व्यक्त किया। ऐसा क्यों हुआ।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि कुम्भ किसी एक का नहीं है। यह सबका है। एक वर्ग को कुम्भ क्षेत्र में जाने से रोका गया। यह ठीक नहीं है। गंगा, संगम, नदियां और कुम्भ सबका है। सत्ताधारी दल के संकल्प पत्र में इसे विश्व स्तरीय बनाने का वादा किया था। आपकी सरकार कुम्भ को विश्व स्तरीय क्यों नहीं बना पाई। माता प्रसाद पांडेय ने आपराधिक घटनाओं के आंकड़े रखते हुए सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को बदलाव के लिए कई सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि दरोगाओं और सिपाहियों की संख्या बढ़ी है। इसके बावजूद विवेचना नहीं हो पा रही है। भर्ती परीक्षा पेपर लीक को रोकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कठोर कार्रवाई करने की कोशिश की लेकिन फिर भी पेपर लीक नहीं रुक रहा है। उहोंने कहा कि सरकार कहती है कि इतना निवेश हुआ। प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। अगर ऐसा हुआ तो हमारे प्रदेश के युवा दूसरे राज्यों में नौकरी और रोजगार के लिए क्यों जा रहे हैं। पांडेय ने काला नमक चावल पर भी बात रखी। प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल के निर्देश पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्थान पर डॉ. भीमराव राम जी आम्बेडकर किया गया। राज्यपाल रामनाईक के कहने पर यह संशोधन हुआ था। वर्तमान सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण में डॉ. भीमराव अंबेडकर लिखा गया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पहले हम नियम से चलते हैं। बाद में परम्परा से चलते हैं। हम अम्बेडकर का पूरा सम्मान करते हैं। उनके नाम पर पंचतीर्थ स्थलों को विकसित किया गया। डॉ. अंबेडकर का सबसे अधिक सम्मान भाजपा सरकार में किया गया।

# यूपी बोर्ड के परीक्षा केन्द्रों का अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 प्रारम्भ हुईं। दो पालियों वाली यूपी बोर्ड परीक्षा के प्रथम पाली में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार ने लखनऊ में निशातगंज के राजकीय इंटर कॉलेज, अलीगंज के ब्राइट वे इंटर कालेज और आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार ने परीक्षा केन्द्रों पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों, स्वच्छता व्यवस्था एवं चिकित्सकीय व्यवस्था की जांच किया। इसके बाद अपर मुख्य सचिव ने परीक्षा केन्द्रों के कक्षों के भीतर परीक्षार्थियों एवं केन्द्र पर लगाये गये शिक्षकों की मौजूदा स्थिति की जांच की। इस दौरान कॉलेजों के प्राचार्यों सहित माध्यमिक शिक्षा के निदेशक डॉ. महेंद्र देव एवं संयुक्त निर्देशक प्रदीप कुमार उपस्थित रहें।

# गुडम्बा व जानकीपुरम में दो अवैध निर्माण हुए सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर लगातार अवैध निर्माण व अवैध रूप से होने वाली प्लाटिंग के खिलाफ कार्यवाही जारी है। सोमवार को भी प्रवर्तन जोन 5 की टीम ने जानकीपुरम योजना एवं जानकीपुरम विस्तार योजना में दो अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन 5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह के अनुसार मो. लाइक व अन्य द्वारा जानकीपुरम योजना, कुर्सी रोड स्थित पलका चौराहा पर 465 वर्ग मीटर में अवैध रूप से ग्राउंड फ्लोर व फर्स्ट फ्लोर तक निर्माण कराया जा रहा था।इसके अलावा थाना जानकीपुरम के अंतर्गत रितेश व अन्य द्वारा जानकीपुरम विस्तार के प्लाट संख्या 4/53 पर लगभग 2152 वर्गफीट में बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर व फर्स्ट फ्लोर तथा सेकंड फ्लोर तक निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से बिना नक्शा पास कराये बिना किये जा रहे दोनों निर्माण कार्यों को विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता शिवा सिंह व अवर अभियंता इम्तियाज अहमद व शिव कुंवर द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया गया।

# राजधानी में बाघ, तेंदुआ की चहलकदमी से लोग भयभीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी में बाघ और तेंदुआ की चहलकदमी से लोग भयभीत है। वन विभाग की टीमें बाघ, तेंदुआ को पकड़ने के लिए आपरेशन चला रही है। इस बार रहमानखेड़ा में ग्रामीण लोगों ने बाघ को देखा है। वन विभाग ने रहमानखेड़ा क्षेत्र में बाघ को पकड़ने के लिए जबरदस्त घेरेबंदी की है। वन विभाग के डीएफओ डॉ सीतांशु पाण्डेय ने कहा कि रहमानखेड़ा से उलरापुर के बीच बाघ देखे जाने की सूचना पर वन विभाग ने जांच की तो वहां मिले पदचिन्ह बाघ के ही निकले हैं। बाघ के पदचिन्ह मिलने के बाद से वन विभाग की टीम सतर्कता बढ़ाते हुए आपरेशन बाघ अरेस्ट में लग गयी है।

डॉ सीतांशु पाण्डेय ने कहा कि बाघ ने सूअर को उठाया है और दूसरे शिकार की तलाश में है। इसके लिए पदचिन्हों वाले रास्ते पर सोलर कैमरा व ट्रैप कैमरा लगाया गया है। बाघ के चहलकदमी वाले क्षेत्र में शिकार भी बांधा गया है, जिससे शिकार करते हुए बाघ को पकड़ा जा सके। साथ ही थर्मल ड्रोन कैमरे से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। ग्रामीण लोगों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिये गये हैं।

बता दें कि बीते चार माह से बाघ और तेंदुआ अलग-अलग जगहों पर देखे गये जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। यही नहीं बीते दिनों लखनऊ के पारा क्षेत्र में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में तेंदुआ के घुसने की घटना सामने आयी थी। तेंदुआ पकड़ने में वन विभाग के एक उपनिरीक्षक घायल हो गये थे। तेंदुआ को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा गया था। खुंखार तेंदुआ की फोटो सामने आने के बाद क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गया था।

# बार एसोसिएशन सीतापुर में आज आपात कालीन सभा की गई आहूत

❑ अमेंडमेण्ट बिल 2025 की प्रतियॉ जलाकर अपना विरोध किया प्रकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट 1961 मे संशोधन हेतु लाये गये अमेंडमेण्ट बिल 2025 के प्रस्तावित प्राविधानों के अधिवक्ता एवं अधिवक्ताओ की मातृ संस्था स्टेट बार काउसिंल्स के अधिकारो के हनन के विरोध में बार एसोसिएशन सीतापुर मे आज आपात कालीन सभा आहूत की गयी जिसकी अध्यक्षता विजय कुमार अवस्थी अध्यक्ष व संचालन दिनेश कुमार त्रिपाठी महासचिव ने किया आम सभा मे उपस्थित सम्मानित सदस्यों के विचार एवं सुझाव लेने के उपरान्त बार एसोसिएशन ने एडवोकेट एक्ट मे प्रस्तावित संशोधनों का पुरजोर तरीके से विरोध किये जाने का निर्णय लिया, इसके अतिरिक्त विधि मन्त्रालय की ओर से जारी किये गये ई-मेल नम्बरो पर सभी अधिवक्तागण की ओर से विरोध मे मैसेज कराये जाने के साथ-साथ दिनांक 21.02.2025 दिन शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर महामहीम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं कानून मंत्री को सम्बोधित मॉगपत्र जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है इसके अतिरिक्त बार काउसिंल ऑफ उ0प्र0 के आवाहन पर दिनांक 25.02.2025 को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने एवं ट्रेजरी व रजिस्ट्री कार्यालक का घेराव किये जाने का निर्णय एवं सीतापुर जिले की समस्त तहसील अधिवक्ता संघो के साथ मिलकर प्रस्तावित संशोधन को वापस लिये जाने तक संघर्ष करने का निर्णय लिया गया है आज सम्पन्न हुयी आपातकालीन आम सभा के उपरान्त अधिवक्ताओ ने लालबाग चौराहे पर एडवोकेट अमेंडमेण्ट बिल 2025 की प्रतियॉ जलाकर अपना विरोध प्रकट किया, इस अवसर पर बार एसोसिएशन सीतापुर के सैकड़ो की संख्या मे मौजूद रहे।

## सकुशल सम्पन्न हुआ बोर्ड परीक्षा का पहला पेपर

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हाईस्कूल हिन्दी के कुल 222 परीक्षार्थियों ने तथा द्वितीय पाली में इन्टरमीडिएट की हिंदी विषय के कुल 64 बालक / बालिकाओं ने सम्मिलित हो परीक्षा दी जहांगीराबाद स्थित एकमात्र परीक्षा केन्द्र आदर्श राम स्वरूप विद्यालय इंटर कालेज में आज से हाईस्कूल एवं इन्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गईं। आज पहले दिन सुबह की पाली में हाईस्कूल हिन्दी के कुल 222 परीक्षार्थियों ने तथा द्वितीय पाली में इन्टरमीडिएट की हिंदी विषय के कुल 64 बालक / बालिकाओं ने सम्मिलित हो परीक्षा दी। इस दौरान परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले विद्यालय के बाहर गेट पर शिक्षक/ शिक्षिकाओं द्वारा परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली गई। केन्द्र व्यवस्थापक एवं प्रधानाचार्य राम सिंह वर्मा ने बताया कि आज दोनों पालियों की परीक्षाएं सकुशल सम्पन्न हो गईं।

# बाथम वैश्य समाज द्वारा आयोजित की गई सभा

❑ कार्यक्रम में किया गया बाथम समाज के लोगों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद। बॉथम वैश्य सभा खैराबाद द्वारा होली मिलन समारोह के संदर्भ में एक भव्य बैठक चंद्रा मैरिज लॉन में संपन्न हुई जिसमें होली मिलन समारोह 19.मार्च 2025 दिन बुधवार चंद्रा गेस्ट हाउस में सांस्कृतिक कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ समाज के विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने संबोधन में आयोजन की सराहना की व शुभकामनाएं दी साथ ही स्वाजातीय बंधुओं को एकजुट रहने व समाज की उन्नति का संदेश दिया।नगर पालिका परिषद खैराबाद अभिषेक गुप्ता बबलू भैया द्वारा एक है तो सेफ निर्देशित किया गया कार्यक्रम में पूरे जिले से वैश्य समाज को एकत्रित करने पर भी चर्चा हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता बॉथम वैश्य सभा अध्यक्ष विमल कुमार गुप्ता ने की कार्यक्रम में सम्मिलित हुए समाज के सभी व्यक्तियों का अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं बाथम वैश्य सभा खैराबाद की ओर से आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक मंडल जगदीश कुमार गुप्ता( पूर्व बॉथम वैश्य सभा अध्यक्ष) बाबूराम बॉथम राजकुमार गुप्ता (राजू) निरंकार गुप्ता छन्नू लाल गुप्ता राजकुमार गुप्ता अशोक गुप्ता रामप्रताप गुप्ता कृष्ण कुमार गुप्ता सरलेश गुप्ता दिलीप गुप्ता गुप्ताअजीत गुप्ता शैलेंद्र गुप्ता विजय गुप्ता बबलू संदीप गुप्ता राम जी गुप्ता अंकित गुप्ता रोमिल गुप्ता अंकुर गुप्ता शुभम गुप्ताअर्पित गुप्ता प्रतीक गुप्ता हरिओम गुप्ता राजेश गुप्ता बबलू गुप्ता व समस्त बॉथम वैश्य समाज के लोग उपस्थित हुए ।

# रास्ते पर चलना जोखिम भरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां सीतापुर। सकरन विकास खण्ड के इस्माइल पुर गांव का सम्पर्क मार्ग अत्यंत जर्जर तथा गड्ढा युक्त होने से इस मार्ग से होकर निकलने वाले लगभग आधा दर्जन गांवों के सैकड़ों लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम पंचायत से लेकर आला अधिकारियों तक इस जर्जर मार्ग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसका दंश दैनिक रूप से राहगीरों को झेलना पड़ रहा है। सकरन विकास खण्ड की बसहिया कोठार ग्राम पंचायत अन्तर्गत इस्माइल पुर को जाने वाला प्रमुख कच्चा मार्ग अत्यधिक जर्जर हो गया है। यह मार्ग इस्माइल पुर सहित आसपास के लगभग आधा दर्जन गांवों को जोड़ता है जिससे इस मार्ग पर दिन रात सैकड़ों लोगों का आवागमन बना रहता है। रास्ते पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गये हैं जिनमें रात्रि में अक्सर दुपहिया वाहन चालक राहगीर इन गड्ढों में फंसकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि इस मार्ग पर पहले ईंटों का खड़ञ्जा लगा हुआ था जो काफी दिनों बाद ऊबड़-खाबड़ हो गया था। वर्तमान प्रधान ने लगभग 100 मीटर खड़ञ्जा उखड़वा दिया था तथा आश्वासन दिया था कि जल्द ही सड़क की मरम्मत करा दी जायेगी लेकिन आजतक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया।अगर पानी बरस जाता है तो निकलना मुश्किल हो जाता है। यह मार्ग कोठार गांव से पूरब कोठार पुरवा के किनारे से होते हुए गुड़ भट्ठियों से आगे निघतिया मोड़ तक गया हुआ है।इस रास्ते के जर्जर होने से क्षेत्र की हजारों की आबादी प्रभावित है।ग्राम प्रधान मालती देवी ने बताया कि इस मार्ग का इस्टीमेट व बजट पास हो गया है। इस पर इन्टरलाकिंग होनी है।पास के गांव में कार्य चल रहा है। एक दो दिनों में इस मार्ग पर भी इन्टरलाकिंग का कार्य शुरू हो जायेगा।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त किसानों के खाते में भेजी गयी

❑ जनपद के कुल 702815 किसानों को भेजे गए 140 करोड़ 56 लाख से अधिक रुपये।

❑ किसान सम्मान समारोह आयोजित कर किसानों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । कृषि भवन खैराबाद के परिसर में दिनांक 24.02.2025 को किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के सभी विकास खण्डों के किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा विभिन्न विभागों तथा जनपद के एफ0पी0ओ0 द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से विभागीय योजनाओं तथा कृषि तकनीकी के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 24.02.2025 को भागलपुर (बिहार) द्वारा पी0एम0 किसान सम्मान निधि जारी किए जाने हेतु आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण कराया गया।उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जनपद के कुल 702815 किसानों को 140.56 करोड़ रु0 से अधिक की धनराशि प्राप्त हुई है। योजना कि यह किश्त उन किसानों को भी मिलेगी जिन्होंने फार्मर रजिस्ट्री नहीं करायी है किन्तु योजना कि 20 वीं किश्त उन्हीं किसानों को भेजी जाएगी, जिनके द्वारा फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण करा लिया जाएगा। सभी किसान भाइयों से अपील है कि अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर आधार कार्ड,खतौनी और मोबाईल नंबर के साथ जाकर फार्मर रजिस्ट्री जरूर करा लें जिससे योजना का लाभ प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न न हो। कार्यक्रम में उपस्थित मा0 नगर विकास राज्यमंत्री जी के प्रतिनिधि ऋषभ राठौर तथा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों तथा कृषि क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले किसानों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# रामकुमार वर्मा जी का जीवन समाज व राष्ट्र को समर्पित था: मृदु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां सीतापुर। पूर्व सह क्षेत्र संघचालक स्व. रामकुमार वर्मा जी का जीवन समाजव राष्ट्र के लिए समर्पित था।वे अनुशासन प्रिय व्यक्ति, कर्मठ कार्यकर्ता व आदर्श स्वयंसेवक थे।यह विचार संघ के पूर्व विभाग बौद्धिक व संपर्क प्रमुख संस्कार भारती की अखिल भारतीय साधारण सभा के विशेष आमंत्रित सदस्य साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने व्यक्त किये। वे यहां सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्मा जी अनुशासन का कोरा उपदेश नहीं देते थे उन्होंने अनुशासन व कर्मठता को स्वयं अपने जीवन में उतारा था। उनकी निरहंकारिता,स्पष्टवादिता व कर्मठता हम सबको सदैव प्रेरित करती रहेगी। हम सब कार्यकर्ता उनके तपस्वी जीवन से प्रेरणा लेकर संघ कार्य के संवर्धन में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर उनके आदर्श को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी क्रम में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार संदीप मिश्रा सरस, लल्लन जी व सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य राकेश मिश्र ने भी संबोधित करते हुए अपनी भावांजलि अर्पित की। सभी उपस्थित स्वयंसेवकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की व दो मिनट का मौन रहकर उनकी आत्मा की सद्गति के लिए परमात्मा से प्रार्थना की। इस अवसर पर जिला प्रचारक सुरेंद्र कुमार, नगर संघचालक राजेश सिंह अधिवक्ता, सुधाकरजी, वृंदारक नाथ मिश्र, राजेन्द्र तिवारी , रुपेश अवस्थी धर्मेंद्र रस्तोगी, विशाल गुप्ता व चन्दन रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व अन्य संविचारी संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 2500 डाटा केबिल की बिक्री पर थाईलैंड की नि:शुल्क सैर करायेगी मैक पावर मोबाईल कम्पनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलियाकला-खीरी। मोबाइल के सहायक उपकरण निर्माण के क्षेत्र में देश की ख्याति प्राप्त कंपनी मैक पावर मोबाईप एन्ड असेसरीज के अधिकृत डीलर न्यू बालाजी इंटरप्राइजेज शोरूम का शुभारंभ पलिया नगर के तहसील गेट के सामने डा. सक्सेना गली में मै. न्यू बालाजी ग्रुप की फाउंडर श्रीमती दया गुप्ता, संजय गुप्ता, आयुष गुप्ता एवं कंपनी के विपणन अधिकारी पंकज कुमार व आशुतोष झा द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित दुकानदारों एवं स्थानीय गांड मारने नागरिकों को संबोधित करते हुये कंपनी के विपणन अधिकारियों ने बताया कि कंपनी द्वारा घोषित स्कीम के अनुसार तीन माह के भीतर दो हजार पांच सौ डाटा केबल बेचने वाले दुकानदारों को थाईलैंड की निःशुल्क यात्रा करवाई जायेगी, जिसमें थाईलैंड आने जाने रूकने एवं भोजन आदि की समस्त व्यवस्था कंपनी की ओर से करवाई जायेगी। प्रतिष्ठान के स्वामी गुप्ता हर्षित गुप्ता ने शुभारंभ के अवसर पर पधारे सभी गणमान्य जनों को कंपनी के उत्पादों की गुणवत्ता एवं मूल्य से परिचित कराते हुये सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर व्यवसायिक प्रतिष्ठान के तकनीकी विशेषज्ञ सुशील राठौर, गोदाम प्रभारी सुमित वर्मा,ग्राहक सेवा कर्मचारी अंकित रावत, शिवा रावत, दीपेश गिरी आदि कर्मचारियों सहित नगर के गांड मारने मोबाइल व्यवसाय आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, मरीजों को दी निशुल्क दवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर-खीरी। निर्बल आय वर्ग के मरीजों के प्रति समाजसेवा की प्रतिबद्धता के क्रम में मेडीअप वेलफ़ेयर फाउंडेशन द्वारा रविवार को रामनगर बाघा, जिला लखीमपुर खीरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. अहमद* की विशेष उपस्थिति रही, जिनके मार्गदर्शन में डॉ. के.डी. अहमद ने सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयाँ प्रदान की गईं। शिविर के दौरान सर्दी-जुकाम, बुखार, ब्लड प्रेशर, मधुमेह, त्वचा रोग एवं अन्य बीमारियों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया गया। साथ ही, जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क वितरित की गईं। मेडीअप वेलफ़ेयर फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना है। फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. एम.डी. अहमद ने कहा,हमारी संस्था हमेशा समाज की सेवा के लिए तत्पर है। भविष्य में भी हम इसी तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

## दबंग के हौसले बुलंद मंदिर तोड़ खड़ी कर दी दीवार

**नैमिषारण्य सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** दबंग के हौसले बुलंद देखने को उसे समय मिले जब परिवरीजन प्रयागराज गए थे उसी समय पास के दबंग लोगों ने नर्वदेश्वर महादेव का प्राचीनी मंदिर बताया जा रहा है जिसे दबंग किस्म के लोगों ने तोड़कर दीवाल खड़ी कर दी उसे समय जब मंदिर के संरक्षक का पूरा परिवार प्रयागराज गया था वहां से वापस आए तो देखा मंदिर तोड़कर बनाई गई दीवार प्रशासन को दी तहरीर में आरोपी संजय कुमार सुरेश बृजपाल वादा तो एन या रिश्तेदारों के ऊपर आरोप लगाते हुए 21 2.2.2025 की घटना के विषय की जानकारी नैमिषारण्य थाना प्रभारी को अवगत कराया ।

## गोला रेलवे ट्रैक पर मिली बुर्जुग की लाश, क्षेत्र मची सनसनी

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक व्यक्ति मनोहर लाल (52) पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम भल्लिया बुजुर्ग ने सुबह करीब पौने छः बजे मैलानी से डालीगंज जा रही पैसेंजर ट्रेन 55087 से भल्लिया रेलवे गेट से करीब सौ मीटर आगे रेलवे ट्रैक पर लेटकर आत्महत्या कर ली।ट्रेन ड्राइवर ने ट्रेन रोककर घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी।मौके पर पहुंचे आरपीएफ के चौकी प्रभारी शिवम कुमार यादव, व जीआरपी के चौकीप्रभारी विनोद सिंह, हेडकांस्टेबल अनुभव पांडे,प्रदीप कुमार ने शव को रेलवे ट्रैक से हटवाकर ट्रैक खाली करा शव हैदराबाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। ढकवा चौकीप्रभारी शतीश चंद्र यादव ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मनोहर लाल काफी समय से तनाव में थे, रेलवे गेट के पास बना मकान ग्राम समाज की भूमि पर था जिसे चकबंदी विभाग द्वारा नाप-जोख की गई थी।ग्रमीणों ने बताया शायद बेघर होने के डर से तनाव में थे,क्योंकि पास ही बनी दूसरी झोपड़ी को तहसील प्रशासन ने हटावा दी थी।

## फिरोजाबाद में 248000 किसानों को मिली सम्मान निधि, खिले चहरे

**फिरोजाबाद।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा बिहार के भागलपुर से किसानों को जारी की गयी। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, फिरोजाबाद में किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री के भाषण को सुना। इस अवसर पर उप कृषि निदेषक सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले के 248089 किसानों की सूची 19 वीं किस्त के लिये भेजी गयी है इससे पहले 231936 किसानों को 18 वीं किस्त प्राप्त हुयी थी। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चैहान ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी डा. ओमकार सिंह यादव, डा. सुभाष चन्द्र शर्मा ने विभिन्न कृषि तकनीकों एवं जायद की खेती विषेष रूप से उर्द, मूँग एवं मक्का के बारे में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर कृषि प्रदर्शनी एसं ड्रोन प्रदर्शन का आयोजन भी किया गया। सभी विकास खण्डों में भी किसान सम्मान समाहरोह का आयोजन विकासखण्ड सभागार में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। इसी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवायल में भी कराया गया। जिसमें बढी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री के सजीव संबोधन को सुना। कृषक राम सनेही निसावी गढी बस्ती विकास खण्ड टूण्डला, रामेश्वर दयाल ग्राम दौकैली विकास खण्ड फिरोजाबाद ने प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना से मिलने वाली धनराशि को कृषि कार्यों में उपयोग की बात कही।

## अयोध्या सभी धर्मों के लिए महत्वपूर्ण स्थल: प्रो. अमर सिंह

**अयोध्या।** अयोध्या महात्म्य तेरहवीं शताब्दी ई0 से इक्कीसवीं शताब्दी ई0 तक शीर्षक पर डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित श्री ऋषभदेव जैन शोध पीठ में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो0 अमर सिंह ने सर्वप्रथम अयोध्या का ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को बताते हुए अयोध्या महात्म्य में जैन धर्म के विभिन्न पहलुओं को किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या सभी धर्मों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है न केवल सनातन धर्म के लिए बल्कि जैन धर्म के अनुयायियों के लिए भी यह अत्यन्त पवित्र स्थल है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में ही जैन धर्म के पांच तीर्थंकरों का जन्म हुआ था। तीर्थंकर ऋषभदेव, अजीतनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ, अनन्तनाथ तथा धर्मनाथ ने अयोध्या में जन्म लेकर इस नगरी को जैन धर्मावलम्बियों के लिए पूज्यनीय बनाया। उन्होंने बताया कि तीर्थंकर भगवान श्री ऋषभदेव ने अयोध्या की धरती से ही सम्पूर्ण विश्व को विकसित करने का मूलमन्त्र दिया। संगोष्ठी में इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि भगवान राम के नाम के बिना अयोध्या के महत्व की चर्चा प्रारम्भ ही नहीं हो सकती। अयोध्या में जन्मे भगवान श्रीराम ने सम्पूर्ण विश्व को मर्यादा और आचरण का पाठ पढ़ाया जिसे आज हम सभी को आत्मसात करना है। उन्होंने भगवान श्रीराम के द्वारा जीवन के सभी पहलुओं पर स्थापित किए गए सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताया। प्रौढ़ शिक्षा विभाग के प्रो0 अनूप कुमार ने अयोध्या के महात्म्य के अंतर्गत अयोध्या की त्याग, तपस्या, वैराग्य तथा पुरातन संस्कृति के बारे में बताया। उन्होंने रामायण से जुड़े सभी पात्रों के त्याग और समर्पण की चर्चा की। संगोष्ठी में श्री रामकथा संग्रहालय के पूर्व निदेशक प्रो0 एस0 एन0 उपाध्याय ने कहा कि अयोध्या और भगवान श्रीराम एक दूसरे के पर्याय हैं। बिना श्रीराम के अयोध्या की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। उन्होंने श्री राम के आदर्शों को पर चलने के लिए सभी का आह्ववाहन किया। साकेत महाविद्यालय की प्रो0 कविता सिंह ने अयोध्या में जैन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अयोध्या नगरी सभी धर्मों के लिए पवित्र है। इसी क्रम में रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालयए अम्बेडकरनगर के सहायक आचार्य डॉ0 रविन्द्र कुमार वर्मा एवं डॉ0 अनूप पांडेय द्वारा भी अयोध्या महात्म्य से जुड़े अपने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये गए।

# महाशिवरात्रि की तैयारियां पूरी, आज निकलेगी भव्य शिव बारात



❑ 25 को निकलेगी शिव की बारात, 26 को व्रत-पूजा,महा शिवरात्रि की तैयारियां पूरी, मंदिरों में विशेष सजावट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जिले में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के सभी शिव मंदिरों को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। श्रद्धालु इस पवित्र उत्सव को पूरी भक्ति के साथ मनाने को तैयार हैं। भिफुर्वनाथ मंदिर से 25 फरवरी को भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। युवाओं में शिव बारात में शामिल होने का विशेष उत्साह है। शोभा यात्रा में शिव-पार्वती के जीवन से जुड़ी झांकियां प्रमुख आकर्षण होंगी। धार्मिक और सामाजिक संगठन इस आयोजन को भव्य बनाने में जुटे हैं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन शिव-पार्वती का विवाह हुआ था। साथ ही शिवलिंग की उत्पत्ति भी हुई थी। श्रद्धालु व्रत, पूजा और रात्रि जागरण करेंगे। शहर के प्रमुख शिव मंदिरों, चौराहों और बाजारों की विशेष सजावट की जा रही है। मंदिर में सजावट मंदिरों में आकर्षक लाइटिंग और फूलों की सजावट की गई है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। शिव कमेटी और धार्मिक संगठनों के आयोजन में श्रद्धालु भक्तिभाव से भाग लेंगे सभी भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

# टीएसएच ब्लास्टर टीम के कप्तान की घोषणा, सतनाम सिंह को मिली जिम्मेदारी

एजेंसी




कानपुर। आगामी कानपुर प्रीमियर लीग (केपीएल) में टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार है। इस टूर्नामेंट का आयोजन 2 मार्च से 11 मार्च तक ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया जाएगा। टीम के संरक्षक प्रणीत अग्रवाल ने टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम के कप्तान के रूप में सतनाम सिंह के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम के कप्तान बनाए गए सतनाम सिंह एक अनुभवी क्रिकेटर हैं, जिन्होंने अंडर-19 और अंडर-23 श्रेणियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वह एक ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं, जो बाएं हाथ से बल्लेबाजी और दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं। टीम के कप्तान की घोषणा करते हुए, टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम के संरक्षक प्रणीत अग्रवाल ने न केवल सतनाम सिंह को बधाई दी बल्कि पूरी टीम को आगामी टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर उन्होंने यह भी घोषणा की कि यदि टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम केपीएल ट्रॉफी जीतती है, तो पूरी टीम को 'द स्पोर्ट्स हब' (टीएसएच) में एक वर्ष की निःशुल्क सदस्यता प्रदान की जाएगी। टीम के प्रशिक्षण और तैयारियों की रूपरेखा टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम ने अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए मुख्य प्रशिक्षक शशिकांत खांडेकर और प्रशिक्षक आमिर खान की देखरेख में अभ्यास सत्र शुरू कर दिया है। टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए ग्राउंड अभ्यास, फिजिकल ट्रेनिंग, स्विमिंग, योग और जिम जैसी गतिविधियों में संलग्न किया जा रहा है। मुख्य प्रशिक्षक शशिकांत खांडेकर ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम को टीएसएच अकादमी के खिलाड़ियों के साथ प्रैक्टिस मैच खेलने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी मैच फिटनेस में सुधार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक क्रिकेट में फिटनेस और मानसिक मजबूती बेहद आवश्यक है, इसलिए खिलाड़ियों के प्रशिक्षण में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।केपीएल 2025 प्रतियोगिता और टीएसएच ब्लास्टर की रणनीति कानपुर प्रीमियर लीग (केपीएल) क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक शानदार मंच है, जिसमें शहर के प्रमुख क्रिकेट क्लब और अकादमियों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम की रणनीति न केवल अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर करेगी बल्कि युवा खिलाड़ियों को भी अवसर देकर उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करेगी। टीम प्रबंधन के अनुसार, इस साल केपीएल में प्रतियोगिता बेहद कड़ी रहने की उम्मीद है, क्योंकि विभिन्न टीमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतर रही हैं। टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम के समर्थकों में उत्साह टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम की कप्तानी की घोषणा के बाद समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। क्रिकेट प्रेमी सतनाम सिंह की कप्तानी को लेकर आशान्वित हैं और उन्हें विश्वास है कि उनकी टीम इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करेगी।

# त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

❐ सोशल मीडिया पर कंमेंट करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर : सीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने पडरौना कोतवाली अन्तर्गत मिश्रौली चौकी परिसर पर पीस कमेटी की बैठक की। इस दौरान उन्होंने मातहतों को सकुशल त्योहार सम्पन्न कराने के लिए निर्देश दिया। बतादे कि सीओ ने आगामी त्योहारों में शामिल महाशिवरात्रि, होली व रमजान को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। इसमें उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील किया कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें। उन्होंने कहा कि सामप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों व किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। सीओ ने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत व अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें। जनपदीय पुलिस द्वारा इस पर कड़ी निगरानी की जा रही है। इस दौरान कोतवाल रवि कुमार राय, चौकी इंचार्ज शनि कुमार जावला, प्रधान राजेंद्र सिंह, करमवीर सिंह, भोला, जीतेंद्र, निरंजन, अनवर, शैलेंद्र सिंह, मुकेश उपाध्याय, रमेश पाल, आनंद, सिकंदर, मोहन, असगर आदि उपस्थित रहे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

❐ साकेत कुशवाहा प्रथम दूसरे स्थान पर रहे अतुल ब्याहुत और तीसरी स्थान पर पूजा मौर्य रही सामान ज्ञान प्रतियोगिता में अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पडरौना,कुशीनगर । सामाजिक संस्था मानव सेवा संस्थान के तरफ से क्षेत्र के ग्राम सौहरौना खिरकिया में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 22 विद्यालयों के 275 छात्राओं ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण के साथ उनकी परीक्षा फल की घोषणा भी की गई। प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाजसेविका सावित्रीबाई फुले और प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका और समाजसेविका संत ज्योतिबा बाई फुले परिवार की संघर्षो के साथी रही माता फातिमा शेख नाम से जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कार्यक्रम में उद्गम पब्लिक स्कूल के छात्र साकेत कुशवाहा पुत्र उपेंद्र कुशवाहा ने प्रथम स्थान लाकर अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया,जबकि संस्था के तरफ से इस समान ज्ञान प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल रहे अतिथियों के हाथों छात्र साकेत कुशवाहा को पुरस्कार शामिल चमचमाती साइकिल भेंट कर छात्र का मनोबल बढ़ाते छात्र छात्राओ को फूल माला पहनकर उन्हें भविष्य के लिए कामना की गई। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन स्वामी विवेकानंद संस्थान गंगुआ के छात्र अतुल ब्याहुत पुत्र राजन कुमार को भी टेबल फैन देने के साथ फूलों की माला पहनाकर इन्हें स्वागत किया,तीसरे दिन प्रतियोगिता में परीक्षा में तीसरा स्थान आने वाले श्री दुर्गा जी बाल विद्या मंदिर खिरकिया की छात्रा पूजा मौर्य पुत्री वीरेंद्र सिंह ने सानदार प्रदर्शन करने पर इन्हें पुरस्कार के साथ माला बनाकर सम्मान किया गया,इसके अलावा टॉप टुवैनटी यानी 20 और मेधावी छात्रों को गिफ्ट और उपहार देकर फूल माला पहनाकर छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विक्रमा यादव ने समान ज्ञान प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों को शिक्षा देने की जरूरत है,उन्हें शिक्षा क्षेत्र में किसी प्रकार के रुकावट में व्यवधान डालना ठीक नहीं है। सपा नेता और खड्डा विधानसभा के प्रभारी प्रत्याशी रहे विजय प्रताप कुशवाहा,चंद्रप्रकाश यादव शिक्षक और समाजसेवी कमल प्रसाद कुशवाहा और समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शुक्रउल्लाह अंसारी आदि लोगों ने अपनी विचार रखें। सामान्य ज्ञान प्रयोग की अध्यक्षता मानव सेवा संस्थान सौहरौना खिरकिया के अध्यक्ष रामप्रताप कुशवाहा ने की जबकि संचालन सपा नेता और इदरसी से समाज के प्रदेश अध्यक्ष कैसर जमाल टीटू ने किया। इस मौके पर सरफराज अहमद अंसारी,डा ग्यास अंसारी, निसार अहमद अंसारी,तबरेज अंसारी,अधिवक्ता राकेश कुमार, मुस्तफा राजा,अमरजीत पटेल, मोहम्मद अली राजा अंसारी, अब्दुल हकीम अंसारी, अजीमुद्दीन अंसारी, अधिवक्ता व्यवस्थापक शाकिर अली निजामी,असगर अली अंसारी, मुख्तार अंसारी,अमजद अंसारी, साहब हुसैन अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# धरती पर धर्म की स्थापना व अधर्म का नाश करने के लिए हुआ प्रभु राम का अवतार

❐ 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के सातवां दिन

❐ फूलों की वर्षा के बीच थिरके श्रद्धालु, उड़ाया गुलाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। भगवान श्रीराम का अवतार धरती पर धर्म की स्थापना, अधर्म का नाश व मानवता को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हुआ था। श्रीराम के साथ उनके तीन भाई भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न भी धरती पर अवतरित हुए, जो भगवान विष्णु के शंख, शेष नाग व चक्र का ही रूप थे।यह बातें अयोध्याधाम से पधारे कथावाचक गायत्री नंदन महाराज ने कही। वह तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के शिवाला टोला मे 120 वर्ष पूर्व स्थापित शिवमंदिर परिसर में वर्ष 1965 से लगने वाले महाशिवारात्रि मेला के निमित्त आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के आठवें दिन व कथा प्रवचन के छठवें दिन रविवार की सायं रामजन्म की कथा सुनाई। कथावाचक ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने हमेशा अपने माता-पिता व गुरु का सम्मान किया। इन्हीं गुणों से वह एक आदर्श पुत्र व शिष्य कहलाए। मनुष्य को प्रभु श्रीराम के जीवन से सीख लेनी चाहिए कि चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, हमें हमेशा सत्य व धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। कथा में राम का जन्म होते कथा पांडाल मे स्थापित पालना में राम की झांकी को श्रद्धालुओं ने झूला झूलाया। फूलों की वर्षा के बीच सोहर व होली गीत पर श्रद्धालु देररात थिरकते रहे। अंत में आरती के साथ कथा का विश्राम हुआ। इसके पूर्व कथा मंच का शुभारभं पं. पंकज कृष्ण शास्त्री, आचार्य विनय पांडेय, व्यवसाई रजनीश राय, पूर्व प्रधान रामबिहारी राय, पूर्व प्रमुख संजय गुप्ता, व्यवसाई राजू जायसवाल, ग्रापए के तहसील अध्यक्ष राजकुमार चौबे आदि ने व्यास पीठ का पूजन, कथावाचक का माल्यार्पण व रामचरित मानस ग्रंथ की आरती उतार कर की। यज्ञाचार्य पं. राकेश पांडेय ने पूजन संपन्न कराया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, एसआई राहुल कुमार, एचसीपी अरविंद सिंह, तारकेश चौबे, उमाशंकर सिंह, योगेश कुमार, योगेंद्र, वेदप्रकाश यादव आदि ने यज्ञ सुरक्षा समिति के 17 सदस्यों को भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया। संचालन पं.दीपक मिश्र ने किया। आयोजक हरिदास, अध्यक्ष राजू यादव, सत्यनारायण यादव, दिनेश्वर यादव, सतीश, राणाप्रताप सिंह, डा. विजय श्रीवास्तव, लोकनाथ सिंह, डा. आनंद यादव, टोनी सिंह, जोगिन्दर यादव, भोलू यादव, प्रदीप यादव, मुकेश यादव, मुन्ना गोड़, गोपाल यादव, आदि मौजूद रहे।

# 11 कन्याओं का सामाजिक विवाह सात मार्च को

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर । सौभाग्यशाली कन्याओं से सादी समारोह को लेकर संस्था के प्रबंधक और समाजसेवी पप्पू पांडेय और वरिष्ठ समाज से भी दीप नारायण अग्रवाल की तरफ से आगामी 7 मार्च को वैवाहिक जीवन में बर बधु को शादी के जोड़े में पीरोने के लिए पांचवें वर्ष भी तैयारी कर ली है। इस वैवाहिक जीवन कार्यक्रम में दहेज मुक्ति शादी नशा मुक्त समाज के लिए पांचवें वर्ष यह कार्यक्रम की जानी है। यह आयोजन पडरौना शहर से सटे बुढ़िया माई मैरिज लॉन जटहा रोड अंबे चौक के उत्तर में होगा । संस्था के दीप नारायण अग्रवाल और प्रबंधक समाजसेवी पप्पू पांडेय ने संयुक्त रूप से पत्रकारता वार्ता में पत्रकारों से बताया कि 11 सौभाग्यशाली बहन बेटियों की शादी करने का निर्णय विगत 3 वर्षो से चला आ रहा है,इसके पुर्व 20 कन्याओं का शादी भी संपन्न कराया जा चुका है,इस वर्ष भी 11 सौभाग्यशाली कन्याओं का शादी की जाएगी,इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है,इसके लिए बिना किसी सरकारी सहयोग के अपने जन सहयोग से यह पुनीत कार्य किया जा रहा है। इस वैवाहिक जीवन के कार्यक्रम में नशा मुक्ति के लिए भी संस्था की ओर से जागरूकता की जाएगी। बर बधुओ को सम्मान के साथ गृहस्थी सामग्री भी मुहैया कराई जाती है,वैवाहिक जीवन से पहले बहनों को निःशुल्क रजिस्ट्रेशन भी की जाती है,इसके लिए हर बहन बेटी की उम्र 18 से काम नहीं होनी चाहिए,और नाबालिक भी नहीं होनी चाहिए,साथ ही साथ दूल्हा भी बालिक हो,तथा योग्य हो,वैवाहिक जीवन के लिए बर बधु के परिवार के परिजनों की रजामंदी भी अनिवार्य रहता है। इसके लिए दूल्हा दुल्हन के घर-घर जाकर नेवता के स्वरूप में उपहार के रूप में आमंत्रण पत्र भी दिया जाता है। इतना ही नहीं वैवाहिक जीवन के लिए विद्वान पुरोहितों द्वारा मंडप में विधिवत्त वैदिक मंत्रोचार के बीच शादी संपन्न करने का कार्य की जाती है। बाराती घरातियो के लिए बेहतर जलपान के साथ-साथ भोजन की बेहतर व्यवस्था भी म की जाती है । इसमें आयोजन मंडल से जुड़े कार्यकर्ताओं का भी सहयोग रहता है,इसके लिए वैवाहिक कार्यक्रम के दिन मनोरंजन के लिए गायक कलाकारों को भी मौजूद होती है, जो वहां बेहतर गायन का काम करते हैं।

# माओवादी कनेक्शन खंगालने कुशीनगर पहुंची एनआईए

❐ माओवादी गतिविधियों को सक्रिय करने के मामले में 2023 से चल रही जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । राष्ट्रीय जांच एजेन्सी एनआईए ने बीएचयू के पूर्व छात्रनेता व जनपद के फाजिलनगर निवासी विनय शर्मा से पटहेरवा थाना में चार घंटे तक पूछताछ की। बताया जाता है कि माओवादी संगठन को सहयोग करने व सरकार विरोधी गतिविधियों मे लिप्त किसी मामले की एनआईए पूछताछ करने आयी थी। हालाकि राष्ट्रीय जांच एजेन्सी मीडिया से कोई बातचीत नही की और न ही स्थानीय पुलिस इस पर कुछ बोल रही है। जिले मे एनआईए टीम के आने और पूछताछ को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। बतादे कि माओवादी संगठन को सक्रिय करने व सरकार विरोधी कार्य करने के आरोप कुशीनगर पहुंची राष्ट्रीय जांच एजेन्सी (एनआईए) ने फाजिलनगर निवासी विनय शर्मा से चार घंटे तक पूछताछ की। बताया जाता है कि पूछताछ के दौरान एनआईए के इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ने सरकार के विरोध लिखने-बोलने के उद्देश्य, वाराणसी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम और विनय के कॅरिअर और उनके ध्येय आदि को लेकर सवाल किए। कहना ना होगा कि एनआईए ने 19 फरवरी को नोटिस भेजकर विनय शर्मा को 23 फरवरी को पटहेरवा थाने में उपस्थित होने के लिए कहा था हालांकि, विनय का कहना है कि उसे नोटिस 20 को मिला है। फाजिलनगर कस्बे के वार्ड नंबर-6 निवासी जयश्री शर्मा का बड़ा बेटा विनय शर्मा भगत सिंह छात्र मोर्चा की बीएचयू इकाई का पूर्व उपाध्यक्ष है। रविवार की सुबह करीब 11 बजे विनय स्टूडेंट मोर्चा के दो अन्य सदस्यों और कसया व तमकुही के दो स्थानीय वकीलों के साथ पटहेरवा थाने पहुंचा। इससे पहले करीब साढ़े 10 बजे लखनऊ से एनआईए के इंस्पेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह थाने पहुंच चुके थे। माओवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की कोशिशों को लेकर 2023 से चल रही जांच के क्रम में उन्होंने विनय से एक बंद कमरे में पूछताछ की। दोपहर बाद करीब तीन बजे तक चली पूछताछ में विनय से भगत सिंह छात्र मोर्चा की गतिविधियों, कार्यक्रमों की जानकारी और प्रतिभागियों के बारे में भी सवाल किए। इंस्पेक्टर ने आगे भी पूछताछ के लिए विनय को तलब किए जाने की बात कही। विनय बीएचयू से एमए करने के बाद पीएचडी की तैयारी कर रहा है।

# बेबी डॉल पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। फाजिलनगर क्षेत्र बेबी डॉल पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान आहलादपुर पप्पू राय ने ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड के प्रशिक्षण से बच्चों में अनुशासन, सेवा-भाव और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। विद्यालय के प्रबंधक हरेंद्र गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड अनुशासन की जननी है। जो बच्चों को आत्मनिर्भर और समाज के प्रति जागरूक बनाती है। इस कार्यक्रम में जितेंद्र राय, उदयभान सिंह, कुलदीप गौतम, धनंजय कुशवाहा, तसलीमा, सौम्या, सामियारा, अंजलि, अनुपमा, सीमा, गोविंद और तरन्नुम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रद्धाश्री एस ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बच्चों को भविष्य में भी इसी प्रकार अनुशासन और सेवा की भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## रेलवे और एयरपोर्ट कनेक्टिविटी से ही टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावाः संतोष कपूर

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थली कुशीनगर में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए रेलवे और एयरपोर्ट कनेक्टिविटी जरूरी है। ट्रेवल सुविधा बढ़ने से देश और विदेश के पर्यटक और बौद्ध श्रद्धालु सीधे कुशीनगर पहुंच सकेंगे और खर्च भी कम आयेगा।उक्त बातें ट्रेवल्स मामलों के जानकार और बनारस और बोधगया में सुपर ट्रेवल्स एण्ड टूर्स के प्रबंधक संतोष कपूर ने नगर के एक निजी होटल में कही। श्री कपूर ने कहा कि कुशीनगर में मोदी सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट निर्माण कराकर सराहनीय कार्य किया है। इस एयरपोर्ट से थाईलैंड, म्यांमार, श्रीलंका, ताइवान आदि बौद्ध देशों से सीधी उड़ान से कुशीनगर आने के इच्छुक यात्रियों को सुविधा होगी। रेलवे कनेक्टिविटी होने से कुशीनगर का बनारस, प्रयागराज, अयोध्या की तरह विकास होगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन आवास गृह को सही से संचालित किया जाय और कमरों की संख्या बढ़ा दी जाय तो पर्यटकों की संख्या में भारी इजाफा होगा और रोजगार भी बढ़ेंगे। कुशीनगर में होटलों की कमी है। क्वालिटी जैसी कोई चीज नहीं है। इंटरनेट की सुविधा ठीक नहीं है। सरकार होटल निर्माण के लिए 30 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है और होम स्टे को स्वीकृति दी है। बेसिक सुविधा मिलने से बाहर से आने वाले लोगों को रुम मिल सकता है और यहां वह कई दिनों तक रुक सकते हैं। हर कोई प्रकृति से जुड़ना चाहता है। बाहर से आने वाले लोगों को बेहतर ट्रेवल सुविधा मिलनी चाहिए।

## पढ़ने की उम्र में कर रहे चोरी, तीन ट्रैक्टर के साथ पांच युवक गिरफ्तार

**बलिया।** बलिया पुलिस ने चोरी के तीन ट्रैक्टर व दो मोटरसाइकिलों के साथ पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पकड़ में आए सभी शातिर चोर काफी कम उम्र के हैं। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइन के सभागार में प्रेस कांफ्रेस कर बताया कि क्षेत्राधिकारी नगर श्यमाकान्त के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस व कोतवाली पुलिस टीम को यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि 19 जनवरी को मुकेश कुमार यादव निवासी चन्द्रशेखर नगर थाना कोतवाली की तहरीर पर ट्रैक्टर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। ट्रैक्टर की बरामदगी के लिए पुलिस टीम बना कर लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान सर्विलांस सेल के प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव, एसओजी प्रभारी हितेश कुमार व कोतवाली पुलिस टीम ने हनुमान मन्दिर के पास रोहित कुमार सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह निवासी चतरा थाना कोपा जिला छपरा बिहार, अश्वनी सिंह पुत्र मदन मोहन सिंह निवासी फ़ेफना, आशीष सिंह पुत्र मदन मोहन सिंह निवासी फ़ेफना, हेमन्त सिंह पुत्र हरेराम सिंह निवासी कुरेजी थाना गडवार व रामकरन पुत्र श्रीराम निवासी सूर्यपुरा थाना सुखपुरा को चोरी के तीन ट्रैक्टर व दो मोटरसाइकिल के साथ मध्यरात्रि के बाद हिरासत में लिया गया। एसपी के अनुसार पकड़े गए सभी युवकों की उम्र 19 से बीस वर्ष के बीच है। इनमें दो सगे भाई हैं।

## दस्तावेजों में मृतक पुत्तीलाल को मिला न्याय

**हरदोई।** सोमवार को एक व्यक्ति पुत्तीलाल अपने भतीजे दिलीप के साथ जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से मिले और अपनी व्यथा सुनाते हुए रो पड़े, उन्होंने कहा कि उनको करीब ढाई साल पहले दस्तावेजों में मृतक दिखा दिया गया जिसकी वजह से उनको सरकारी योजनाओं के लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। दस्तावेजों में मृतक होने के कारण उनको वृद्धावस्था पेंशन मिलनी बन्द हो गयी। जिलाधिकारी ने तत्काल समाज कल्याण अधिकारी को बुलाया और निर्देश दिए कि त्रुटि सुधार करते हुए पुत्तीलाल की पेंशन प्रारम्भ करायी जाये। जिलाधिकारी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग ने तत्काल कार्रवाई प्रारम्भ कर दी। जिलाधिकारी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े खण्ड विकास अधिकारी भरखनी को कड़ी फटकार लगायी और तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को इस सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। किसान सम्मान निधि के सम्बन्ध में उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को कार्रवाई करने को कहा। विकास खण्ड भरखनी के ग्राम बहाउद्दीनपुर ग्राम पंचायत कैथा नेवादा निवासी पुत्तीलाल ख़ुशी के आंसू लेकर कलेक्ट्रेट से रवाना हुए। पुत्तीलाल ने बताया कि इसी प्रकार के मामलों में जिलाधिकारी की त्वरित कार्रवाई के बारे में सुनकर आज कलेक्ट्रेट पहुंचे।

## 'जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की का छायाचित्र

**कानपुर।** कानपुर में सोमवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कीद्य इस दौरान मर्दनपुर बिधनू निवासी यशवंत सिंह ने शिकायत किया कि मर्दनपुर- कंचनपूर्वा पुल क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे लोगों के आने-जाने में जोखिम बना हुआ हैद्य इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को मौके पर जाकर उचित कार्रवाई कर निस्तारण के निर्देश दिए।

# टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में करे सहयोग : डॉ जीपी राय




❐ समाज के सम्भ्रांत व्यक्ति टीबी रोगियों को गोद लेने हेतु आगे आवे-अधीक्षक

❐ कुल 30 रोगियों में वितरित हुआ पोषण की पोटली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सीएचसी के परिसर में सोमवार को 30 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया। जिसमें आईएमए द्वारा 25 मरीजों को चौथे माह की तथा उषा देवी द्वारा 1मरीज को चौथे माह,अंजलि मिश्रा एवं अशोक गुप्ता द्वारा एक-एक मरीज को दूसरे माह की तथा दो नये मरीजों को प्रथम माह की पोटली दी गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये आईएमए के अध्यक्ष डॉ जीपी राय ने कहा कि जनपद की टीबी मुक्त बनाने के लिये सभी को क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने ने कहा कि सामुहिक प्रयास से ही टीबी रोग का खात्मा किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये आईएमए के सचिव डॉ वाई के मद्धेशिया ने कहा कि आईएमए जनपद को टीबी मुक्त बनाने में अपना पूर्ण योगदान दे रहा है। हम सभी टीबी रोगियों का निःशुल्क उपचार भी कर रहे है और साथ में उनके पोषण की व्यवस्था भी कर रहे है। अध्यक्षता कर रहे अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी ने समाज के सम्भ्रांत व्यक्तियों से टीबी रोगियों को गोद लेने की अपील किये। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। अतिथियों का स्वागत एमोटीसी डॉ मुकेश यादव ने किया तथा आभार ज्ञापन एसटीएस शाहिद अंसारी ने किया।

# संपन्न हुआ बॉडी बिल्डर्स का महाकुंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। इंडियन बॉडी बिल्डर्स फ़ेडरेशन ने रविवार को बॉडी बिल्डर्स का महाकुंभ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कराया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक व विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संदीप सिंह बेसिक शिक्षा मंत्री( उप्र सरकार) , ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 50 किग्रा लेकर से 100 किग्रा प्लस एवं 155 सेंटीमीटर से 165 सेंटीमीटर तक के देश के विभिन्न राज्यों से आए बॉडीबिल्डर्स में भाग लिया। इसके साथ ही इसमें महिला बॉडीबिल्डर्स ने भी अलग-अलग कैटेगरी में भाग लिया। इस खास मौके पर इंडियन बॉडी बिल्डर्स फ़ेडरेशन के यूपी बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन और लखनऊ बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया । इस मौके पर श्री साजिद अहमद कुरैशी (अध्यक्ष , यूपी बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन) , श्री विश्वास राव ( महासचिव , यूपी बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन ), डॉ आनंदेश्वर पांडे ( महासचिव, यूपी ओलंपिक एसोसिएशन) , श्री प्रेमचंद डेगरा ( एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट , इंडियन बॉडीबिल्डिंग फ़ेडरेशन, पद्मश्री, अर्जुन पुरस्कार विजेता), श्री चेतन पठारे ( महासचिव, आईबीबीएफ और डब्ल्यूबीपीएफ ) , श्री नवनीत सिंह ( कोषाध्यक्ष , इंडियन बॉडीबिल्डिंग फ़ेडरेशन ), श्री विपुल (प्रेसिडेंट ,लखनऊ बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन), श्री स्वामी रमेश ( प्रेसिडेंट,इंडियन बॉडीबिल्डिंग फ़ेडरेशन) और यूपी बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन और लखनऊ बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन की पूरी आयोजन समिति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं वहीं जेएसवी फाउंडेशन से जतिन वर्मा ने कहा कि भाग लेने वाले सभी एथलीटों और अधिकारियों को सर्वोत्तम सुविधाएँ प्रदान की जाए और हमने हमेशा ऐसे आयोजनों की परिकल्पना की है, जिससे अधिकतम भागीदारी हो। ऐसे कार्यक्रम समय समय पर होने चाहिए और साजिद अहमद ने उनका हार्दिक आभार करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जेएसवी फाउंडेशन की अहम भूमिका है। उनके बिना इस कार्यक्रम की परिकल्पना नहीं की जा सकती है इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी ने कहा कि 'युवाओं का स्वास्थ्य राष्ट्र निर्माण के लिए बहुत जरूरी है। इन लोगों ने दिन-रात मेहनत करके बॉडी बिल्डिंग को एक नयी पहचान दी है।' साथ ही उन्होंने बताया कि 'प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी द्वारा गांवों में ओपन जिम बनाया जा रहा और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए जा रहे फिट इंडिया मूवमेंट से देश के युवाओं में बदलाव हो रहा है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री संदीप सिंह , बेसिक शिक्षा मंत्री( उप्र सरकार)ने कहा कि 'मुझे इस बात की बेहद ख़ुशी है कि यह प्रोग्राम लखनऊ में हो रहा है।

# नेताओं–नौकरशाहों की जिम्मेदारी के बगैर भ्रष्टाचार को मिटाना असंभव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा था कि दोषि यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए दोषियों को खु ली छूट दे दी गई है और सरकार में कोई हस्तक्षेप नहीं हो गा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक वादा है जिसने देश को खोखला कर दिया है और जिस देश को इस बुराई से मुक्ति दिलाने के लिए पूरा मनोयोग से काम कर रहा है।ले किन वही भारत इस सूची में पडोसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है।भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशो में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर है,जबकि वांग्लादेश की रैंकिग और भी नीचे 149 पर चली गई है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को हर खुली छूट दे दी है और इसमे सरकार का कोई हस्तक्षेप




नहीं होगा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्ठचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई में मृत करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी के इस टुनिश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है।केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें,सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रहीं है,किन्तु यह समस्या सुरसा के मुं ह की तरह विकराल होती जा रही है।करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96 वे पायदान पर पहुंच गया है।साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी।भारत इस सूची में पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है।भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं,जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है।इस लिस्ट में चीन 76 वें स्थान पर है।डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है,उसके बाद फिनलैंड और सिंगा पुर हैं।1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही,जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी।भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपी आई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है।यह मापता है कि विशेष ज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनि क क्षेत्र कितना भ्रष्ट है।प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम तीन डेटा स्रोतों लिया जाता है।ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं।सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं।भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय साख कमजार है।विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है. वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भ्राचार का जिक्र नहीं किया हो।मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधान सभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी।संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्प्रचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के या पैमाने पर नहीं है।मैं चुनाव जीतने हार ने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं।यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीम क है जिसने देश को खोखला कर दिया है।मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं।

# डीएम ने की अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हु ई।समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्देश दिये हैं कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय।डीएम ने कहा कि अपरा धी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं।उन्हें ऐसी सजा दिलाई जाए कि वह एक नजीर बनें।जिलाधि कारी ने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लि ए आने वाले गवाहों से शतप्रतिशत परिक्षित कराया जाय तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवा ही भी सुनिश्चित की जाय।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारि यों और शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि अभियोजन के कार्य को गंभीरता से लें। सभी सम्बन्धित विभाग के द्वारा अपने शासकीय कार्यों के साथ साथ अभियोजन के कार्यों में गंभीरता दिखायें।इस दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक, संयुक्त निदेशक अभियोजन, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियो जन अधिकारी, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन अजीत कुमार मिश्र,जिला औषधि निरीक्षक राजि या बानो तथा समस्त शासकीय अधिवक्ता व संबंधित अ धिकारीगण उपस्थित रहे।

# किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सजीव प्रसारण केंद्र पर उप कृषि निदेशक बहराइच एवं कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वय से कृषकों को बुलाकर दिखाया गया किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राम निवास वर्मा के जनप्रतिनिधि हरिहर प्रसाद एवं विशिष्ठ अतिथि साकार तार डायरेक्टर नानपारा रहे। मुख्य अतिथि द्वारा प्रगतिशील कृषकों को उनके कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए जाने हैं तो प्रमाण पत्र वितरित किया गया एवं कृषि विभाग के द्वारा लॉटरी के द्वारा चयनित ट्रैक्टर कृषकों को उन्हें ट्रैक्टर की चाभी प्रदान की गई । केंद् के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एस. के.यादव ने केंद्र के द्वारा चलायी जा रही परियोजनाओं एवं वैज्ञानिक पहलुओं की कृषकों के बीच में चर्चा की। कृषि विभाग के एसडीओ नानपारा एवं एसडीओ सदर द्वारा कृषि विभाग के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की और किसानो से आवाहन किया कि इसे कृषि विभाग के पोर्टल पर योजनाओं में रजिस्ट्रेशन कराते हुए योजना का अत्याधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर प्रमोद कुमार सिंह द्वारा पादप सुरक्षा के विषय में कृषकों को विशेष रूप से तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई गई साथ ही साथ केंद्र के वैज्ञानिक रेणू आर्या द्वारा पोषण वाटिका के उपयोक्ता एवं महत्व के विषय में विशेष रूप से अगस्त से महिलाओं एवं कृषकों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई। केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार गौतम द्वारा भी मृदा नमूना कब , क्यों और कैसे लिया जाए इसके विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की। वैज्ञानिक सुनील कुमार ने बताया कि आगामी मौसम में किन नई प्रजातियों को किसान भाई ले सके जिससे उनके अधिक से अधिक पैदावार हो तथा आय दुगनी करने में सहायक हो। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अमर सिंह एवं तमाम किसान मौजूद रहे।

# काव्य संग्रह गंजीना का विमोचन और शेयरी नशिस्त का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। बहराइच की अदबी फिजा बड़ी खूबसूरत रही है, यहां हमेशा बड़े-बड़े शायर व अदीब रहे हैं, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी उर्दू जबान व अदब की खिदमत में वक्फ कर दी थी?। वही जज्बा आज भी बहराइच के लोगों में पाया जाता है और वह आज भी उर्दू की खिदमत में मसरूफ हैं। आज की नई नस्ल उर्दू जबान व अदब के प्रति बड़ी फाल और मोतिहर्रिक है, जिससे लगता है कि उर्दू जबान ना मिटी है और ना कभी मिटेगी। उक्त ख्यालात का इजहार प्रोफ़ेसर मोहम्मद उस्मान अध्यक्ष किसान किसान डिग्री कॉलेज उर्दू विभाग ने शेयरी मजमुआ गंजीना की रस्में इजरा कार्यक्रम में व्यक्त किया। मालूम हो कि शहर की मशहूर अदबी शख्सियत मोहम्मद जमाल अजहर सिद्दीकी और उनकी तीन बहनों का संयुक्त मजमुआ गंजीना का प्रकाशन हुआ है।जिसका विमोचन अंजुमन फरोगे अदब के तत्वाधान में शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा में स्थित मोहम्मद नगर कॉलोनी में मशहूर शायर मजहर सईद अलीग बहराइची की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ कारी मोहम्मद कासिम हयातुल्लाह नूरी की तिलावत कुरान मजीद और शायर रईस सिद्दीकी की नात पाक से हुआ।इस कार्यक्रम को खिताब करते हुए सदर महफिल मजहर सईद ने यह विचार पेश किया।उन्होंने कहा कि- जमाल अजहर तुम्हें मुबारक,तुम्हारी बहनों को भी मुबारक, की जिनकी ताजा तरीन गजलों के साथ उभरा सुखन तुम्हारा।इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर सुफियान अहमद अंसारी ने जमाल अजहर सिद्दीकी की शख्सियत और उनकी शायरी पर तफसीली रोशनी डालते हुए उनके शेयरी मजमुआ गंजीना पर अपने विचार व्यक्त किया और उर्दू जबान व अदब के भविष्य के सिलसिले में फिक्रमंदी जाहिर करते हुए गुजारिश की कि अगर कोई उर्दू का अखबार नहीं खरीदता है तो वह आज यह अहद करें कि कम से कम एक उर्दू अखबार जरूर खरीदे?। उर्दू स्कॉलर शफीक अहमद बागवान ने भी अपने ख्यालात का इजहार करते हुए बहराइच की अदबी तारीख पर तफ्सीली रोशनी डाली। कार्यक्रम के दो सेशन थे पहले सेशन में शेयरी मजमुआ गंजीना की रस्माजरा और दूसरे सेशन में शेयरी नाशिस्त आयोजित हुई।शेयरी नशिस्त में मजहर सईद, अकमल नजीर, शादा रहमानी,जमाल अजहर, रईस सिद्दीकी, कलीम बहराइची, नजर बहराइची, मंजूर बहराइची, जफर अजीज के अलावा डॉक्टर निजाम मसूदी,डॉक्टर सगीर सिद्दीकी व कलाम अहमद एडवोकेट ने भी अपने-अपने कलाम पेश किया।इस कार्यक्रम में मौलाना नफीस मजाहिरी, हाफिज मोहिउद्दीन,नज्मू जमा, मास्टर अब्दुल बारी, जुनैद अहमद नूर, फखरुद्दीन, अयाज अहमद राईनी, मास्टर सलमान, जावेद चौधरी, शरीफ हाशमी, गुलाम रसूल, मोहम्मद इस्लाम व जुबेर अहमद अंसारी समेत बड़ी तादाद में उर्दू प्रेमी मौजूद थे।इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुफियान सुफियान अहमद अंसारी ने किया।

# महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर एसपी ने पृथ्वी नाथ मंदिर का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के आयो जन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।पुलिस अधीक्षक विनीत जाय सवाल ने खरगूपुर थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी के साथ एशिया की सबसे ऊंची शिवलिंग वाले पृथ्वीनाथ मंदिर का निरीक्षण किया।एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालु जलाभि षेक के लिए आते हैं।इसलिए सुरक्षा के व्यापक इंत जाम किए जाएं।जिले के सभी पौराणिक और ऐति हासिक शिव मंदिरों की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से की जाएगी। सभी थानाध्यक्षों को धर्म गुरुओं, आयोजकों और शांति समितियों के साथ पीस कमेटी की बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं। शोभायात्रा और मेले के शांतिपूर्ण आयोजन पर विशेष ध्यान दिया जाए गा। संवेदनशील इलाकों की विशेष निगरानी की जाए गी। नदियों और घाटों पर बैरिकेडिंग की जाएगी।श्रद्धा लुओं की सुरक्षा के लिए गोताखोर भी तैनात किए जाएंगे। दरअसल गोंडा जिले के पृथ्वीनाथ,बाबा दुःख हरण नाथ, करोहानाथ और बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर सहित कई शिवालियों में लाखों की संख्या में शिव भक्त महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करते हैं। जलाभि षेक करने से पहले शिव भक्त करनैलगंज के सरयू घाट और अयोध्या के सरयू नदी से जल लेकर के गोंडा आते हैं।

# सपा लोहिया वाहिनी ने की पीडीए पंचायत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। विधानसभा कैसरगंज के ग्राम पंचायत अचौलिया के नौवनपुरवा में समाजवादी लोहिया वाहिनी बहराइच द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन। अचौलिया, नौवनपुरवा किया गया। इस पंचायत की अध्यक्षता सुनील पाल ने की जबकि आयोजक लोहिया वाहिनी बहराइच जिला सचिव इरफान अंसारी रहे। जबकि मुख्य अतिथि लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू मौर्य रहे। अभिषेक यादव (देवा, विधायक प्रतिनिधि ऽ कैसरगंज) एवं मयंक मिश्रा (जिला उपाध्यक्ष, लोहिया वाहिनी) मौजूद रहे। मुख्य अतिथि नंदेश्वर नन्द यादव ने अपने संबोधन में कहा, ल्लपीडीए पंचायत समाजवादी पार्टी की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के हक और अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है। मौजूदा सरकार ने इन वर्गों की अनदेखी की है, लेकिन समाजवादी पार्टी अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए इन्हें न्याय दिलाने का काम करेगी। विशिष्ट अतिथि शैलेश मौर्य ने कहा, ल्लसमाजवादी पार्टी की विचारधारा ही सामाजिक न्याय की गारंटी है। यह पंचायत समाजवादी आंदोलन की एक कड़ी है, जहां हम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान के लिए आवाज उठाते हैं। विशिष्ट अतिथि मयंक मिश्रा ने कहा, ल्लगांव-गांव जाकर पीडीए पंचायतों के माध्यम से समाजवादी पार्टी जनता से सीधा संवाद कर रही है। जनता की परेशानियों को नजरअंदाज करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हमें एकजुट होना होगा। इस अवसर पर अरुण यादव, हीरालाल, जगदीश, प्रेमनाथ, नंद किशोर, नीरज, छविलाल, सुरेश, बच्चू लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 27 मार्च को

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाज कल्याण/जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (जनजाति विकास) बिछिया मिहींपुरवा, बहराइच में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षावार रिक्त स्थानों के सापेक्ष प्रवेश परीक्षा के माध्यम से छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कक्षा 11 में प्रवेश हेतु कक्षा 10 में प्राप्तांक के आधार पर मेरिट द्वारा प्रवेश दिया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि बालिकाओं के लिए संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बभनी रिसिया अन्तर्गत कक्षा 06 में अनुसूचित जाति/जनजाति के 42, पिछड़ा वर्ग के 18 व समान्य वर्ग के 10 कुल 70, कक्षा 07 में सामान्य वर्ग के लिए 01, कक्षा 09 में अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़ा वर्ग के 01-01 तथा कक्षा 11 में पिछड़ा वर्ग के लिए 01 कुल 74 स्थान रिक्त हैं। जबकि जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बिछिया मिहींपुरवा अन्तर्गत केवल अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए कक्षा 06 में 35, कक्षा 07 में 02 तथा कक्षा 08 में .01 कुल 38 स्थान प्रवेश हेतु रिक्त हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश के लिए 01 से 15 मार्च 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में आवेदन-पत्र निःशुल्क प्राप्त किये एवं जमा किये जा सकते हैं। परीक्षणोपरान्त पात्र आवेदकों की सूची 20 मार्च 2025 को सम्बन्धित विद्यालयों के सूचना पट पर चस्पा की जायेगी। जबकि 26 मार्च को प्रवेश-पत्र का वितरण किया जायेगा तथा 27 मार्च 2025 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा केन्द्र व परीक्षा का समय प्रवेश पत्र पर अंकित रहेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि रिक्त सीटों की संख्या घट-बढ़ सकती है।

## 26 फरवरी को गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में आयोजित होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि 26 फरवरी 2025 को कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर मिहींपुरवा में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' अन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 120 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा व उपायुक्त मनरेगा को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन, चिकित्सा, रंगोली, अतिथियों के स्वागत, भोजन व मीडिया इत्यादि की व्यवस्था हेतु अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## गोंडा की बेटी ने रचा इतिहास, चार बार नीट परीक्षा में सफल

**गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले की प्रियंका यादव ने लगातार चार बार नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। वह पहले ही जूनियर रिसर्च फ़ेलोशिप में भी सफलता प्राप्त कर चुकी हैं। वर्तमान में संतोष कुमार इंटर कॉले ज में हिंदी विषय की लेक्चरर के रूप में कार्यरत प्रियं का का अगला लक्ष्य उच्च शिक्षा विभाग में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर बनना है।कटरा बाजार की रहने वाली प्रियंका ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, बड़े भाई और लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज को दिया है।प्रियंका का मानना है कि समाज में बेटियों की शिक्षा को लेकर अभी भी जागरूकता की कमी है। उन्होंने कहा कि जैसा सहयोग उन्हें अपने परिवार से मिला, वैसा ही सहयोग सभी परिवारों को अपनी बेटियों को देना चाहिए।उनके भाई राम किशोर यादव गोनर्द महाविद्यालय में अध्यापन कार्य करते हैं। प्रियंका की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोग उनके माता-पिता को बधाइयां दे रहे हैं। यह सफलता बेटियों की शिक्षा के महत्व को दर्शाती है और अन्य परिवारों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन सकती है।

## निवर्तमान सांसद ने आगामी 2 मार्च को सांसद खेल स्पर्धा पर की चर्चा

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निवर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने नानपारा विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के साथ आगामी 2 मार्च को नगर के सआदत इंटर कॉलेज मे आयोजित होने वाले सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम के निमित्त कार्यक्रम की योजना रचना एवं व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर कार्यकर्ताओ को दिशा निर्देश दिए साथ ही प्रशाशनिक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम मे अपने लोगो से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम मे विधानसभा संयोजक घनश्याम सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष कृपाराम वर्मा, जिला महामंत्री किसान मोर्चा नागेंद्र सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार पाण्डेय, युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित चौरसिया, श्याम अग्रवाल, आशीष खेमका, जैकी शर्मा, सचिन गुप्ता, शक्ति चौरसिया, राहुल पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष शिवपुर राकेश पाण्डेय सहित विधानसभा नानपारा के समस्त मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

## रेलवे स्टेशन के मॉल गोदाम में लगी भीषण आग, काबू पाया

**फिरोजाबाद।** रेलवे स्टेशन के मॉल गोदाम में रविवार देर रात्रि शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। फायर बिग्रेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रेलवे स्टेशन स्थित माल गोदाम में रविवार देर रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से अफरा तफरी मच गई। मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर नंदराम वर्मा ने बताया कि माल गोदाम में कबाड़ का सामान रखा हुआ था।

# साइकिल सवार को बचाने में दर्शनार्थियों की कार पलटी, तीन घायल, दो रेफर

एजेंसी




मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव स्थित शायर माता मंदिर के पास सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मीरजापुर-सोनभद्र मार्ग पर एक कार साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई, जिससे साइकिल सवार सहित कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजगढ़ में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के दौरान कार में सवार यात्री कुंभ स्नान कर अपने घर वापस लौट रहे थे। 48 वर्षीय राजेश्वर भारती, 35 वर्षीय युगल साहू, 26 वर्षीय दिव्या भारती और 30 वर्षीय राजेन्द्र भारती, सभी निवासी किरंदुल, दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) कार से अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। जब उनकी कार विशुनपुरा गांव के पास पहुंची, तभी सोनवर्षा बाजार से घर लौट रहे 45 वर्षीय साइकिल सवार लवकुश मौर्य (निवासी करमा थाना क्षेत्र के करकोली गांव) अचानक कार के सामने आ गए। साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई और साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में लवकुश मौर्य, राजेश्वर भारती और दिव्या भारती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दिव्या भारती और लवकुश मौर्य की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर, मीरजापुर रेफर कर दिया।कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त, पुलिस जांच में जुटी हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# पुलिस अधीक्षक ने बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केन्द्रो पर लगातार भ्रमणशील होकर स्थिति का जायजा लिया गया।एसपी ने निरीक्षण के दौरान परी क्षा कक्ष,सीसीटीवी कैमरों व सुरक्षा व्यवस्था आदि को चेक किया गया तथा परीक्षा केन्द्रों पर लगे मजिस्ट्रेट, उड़ा नदस्ता,स्कूल के प्रधानाचार्य व पुलिस के अधिकारी कर्म चारीगण से वार्ता कर परीक्षा को सुचारू रूप से निर्वि वाद,निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आव श्यक दिशा निर्देश दिए गये। उत्तर प्रदेश माध्यमिक बताया गया कि यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल एवं इण्ट रमीडिएट परीक्षा को कराने हेतु जनपद गोण्डा में कुल 149 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है,जिसमें हाई स्कूल के 49,362 परीक्षार्थी व इण्टरमीडिएट के 45,788 परीक्षा र्थी परीक्षा देगे।जिसको सुचितापूर्ण, निर्विवाद,निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी पांच था ना प्रभारी -17 उपनिरीक्षक- 102, हेड कांस्टेबल -129, कांस्टेबल- 135, महिला कास्टेबल-97 की ड्यूटी लगाई गयी है,जो परीक्षा केन्द्रों व आस-पास भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायेगे।

# कार्यालय परिसर में कर्मचारियों का आई कार्ड धारण करना अनिवार्य : सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सोमवार को विकास खण्ड कार्यालय बहादुरपुर का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी विजयंत कुमार अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चल रहे सर्वेक्षण कार्य हेतु आवंटित ग्राम पंचायतों में गये हुये थे। इस पर सीडीओ ने बीडीओ बहादुरपुर को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण करने वाले प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का टूर रजिस्टर अथवा भ्रमण पंजिका में अनिवार्य रूप से अंकन किया जाय। इसके अतिरिक्त यह भी देखा गया कि कई कर्मचारियों ने अपनी मेज पर नाम पट्टिका तो लगाई थी किंतु वे आईडी कार्ड धारण नही किये हुये थे। इस पर निर्देशित किया गया कि कार्यालय परिसर के भीतर सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपना आईडी कार्ड धारण करें। इसके उपरांत, मनरेगा सॉफ्ट पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर ग्राम पंचायत सराय महेशा में मनरेगा के तहत चल रहे ''तालाब खुदाई खुसरही भाग पांच'' कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला मेट उपस्थित थी तथा मनरेगा श्रमिक कार्य कर रहे थे। इस दौरान सीडीओ ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद भी किया। साथ ही, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण), बहादुरपुर को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत में कैंप का आयोजन कर ऐसे पात्र लाभार्थियों का चयन करें जो शासन की पेंशन योजनाओं के लिए योग्य हैं, एवं उन्हें इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।सीडीओ ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह को भी निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत में शिशुओं

**विकास खण्ड कार्यालय बहादुरपुर के साथ ही सराय महेशा में विकास कार्यो का किया निरीक्षण**

एवं बच्चों के टीकाकरण हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया जाय। इसके तहत पात्र बच्चों की पहचान कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित किया जाय। अंत में, मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय।इसके अतिरिक्त सभी ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार मनरेगा योजना के तहत अनिवार्य रूप से कम से कम एक कार्य संचालित रहे, इस पर विशेष ध्यान दिया जाये।

# चोरी की 11 बाइकों के साथ सात अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना गौरीगंज पुलिस एवं स्वाट टीम ने संयुक्त रुप से मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भण्डाफोड़ किया है और विभिन्न जनपदों से चोरी की बाइस मोटरसाइकिलों के साथ सात अन्तर्जनपदीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को पच्चीस हजार रुपये की नकद धनराशि से पुरुस्कृत किये जाने की बात कही है। थाना गौरीगंज के उप निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह एवं स्वाट/सर्विलांस टीम के प्रभारी अनूप सिंह मय हमराह की संयुक्त टीम द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान टिकरिया तिराहा अमेठी के पास टिकरिया सीमेंट फैक्ट्री की तरफ से आ रहे तीन मोटरसाइकिलों पर सवार चार संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर नाम पता पूछा गया तो चारों व्यक्तियों ने अपना-अपना नाम जुनैद पुत्र अख्तर निवासी ग्राम नया का पुरवा मजरे खैरापुर थाना जगदीशपुर,अरमान पुत्र गुरखू उर्फ मुस्तकीम निवासी नारा अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक,मुसर्रफ अली उर्फ ननकू पुत्र सत्तार जोकर निवासी मदीना मस्जिद हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी व मोईन खान पुत्र मुन्नर खांन निवासी निहालपुर थाना जगदीशपुर बताया तथा।बाइक के कागजात मांगने पर दिखा नही सके।पूंछने पर आपाची मोटरसाइकिल यूपी 42 एडी 9786 को जगदीशपुर थाना0क्षेत्र से, हीरो होण्डा स्लेण्डर प्लस यूपी 44 के 5776 को थाना0क्षेत्र गोसाईगंज लखनऊ कमिश्नरेट से व पैशन प्रो बिना नम्बर प्लेट को थानाक्षेत्र अमेठी से चोरी करना बताया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर बेलखौर रोड पर बंद पड़ी फैक्ट्री के अंदर से उन्नीस अदद अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गयी व मोटरसाइकिलों की निगरानी करते हुये सुरजीत कुमार पुत्र रामेसुर निवासी ग्राम लाला का पुरवा मजरे डुडेरी थाना कमरौली, मोहम्मद पट्टन पुत्र सफाउल्लाह निवासी ग्राम पूरे परवानी थाना मुसाफिरखाना व रफीक अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम कोछित थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी को मौके से गिरफ्तार किया गया। चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी के आधार पर पुलिस द्वारा की गई पूंछतांछ में पकड़े गये युवकों ने बताया कि हम लोगों का मोटर साइकिल चोरी करने का एक संगठित गिरोह है हम लोग मिलकर विभिन्न जनपदों के विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करके बेच देते हैं। थाना गौरीगंज पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पच्चीस हजार रुपये नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

# मदरसा जामे अरबिया में समारोह पूर्वक मनाया गया जश्ने दस्तारबंदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। शहर के खैराबाद मोहल्ले में स्थित मदरसा जामे अरबिया सुल्तानपुर में जश्ने दस्तारबंदी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद अहमद वारसी प्रिंसिपल जामे अरबिया सुल्तानपुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का आगाज़ तिलावते कुरआन पाक से हुआ। हसीब अहमद सिद्दीकी ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य वक्ता मौलाना सैय्यद शमीमुद्दीन मुनीमी पटना बिहार ने शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप लोग बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ साथ धार्मिक शिक्षा भी ज़रूर दें। सुल्तानपुर का इतिहास बताते हुए कहा कि आप लोग सुल्तान हैं। सुल्तानपुर के दो मशहूर शायर हुए हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया में सुल्तानपुर का नाम रौशन किया है। जिनमें प्रमुख नाम अजमल सुल्तानपुरी व मजरूह सुल्तानपुरी है। मौलाना सैय्यद सलमान अशरफ जायस ने मदरसों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मदरसों में इंसानियत की शिक्षा दी जाती है। यहां पढ़ने वाले बच्चे शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी सीखते हैं। उन्होंने माता-पिता के सम्मान पर भी जोर दिया। मदरसे के दस बच्चों को आलिम, हाफ़िज़ और पांच को किरत की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें दस्तार, प्रमाणपत्र और माला पहनाई गई। वहीं दस्तार बंदी के दौरान मौलाना मंजूर अहमद खान शेख-उल-हदीस , मौलाना अब्दुल लतीफ इमाम जामा मस्जिद चौक, मुफ्ती रईस अख्तर, मौलाना अब्दुल मोबीन अजहरी, हाफिज ज़ाकिर, कारी मोबीन, शायरे इस्लाम ज़ाकिर इस्माइली अज़मत सुल्तानपुरी के अलावा गणमान्य व्यक्तियों में मो0 सलीम सेठ मैनेजर, निसार अहमद गुड्डू प्रबंधक, हाजी हारून, समाजसेवी हाजी मो0 इलियास खान आदि मौजूद रहे।

# हाईवे के अधूरे निर्माण व खराब पड़े कैमरों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। लखनऊ वाराणसी हाईवे पर पखरौली स्थित अधूरे पड़े राष्ट्रीय राजमार्ग पुल के निर्माण में देरी व रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे खराब पाए जाने की समस्याओं को लेकर सोमवार को जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र सौंप कर कार्यदाई संस्थाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र देने के बाद मीडिया से रूबरू हुए जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा महाकुंभ के अवसर पर करोड़ों लोगों ने देशभर से आकर गंगा व संगम में स्नान किया काशी विश्वनाथ व अयोध्या में दर्शन पूजन किया इस दौरान जिले में करोड़ों लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अव्यवस्थाओं का आलम यह रहा कि लोग घंटो जाम में फंसे रहे सबसे ज्यादा परेशानी सुल्तानपुर जौनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधूरे पड़े निर्माण व पुल के कारण हुई जबकि लगातार वाराणसी व लखनऊ मार्ग पर टोल टैक्स की वसूली जारी रही। सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन के सुरक्षा में लगाए गए कैमरे खराब पड़े रहे। महाकुंभ जाने वाले लाखों यात्रियों में सुरक्षा का खतरा रहा। सरकार प्रचार में व्यस्त रही लोगों को जाम में उलझा कर उन्हें खूब परेशान किया। कार्यदाई संस्थाएं भी लाभ के चक्कर में निर्माण व व्यवस्थाओं को समय से पूरा नहीं कर सकी जिससे यह परेशानियां बढ़ी। सरकार द्वारा उन पर कार्यवाही करनी ही चाहिए जिससे उन्हें सबक मिले और नागरिकों को भविष्य में परेशानी ना हो। प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, वरिष्ठ नेता होशिला प्रसाद भीम, सुब्रत सिंह सनी अतहर नवाब पवन मिश्रा नन्हे देवेंद्र तिवारी प्रदीप सिंह इमरान अहमद अजेंद्र पांडेय विभु गुड्डू जायसवाल नफीस फारुकी विजयपाल गौतम आर वी पांडेय शीतला प्रसाद साहू आदि मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई टली, 6 मार्च होगी सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी मामले में राहुल गांधी के खिलाफं सुनवाई टली, 6 मार्च को होगी सुनवाई। नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में सोमवार को विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। विशेष कोर्ट में परिवादी के अगले गवाह से राहुल गांधी के अधिवक्ता को जिरह करना था। लेकिन गवाह की ओर से परिवादी के अधिवक्ता ने हाजरी माफी लगा दिया। ऐसे में अब 6 मार्च को मामले में सुनवाई होगी। इस साल की शुरुआत में 2 जनवरी और 10 जनवरी को वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई स्थगित हो गई थी। 30 जनवरी को राहुल के वकील काशी शुक्ला की बीमारी के कारण जिरह नहीं हो सकी। 11 फरवरी को परिवादी से जिरह पूरी हुई। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मान हानि का परिवाद कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी, इससे मैं आहत हुआ हूं। कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली, राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर किया। 26 जुलाई को दर्ज हुआ था राहुल गांधी का बयान विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 के दो मुचलके पर जमानत दे दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। दर्जन भर तारीख पड़ने के बाद बीते 26 जुलाई को राहुल कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताया, कहा था मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है।

# जिले में 127 केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। सुल्तानपुर के 127 परीक्षा केंद्रों पर कुल 79,666 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 39,785 और इंटरमीडिएट के 39,881 छात्र हैं। पहले दिन अनिवार्य विषय हिंदी की परीक्षा है। प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी और इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई। नकल रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिले को पांच जोन में बांटा गया है। हर जोन के उप जिलाधिकारी को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसके अलावा 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 127 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शहर के जीआईसी में ऑनलाइन मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से परीक्षा पर लगातार नजर रखी जाएगी। छह सचल दल केंद्रों पर छापेमारी करेंगे। हर केंद्र पर स्ट्रांग रूम और डबल लॉक वाली अलमारी की व्यवस्था की गई है। परीक्षा 12 मार्च तक चलेगी। बीएसए रविशंकर ने जिला स्तरीय छह सचल दल बनाया है। इनमें पहले दल का नेतृत्व डीआईओएस रविशंकर खुद करेंगे। वहीं शहर के राजकीय इंटर कॉलेज को संकलन केंद्र बनाया गया है। परीक्षा कराने के बाद उत्तर पुस्तिकाएं पर्याप्त सुरक्षा में केंद्र व्यवस्थापक यहां लाकर जमा करेंगे। केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे और वाइस रिकार्डर को क्रियाशील रखने की हिदायत दी गई है। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने जिला स्तरीय छह सचल दल बनाया है। इनमें पहले दल का नेतृत्व डीआईओएस रविशंकर खुद करेंगे। वहीं, शहर के राजकीय इंटर कॉलेज को संकलन केंद्र बनाया गया है। परीक्षा कराने के बाद उत्तर पुस्तिकाएं पर्याप्त सुरक्षा में केंद्र व्यवस्थापक यहां लाकर जमा करेंगे।

## एएसपी ने थाना जायस का निरीक्षण किया

जायस अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को थाना जायस का अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण किया और मातहतों को दिशा निर्देश दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा थाना जायस का वार्षिक निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, दंगा नियन्त्रण उपकरण, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क व अभिलेख के रख-रखाव आदि का निरीक्षण किया। थाना परिसर, कार्यालय आदि की साफ सफाई व रजिस्टरों का रखरखाव संतोषजनक पाया गया।प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह एवं उपस्थित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

## शुभ अवसर पर पौधे रोपित कर पर्यावरण शुद्ध कर यादगार बनायें

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय तहसील अंतर्गत नंदौली ग्राम सभा प्रगतिशील किसान जमील अहमद ने अपने पुत्र की मंगनी के अवसर पर आम का एक पौधा रोपित किया। उन्होने वार्ता के क्रम में बताया कि आज के दिन को यादगार बनाने के लिए ये पौधा लगाया है यदि हर आदमी अपने शुभ अवसर पर कोई भी पौधे का रोपण करे तो जो मौजूदा समय में पर्यावरण दूषित हुआ है उसको शुद्ध करने में मदद मिलेगा इसके साथ पौधा से जो फल या धन अर्जित होगा वो वो अलग। किसान जमील ने बताया कि हम इसी तरह से पौध रोपित कराकर पूरी बाग तैयार कर लिए जिसमें फल भी आने शुरू हो गए आगे भी यही प्रयास रहेगा।

## पीड़ित महिलाओं क़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए 27 फरवरी को आयेगी महिला आयोग की सदस्य

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सुनीता सैनी द्वारा महिला उत्पीड़न क़ी रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु 27 फरवरी को गाँधी सभागार में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रत्येक पीड़ित महिला अपनी समस्या को सामने रख सकेगी जो किसी भी उत्पीड़न की शिकार है। जैसे- ससुराल में प्रताड़ना,दहेज़ को लेकर की जा रही प्रताड़ना,मानसिक शारीरिक उत्पीड़न,मारपीट, यौन अपराध अन्य महिलाओं से सम्बंधित मामलों को गहनता से सुनकर उनका उचित निस्तारण किया जायेगा,जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने कहा कि इस बार जनसुनवाई के अतिरिक्त भी ग्राम पंचायत बरहा मरौरी पंचायत घर पर अपरान्ह 3 बजे से नारी चौपाल का आयोजन किया जायेगा जहाँ महिलाएं अपनी समस्याओं को रख सकेंगी उनका निस्तारण भी सदस्य द्वारा त्वरित न्याय दिलाया जायेगा।

## आज कंपोजिट विद्यालय मंगदपुर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा वार्षिक उत्सव

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड मरौरी के अंतर्गत स्थित गांव मंगदपुर के कंपोजिट विद्यालय के परिसर में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आज मनाया जाएगा जिसकी तैयारियां कई दिनों से बड़े ही जोरों शोरों से चल रही हैं। इस वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेगी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा साथ ही अन्य बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी भी अपना योगदान करेंगे। कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल ने बताया कि वार्षिक उत्सव में विद्यालय के बच्चे कई कार्यक्रम आयोजित करेंगे।साथ ही कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

## मिशन शक्ति के तहत कंपोजिट विद्यालय में विशेष शिविर का हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में बालिकाओं एवं महिलाओं के सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति के विशेष अभियान पांचवें चरण के अंतर्गत एक विशेष शिविर का आयोजन कंपोजिट विद्यालय बरहा।विकास क्षेत्र ललौरीखेड़ा में आयोजित किया गया है।जिसमें नालसा तथा सालसा द्वारा जारी दिशा निर्देशों,योजनाओं,अधिकारों द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।इस अवसर पर विधिक सलाहकार शालिनी गुप्ता ने बालिकाओं को पाक्सो एक्ट,घरेलू हिंसा, बाल अधिकार,हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में विस्तार से बताया। डॉ दीपा मिश्रा ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में बताया हैं।

# डॉ. शांति स्वरूप भटनागर जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के जनक कहे जाने वाले डॉ. शांति स्वरूप भटनागर की जयंती के अवसर पर समाधान आईएपीटी अंवेषिका के तत्वावधान में अवध पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ''जाने शांति स्वरूप भटनागर को'', ''आओ सीखें विज्ञान'', ''हैंड्स-ऑन'' और ''प्रश्नोत्तरी'' जैसे रोचक सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान डॉ. भटनागर को नमन, स्मरण और वंदन अर्पित किया गया।विद्यालय की प्रधानाचार्या आरती मिश्रा ने बताया कि डॉ. भटनागर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे। डीएससी की पढ़ाई के बाद वे भारत लौटे और बीएचयू से जुड़े।वे वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के संस्थापक निदेशक बने और भारत में 12 राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। साथ ही, उन्होंने शिक्षा मंत्रालय में सचिव और सरकार के शैक्षिक सलाहकार के रूप में कार्य किया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम समन्वयक लक्ष्मी कांत शर्मा ने बताया कि डॉ. भटनागर ने बचपन में ही स्कूल में विद्युत घंटी और टेलीफोन के बारे में पढ़कर उसे घर पर बनाया और पेट्रोल शोधन किया। उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया के माध्यम से डॉ. भटनागर के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का संदेश दिया।कार्यक्रम में आवृत्ति, आवर्तकाल, आयाम, दोलनी गति और श्रव्यता की सीमा को सरल प्रयोगों के माध्यम से समझाया गया। विद्यार्थियों ने स्वयं प्रयोग किए और विज्ञान की गहरी समझ विकसित की।प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सांची अग्रवाल और अभिमान पाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया,जिन्हें प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक, वैज्ञानिक परंपरा से अवगत कराने वाला और शोध के प्रति प्रेरित करने वाला बताया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंजू गुप्ता,दीक्षा सैनी और प्रखर त्रिवेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजीव सिंह ने निभाई अहम भूमिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।दिल्ली में प्रवासी विस्तारक़ के रूप में कार्य करके अपने गृह जनपद वापस लौटे विस्तारक़राजीव सिंह की काफी सराहना हो रही है। वही राजीव सिंह ने दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाई है। इसके लिए उन्हें दिल्ली में स्थित भारतीय जनता पार्टी की तरफ से एक पत्र भेजा गया है। जिसमें दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में उनके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। दिल्ली से पत्र मिलने के बाद राजीव सिंह को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी जा रही है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव दुधिया खुर्द निवासी अर्जुन सिंह के बेटे राजीव सिंह ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर छात्र राजनीति में काफी लम्बे समय तक कार्य करने के बाद भारतीय जनता पार्टी में लगातार पहले 2022 के चुनाव में विधानसभा विस्तारक ,2024 के लोकसभा चुनाव में लोकसभा विस्तारक तथा वर्तमान में दिल्ली प्रदेश में प्रवासी विस्तारक के कार्य करके गृह जनपद पीलीभीत लौटे हैं। इसके साथ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केंद्र के ब्लॉक समन्वयक के रूप में भी कार्य किया है। वर्तमान में हुए दिल्ली में विधानसभा चुनाव में राजीव सिंह ने चुनाव के प्रचार प्रसार एवं चुनावी रणनीति बनाने एवं उसको सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। राजीव सिंह को दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी से पत्र भेजा गया है। जिसमें उनके कार्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गया है कि उन्होंने प्रवासी कार्यकर्ता होने के नाते दिल्ली में संगठन हित में जो दिन-रात पार्टी के प्रचार-प्रसार हेतु कार्य किया है वह वंदनीय है। साथ ही कहा गया है कि राजीव सिंह के अथक प्रयासों से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की 27 वर्षों के बाद सरकार बनी है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता एवं समर्थकों के साथ दिल्ली की जनता का भाजपा एवं देश के प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास उजागर होता है।

# धरती पर 'मिनी सूरज' उगाने का संकल्प

हाल ही में अपनी फ्रांस यात्रा के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल थर्मो न्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (आईटीईआर), यानी दुनिया के उस प्रोजेक्ट को देखने गए, जिसके तहत धरती में कृत्रिम 'मिनी सूरज' बनाने की कोशिश हो रही है। यह कोशिश दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक मिलकर कर रहे हैं, जिनमें भारतीय भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस प्रोजेक्ट को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ देखने गए थे। उल्लेखनीय है कि भारत भी तो इस प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सेदार है। हम न केवल इस प्रोजेक्ट की लागत में हिस्सेदारी कर रहे हैं बल्कि हमारे कई वैज्ञानिक इस प्रोजेक्ट की कोर टीम का हिस्सा हैं। दरअसल सूरज में जिस प्रक्रिया से ऊर्जा उत्पन्न होती है, इस प्रोजेक्ट का मकसद उसी प्रक्रिया से बिजली उत्पन्न करना है। एक तरह से वैज्ञानिक धरती में कृत्रिम 'मिनी सूरज' बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह अब तक का दुनिया का सबसे महंगा और महत्वाकांक्षी एक्सपेरिमेंटल प्रोजेक्ट है,जो अगर सफल हुआ तो असीमित मात्रा में बिजली पैदा करेगा। इस प्रोजेक्ट के तहत दुनिया की सबसे बड़ी 'टोकामक' बनायी जा रही है। टोकामक रशियन शब्द है जिसका मतलब एक ऐसी मशीन है,जिसका इस्तेमाल परमाणु संलयन से ऊर्जा पाने के लिए किया जाता है। वास्तव में यह एक प्रायोगिक डिवाइस है, इसमें चुंबकीय क्षेत्र का इस्तेमाल करके प्लाज्मा को 'डोनट' के आकार में सीमित कर दिया जाता है। इस आकार को वैज्ञानिकों की भाषा में टोरस कहते हैं। यह वैक्यूम वेसल 'सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट' होता है। टोकामक में गरम प्लाज्मा को एक निश्चित आयतन में बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया होता है। टोकामक में बनी ऊर्जा बर्तन की दीवारों में गर्मी के रूप में अवशोषित होती है। इसे थर्मल इन्सुलेशन के लिए बड़े क्रायोस्टेट में रखा जाता है। अनुमान है कि प्रोजेक्ट के सफल होने पर इस पावर प्लांट से 500 मेगावाट न्यूक्लियर एनर्जी का उत्पादन किया जाएगा। दुनिया के इस सबसे बड़े एक्सपेरिमेंटल प्रोजेक्ट आईटीईआर की शुरुआत साल 2006 में फ्रांस के राष्ट्रपति भवन में हुई, जहां दुनिया के सात देश इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर साथ-साथ काम करने को राजी हुए। ये देश थे- अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, रूस, चीन, भारत और दक्षिण कोरिया। आज इस प्रोजेक्ट में 30 देश अपना योगदान दे रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य है न्यूक्लियर फ्यूजन यानी परमाणु संलयन में महारत हासिल करना। न्यूक्लियर फ्यूजन सूर्य और बाकी तारों में होने वाली एक प्रक्रिया है,जिससे उनमें गर्मी पैदा होती है। लेकिन पृथ्वी पर न्यूक्लियर फ्यूजन की नकल करके एक मिनी सूरज बना लेना बेहद मुश्किल है। लेकिन यदि ऐसा हो गया तो फिर हमें असीमित मात्रा में ऊर्जा मिल सकती है। साथ ही यह ऊर्जा जीवाश्म ईंधन की तरह ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी नहीं करेगी। न्यूक्लियर फ्यूजन में किसी तरह का रेडियोएक्टिव कचरा नहीं निकलता। इस मिनी सूरज प्रोजेक्ट का सात सालों तक नेतृत्व करने वाले फ्रांस के बर्नार्ड बिगोट ने एक बार कहा था, 'हम यहां जो करने की कोशिश कर रहे हैं, अगर उसमें सफल रहे यानी मिनी सूरज बना लिया तो फिर इंसान द्वारा बनाया गया यह सूरज कभी नहीं डूबेगा यानी यह 'फ्यूजन पावर प्लांट' हर समय चलता रहेगा।'इस प्रोजेक्ट के तहत जो एक मिनी सूरज बनाया जा रहा है,उसमें असीमित ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए दो हाइड्रोजन परमाणुओं को बहुत अधिक वेग से एक दूसरे की तरफ धकेला जाता है, इससे ये दोनों जुड़कर हीलियम परमाणु बनाते हैं। साथ ही इस दौरान न्यूट्रॉन भी बनता है,जिससे अत्यधिक मात्रा में ऊर्जा निकलती है। प्रोजेक्ट के विशेषज्ञों का मानना है कि फ्यूजन एनर्जी पैदा करना मुश्किल नहीं है, इसे लगातार बनाए रखना मुश्किल है। आईटीईआर प्रोजेक्ट का आकार इतना बड़ा है, जिसमें 39 बड़ी इमारतें बन सकती हैं।

# सोशल मीडिया का दुष्प्रयोग और सांस्कृतिक संकट

सोशल मीडिया आज संचार की दुनिया में एक बड़ी ताक़त के रूप में उभर रहा है। उसकी साक्रिय उपस्थिति से आबालबृद्ध सभी प्रभावित हो रहे हैं। उसकी अपरिहार्य, तीव्र और लुभावनी और सुगम उपस्थिति आज समाज में सबको अपने आगोश में लेती जा रही है। सूचना की दुनिया से आगे बढ़ कर सोशल मीडिया हमारी निजी उपस्थिति और उसकी सार्थकता के आशय और जीवन के सरोकार सबको प्रभावित कर रहा है। हमारी अस्मिता को रचता हुआ वह किसी दुनिया या सत्य का प्रतिनिधित्व या प्रस्तुति से आगे बढ़ कर अपनी एक स्वायत्त दुनिया बना चुका है। उसका अपना वजूद वास्तविक दुनिया को भी गढ़ रहा है। ख़ास तौर पर संचार प्रौद्योगिकी की दुनिया में 'मोबाइल' के ज़रिए सोशल मीडिया ने आम आदमी की ज़िंदगी में जिस तरह की ज़बरदस्त सेंधमारी की है उसका निकट इतिहास में कोई जोड़ नहीं दिखता। इसकी लोकप्रियता कितनी है इसका अंदाज़ा लगाना बेहद मुश्किल है। लोग जीवन में बिताए जाने वाले समय में घंटों इससे चिपके रहते हैं। सोते समय स्वोपन के मिथ्या जगत में तो हम रहते हैं परंतु आज की सच्चाई यह है कि जाग्रत अवस्था में वर्चुअल या आभासी दुनिया में हमारी आवाजाही वास्तविक दुनिया में जीने की तुलना में बढती जा रही है। आज सबके मन में अपने को रचने, प्रस्तुत करने और एक बड़े विस्तृत फलक पर उपस्थित करने की प्रबल इच्छा जाग रही है। दर्शक को प्रतिभागिता का अवसर देने वाली अंतःक्रियात्मक सोशल मीडिया दर्शक या पाठक को बेहिसाब शक्ति का अहसास कराती है। इसकी लोकप्रियता का गणित ऐसा है कि 'इंफलुएंसर ' (यू ट्यूबर!) गण देश के सामाजिक-सांस्कृतिक नेता की तरह अभिनंदित होते हैं और अच्छी ख़ासी आर्थिक कमाई भी करते हैं। यानी वर्चुअल दुनिया मुख्य होती जा रही है और वास्तविक दुनिया के दिलो-दिमाग को संचालित कर रही है। वह रंगीन, गतिशील और अत्यंत व्यापक है और इसलिए उसके स्पर्श में आकर आदमी आसानी से बदल जाता है। अब दैनिक जीवन के जीने के सामान्य अभ्यास में 'स्क्रीन टाइम' (संचार और संवाद के गैजेट से जुड़ा रहने में बिताने वाला समय) एक ख़ास मद हो गया है। यह आभासी दुनिया लोगों को अपने अनुभव-संसार को गढ़ने के लिए कई विकल्पों के साथ असीमित लगने वाली छूट दे रही है और वास्तविक दुनिया में होने वाली गतिविधियों को निर्धारित कर रही है। दर्शक को अपनी निजी स्वतंत्रता के विस्तार का अहसास होता है। इस तरह का यह आभासी दायरा अब इंटरनेट के सहयोग से अपरिमित-सा होता जा रहा है। यह अब मन मस्तिष्क पर छाता हुआ यह आभासी हस्तक्षेप हमारे भाव-जगत को आकार देने लगा है। इस तरह वह जाने अनजाने हमारे स्वभाव को भी बनाते-बिगाड़ते हुए प्रभावित कर रहा है। हमारा स्वाद बदल रहा है। हम क्या हैं और क्या होना चाहते हैं यह सबकुछ मीडिया पर टिकने लगा है। ठीक से कहें तो यह सबको अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। आदमी के मनो-जगत में प्रवेश कर यह चुपके-चुपके हमारी आकांक्षा, अभिरुचि, गतिविधि और व्यक्तित्व सबको गढ़ने वाला एक अचूक औंजार साबित हो रहा है। ताजा घटनाक्रम में एक महानगर की प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि से आने वाले सुपठित युवा द्वारा की गई अश्लील प्रस्तुति चर्चा का विषय बनी है। वर्चुअल प्लेटफार्म पर अभद्रता की हदें पार करने की इस शिकायत पर सबकी नज़रें गई हैं। यह सब है तो पुराना धंधा परंतु इस बार बात सुप्रीम कोर्ट तक औपचारिक रूप से पहुंच गई। पहुँची ही नहीं बल्कि सर्वोच्च अदालत ने उसका तत्काल संज्ञान भी लिया और पेशी पर आरोपी को अच्छी तरह डांट भी लगाई। पर गौरतलब है कि इसके पहले भी उच्छृंखल रूप से सोशल मीडिया का दुरुपयोग जोर पकड़े हुए था और इसके बाद अभी भी चालू है। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के रूप में ऐसे महानुभावों को आदर और धन संपदा भी मिलती है। वे रसूखदार लोगों में शुमार होते हैं। इस तरह सोशल मीडिया मनोरंजन, व्यापार, शिक्षा और संस्कार सबको प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया में विशेष चिंता वाली उपस्थिति आज सेक्स और हिंसा की व्यापक उपस्थिति है। इसका एक से एक विद्रूप रूप मोबाइल में हर दिन हर घड़ी परोसा जा रहा है । अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र में मूल अधिकार है। परंतु इसके तहत कुछ भी करने की छूट लेने की आज़ादी अधिकार में नहीं है। इस समय सोशल मीडिया और ख़ासतौर पर 'वेब सिरीज़', 'फ़ेसबुक पोस्ट' और 'रील' आदि में आ रही बहुसंख्यक प्रस्तुतियों में भोंडे सेक्स के निर्लज्ज प्रचार का ही बाहुल्य है। इन तक पहुँच पर कोई रोक-छेंक न होने से जवान, बच्चे और बूढ़े सभी इसकी तरफ़ अपनी सुविधानुसार मुखातिब होते हैं। विविध प्रकार की पोर्नोग्राफ़ी का यह दुरन्त विस्तार हर आयु वर्ग, हर धर्म और जाति तथा प्रत्येक आय वर्ग के लोगों को लुभा रहा है। अब यह निजी और गोपनीय नहीं रहा। इसका नशा हर वर्ग में बढ़ रहा है। स्वतंत्रता की इस मुहिम में नग्न और अर्धनग्न, मांसल स्त्री (और पुरुष) शरीर को, छिपाने-दिखाने की सुनियोजित योजना के साथ, विज्ञापित और प्रदर्शित किया जा रहा है। यह अलग बात है कि इनमें कितने पात्र असली हैं और कितने डीपफ़ेक जैसी तकनीक के सौजन्य से बने हुए हैं। इनमें अवैध और अनैतिक देह-संबंध को खोजते-उघाड़ते और साझा करने की यात्रा शुरू हो गई है। पहले जिसे वेश्यावृत्ति कहते थे उसके नाना रूप उत्तेजक कहानियों और घटनाओं में पिरो कर प्रस्तुत करती प्रचुर सामग्री धड़ल्ले से फैलाए जा रहे हैं। पब्लिक डोमेन में डंप की जा रही इन सामग्रियों में रुपया-पैसा, वासना, सेक्स कारोबार और व्यापार आदि मसलों को जोड़-जाड़ कर एक आकर्षक और कामोत्तेजक दुनिया रच कर दिखाई जाती है। इनमें बहुत-सा बाहर के देशों से उठाई सामग्री भी होती है। वैध और नाजायज संबंधों की सारी हदों को पार करती इस कल्पित वर्चुअल दुनिया में कुछ भी संभव होता है। इनमें दर्शकों को लुभाने और उनको आकर्षित करने के हर नुस्खे आजमाये जाते हैं। यह क्षणिक सुख का आभास या अहसास करा देती है। इसके चलते लोग इसमें फँस जाते हैं। शब्द, भाषा और चित्रों के माध्यम से अश्लीलता का वीभत्स रूप बेरोक-टोक निर्द्वंद भाव से सब लोगों को मुहैया कराया जा रहा है। इन सबके सम्मिलित प्रभाव कार्य के प्रति अन्यमनस्कता, अव्यवस्थित काल-बोध और अमर्यादित सामाजिक आचरण में प्रतिफलित होता है। एक भयावह बीमारी की तरह इसकी लत लगने पर इसका परिणाम दुर्व्यसन (एडिक्शन) के मर्ज़ में भी तब्दील हो जाता है। सांस्कृतिक मर्यादाओं की सभी हदों को पार करते हुए विभिन्न प्रकार की प्रकट, सांकेतिक और अप्रत्यक्ष अश्लीलताओं को लगातार परोसते दृश्यों में बाँध कर हर किसी की उत्सुकता को जगाने के लिए प्रत्यक्ष और छद्म तरीकों से भरपूर सामग्री अनियंत्रित रूप से प्रस्तुत की जा रही है। उदारता का युग बाजार में आया, राजनीति में आया और अब घर की चारदीवारी में पहुँच कर लोगों के दिलो-दिमाग़ में खलबली मचा रहा है। इसने समाज की सोच या वैचारिकी में अनियंत्रित खुलेपन का न्योता दिया। इस तरह के बदलाव के पीछे नगरीकरण, सामाजिक गतिशीलता, नौकरी पेशे के जीवन की दुश्वारियाँ मुख्य रही हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में भोग और राग की अतुलित बलवती इच्छा वेगवान होती गई। चरित्र, आचार-विचार , शील और सदाचार और इंद्रियों का निग्रह जैसे विचार दकियानूसी और प्रगति के मार्ग में रोड़े की तरह जाने समझे जाने लगे। इस रोग की लपेट में किशोर, युवा और प्रौढ़ सभी आ रहे हैं। ल्लगर्लफ्रेंड ल्लऔर ल्लब्वॉय फ्रेंड ल्लअब एक स्वीकृत और प्रचलित प्रत्यय और सामाजिक अभ्यास हो चला है। इस तरह की मित्रता की सीमा और परिधि किस तरह चलेगी यह इसमें शामिल किरदारों की भलमनसाहत पर निर्भर करता है। इसमें क्या वर्जित और क्या विहित है, यह मित्रों की अपनी मर्जी पर निर्भर करता है। सेक्स जीवन में नवाचार अब सामाजिक जीवन का हिस्सा हो रहा है। लिव इन रिलेशनशिप और आपसी रजामंदी से प्रौढ़ जनों को सेक्स की वैधानिक स्वीकृति सामाजिक आचरण के नये मानदंड स्थापित कर रही है। सामाजिक जीवन की नई पैमाइश में व्यक्ति ही प्रथम और अंतिम निर्णायक होता जा रहा है। व्यक्ति की चेतना का उत्कर्ष सदा से वांछित रहा है। काम की गणना पुरुषार्थ में की गई है। श्रीकृष्ण गीता में कहते हैं 'मैं धर्म के अविरुद्ध काम हूँ।' आज भी प्रश्न यही है कि जीवन में मर्यादा कैसे लाई जाए ? धर्म अर्थात विवेकसम्मत और संतुलित आचरण का मार्ग कैसे प्रशस्त हो? इस दृष्टि से घर, स्कूल, मीडिया सभी को अपनी ज़िम्मेदारी पहचाननी और निभानी होगी। क़ानून दांव-पेंच का मामला है और वह अपना काम करेगा पर उसका परिणाम भी तभी मिलेगा जब हम मर्यादा में विश्वास करें, वह मर्यादा जो अपने और सबके हित को ध्यान में रख कर स्वीकार की जाती है। सोशल मीडिया को नियमित करने और अमर्यादित उपयोग को रोकना सरकार की वरीयताओं में आना चाहिए। इस तरह के अनर्गल संचार के नकारात्मक प्रभावों से समाज को बचाना आवश्यक है। -गिरीश्वर मिश्र

**तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव के परिवारवाद और भ्रष्टाचार से तो जनता में नाराजगी थी ही, सत्ता विरोधी लहर भी उसके खिलाफ थी। कांग्रेस को तो बस अवसर मिल गया। भाजपा के शीर्ष नेताओं के चुनावी भाषणों ने भी राज्य में केसीआर की हालत पतली कर दी। 19 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले इस राज्य में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की कुछ खास नहीं कर पाई जबकि यहां की 44 सीटों पर मुस्लिम मतदाता अच्छा-खासा असर डालते रहे हैं। अक्टूबर में तेलंगाना में लक्ष्मी बैराज क्या ढहा, केसीआर की मुसीबतें बढ़ती चली गईं। उनकी बेटी का नाम दिल्ली के शराब घोटाले से भी जुड़ा, इन स्थितियों ने टीआरएस का नाम बदलकर बीआरएस करने और क्षेत्रीय राजनीति की बजाय राष्ट्रीय राजनीति में कदम बढ़ाने का खामियाजा भी केसीआर को इस चुनाव में शिकस्त के रूप में झेलना पड़ा है। यह और बात है कि कांग्रेस ने तेलंगाना में जातिगत जनगणना कराने और दलितों, पिछड़ों की आरक्षण सीमा बढ़ाने जैसी छह गारंटियां भी दीं, जिसमें मुफ्त महिला बस पास, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों और बटाईदारों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ देने जैसे वादे भी शामिल थे। जनादेश इस बात का प्रमाण है कि मतदाताओं ने कांग्रेस पर भरोसा जताया और उसकी सरकार बनने में सहायक बने लेकिन राजस्थान,मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उसकी मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली रणनीति काम नहीं आई।**

# निवेश के सूत्र समझते हैं डॉ. मोहन यादव

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

निवेश का महत्व अर्थ की महत्ता के साथ सदियों से रहता आया है, किंतु यह निवेश तभी संभव है जब परस्पर के संवाद में गहराई हो, आत्मीयता के साथ ही आर्थिक लाभ का पक्ष भी दोनों ओर से बराबर जुड़ा हो। यह सूत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अच्छे से समझते हैं। एक व्यापारी, उद्योजक और निवेशक अपनी पूंजी के प्रवाह को किसी स्थान पर लगा देने के पूर्व वह यह आश्वस्ती अवश्य चाहता है कि जहां वह अपना अर्थ व्यय कर रहा है या भविष्य की दृष्टि से अपने रुपयों का निवेश कर रहा है, वह हर हाल में न केवल सुरक्षित हो, बलकि सर्व सुविधा सम्पन्न भी हो, ताकि आगे किसी भी प्रकार की कोई बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े। वैसे संवाद से निरुक्त के आचार्य यास्क भी याद आते हैं। वास्वत में ऋषि यास्क निरुक्त के वे लेखक हैं, जो शब्द व्युत्पत्ति, शब्द वर्गीकरण एवं शब्दार्थ विज्ञान पर एक तकनीकी प्रबन्ध प्रस्तुत करते हैं। जिसमें कि उनके द्वारा सबसे अधिक परस्पर के संवाद पर जोर दिया गया है। मध्य प्रदेश में भी इन दिनों एक संवाद होता देखा जा रहा है। यह संवाद राज्य में रहनेवाले प्रत्येक नागरिक के लिए पर्याप्त रोजगार हो और वह सुख से अपना जीवन निर्वाह करे, इसके लिए किया जा रहा है। जिसके कि वाहक बने हैं, राज्य के प्रमुख होने के नाते डॉ. मोहन यादव । एक मुख्यमंत्री के तौर पर नितरोज नवाचार करना एवं आर्थिक समृद्धि के लिए प्रयास करते हुए उन्हें देखा जा रहा है। इस दिशा में मध्यप्रदेश के भोपाल में हो रही ''इन्वेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025'' ने निवेशकों, व्यवसायियों और उद्योगों के लिए 'अनंत संभावनाओं' की एक दिशा तय कर दी है। इस आयोजन की सफलता इससे भी समझी जा सकती है कि देश के किसी प्रधानमंत्री ने इसके महत्व को समझते हुए यहीं रात्रि विश्राम करने के लिए अपना कार्यक्रम बनाया ताकि अधिकतम लोगों से मिलकर मध्य प्रदेश की समृद्धि से देश के विकास के लिए जरूरी विमर्श किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले कौन प्रधानमंत्री भोपाल में रुका है, यह याद नहीं आता, बहुत पहले इतिहास में किसी ने स्वाधीनता के पश्चात यहां अपनी रात व्यतीत की होंगी। निश्चित ही यह मोहन सरकार की सफलता ही है कि मप्र के विकास की अपार संभावनाओं में वे हर अवसर का भरपूर उपयोग कर लेना चाहते हैं। वस्तुतः इस आयोजन के पूर्व समय पर दृष्टि डालें तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के लिए इतने अधिक संकल्पित दिखाई दे रहे हैं कि देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्शन, प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जर्मनी-यूके में निवेश की अपार सफलता के बाद वे विदेशी उद्योजक से संवाद करने के लिए जापान जा पहुंचे थे। वहां उन्होंने जापान के टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से म.प्र. में निवेश के संबंध में संवाद करने के साथ ही उनसे यह भी वादा ले लिया था कि आगामी माह में होने जा रही 24 और 25 फरवरी 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट वे मप्र आ रहे हैं और यहां अपने उद्योग स्थापित करने के लिए बड़ा निवेश भी करेंगे। जहां जिस भी देश में मुख्यमंत्री गए और वहां के उद्योगपतियों से संवाद किया, वहां कृषि, डेयरी एवं फूड प्रोसेसिंग, फिनटेक, आईटी-आईटीईएस और रोबोटिक्स, फार्मास्युटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, शहरी एवं औद्योगिक बुनियादी ढांचे, एयरोस्पेस और रक्षा, सहित पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित बातचीत इतनी सफल रही है कि यूके, जर्मनी, जापान समेत अनेक देशों से मध्य प्रदेश आनेवाले उद्योगपतियों की एक बड़ी संख्या है जो यहां आकर अब निवेश के लिए अपने क्षेत्र का निर्धारण करते हुए उद्योग स्थापित करेंगे। आज जापान, मध्यप्रदेश का प्रमुख व्यापार और निवेश साझेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत-जापान व्यापार सूएसडी 22.85 बिलियन तक पहुंचा, जिसमें मध्यप्रदेश ने एल्यूमिनियम, केमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, और वस्त्र जैसे उत्पादों का निर्यात किया। राज्य में ब्रिजस्टोन, पैनासोनिक, सनोह, एनएचके, और कोमात्सू जैसी प्रमुख जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक काम कर रही हैं।जापान ''इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ऽ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025'' में 'पार्टनर कंट्री' के रूप में भाग ले रहा है। इसी तरह से जर्मनी पार्टनर कंट्री केरूप में शामिल हुआ है।

## सेहत मंत्र

# लहसुन और प्याज खाने से कम होता है आंतों के कैंसर का खतरा: शोध

आमतौर पर ज्यादातर भारतीय भोजन में किसी न किसी रूप में लहसुन प्याज का प्रयोग किया जाता है। मगर कुछ लोग इसका सेवन नहीं करते हैं। हाल में हुए एक शोध में पाया गया है कि अगर आप लहसुन और प्याज का नियमित सेवन करते हैं, तो आपको आंतों के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। दरअसल लहसुन और प्याज में कुछ ऐसे एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो कैंसर को पनपने से रोकते हैं। शोध में बताया गया कि लहसुन, प्याज और प्याज प्रजाति की अन्य सब्जियों के सेवन से बड़ी आंत और गुदा के कैंसर का खतरा कम होता है। यह शोध एशिया पैसिफिक जर्नल ऑफ क्लिनिकल ऑनकोलोजी में प्रकाशित हुआ है। शोध में इस बात का दावा किया गया है कि प्याज की प्रजाति की सब्जियों का ज्यादा सेवन करने वाले वयस्कों में कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा उनलोगों से 79 फीसदी कम होता है जो इस तरह की सब्जियां कम खाते हैं। आहार नाल के निचले छोर पर स्थित बड़ी आंत और गुदा के कैंसर को कोलोरेक्टल कैंसर कहा जाता है। चाइना मेडिकल यूनिवर्सिटी के फर्स्ट हॉस्पिटल के शोधकर्ता झी ली ने कहा, ''मौजूदा शोध का सार यह है कि जीवनशैली बदलने से कोलोरेक्टल कैंसर से शुरुआती तौर पर रोकथाम हो सकती है।'' विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कोलोरेक्टल कैंसर पूरी दुनिया में आम है और 2018 में इसके 18 लाख मामले पाए गए जिनमें 8,62,000 की मौत हो गई। प्याज में विशेष रूप से पाए जाने वाले तत्वों में क्वारसेटिन नामक एंटीऑक्सीडेंट तथा सल्फर इसे अलग ही गुण प्रदान करते हैं। सेब में भी क्वारसेटिन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है लेकिन प्याज में यह सेब से तीन गुना ज्यादा होता है। क्वारसेटिन एक ताकतवर एंटीऑक्सीडेंट है , जो एलर्जी को कम कर सकता है , नसों में कोलेस्ट्रॉल के जमाव को रोकता है , ब्लड प्रेशर कम करता है , प्रोस्टेट और पेशाब की थैली की परेशानी में कमी लाता है तथा कैंसर को बढ़ने से रोकता है। प्याज में पाए जाने वाले सल्फर कम्पाउंड कोलेस्ट्रॉल कम करते हैं। यह तत्व नाइट्रिक ऑक्साइड का स्राव करके रक्त शिराओं को लचीला बनाकर उनमे खून का बहना आसान बनाते हैं। इसके फ्लेवोनोइड्स तथा फीटो केमिकल्स बहुत लाभदायक होते हैं।

## धर्म मंत्र

# इंदौर में है एक मंदिर जहां स्वयं प्रकट हुए शनिदेव

इंदौर में शनिदेव का प्राचीन व चमत्कारिक मंदिर जूनी इंदौर में स्थित है। इस मंदिर के बारे में एक कथा प्रचलित है कि मंदिर के स्थान पर लगभग 300 वर्ष पूर्व एक 20 फुट ऊंचा टीला था, जहां वर्तमान पुजारी के पूर्वज पंडित गोपालदास तिवारी आकर ठहरे थे। एक रात शनिदेव ने पंडित गोपालदास को स्वप्न में दर्शन देकर कहा कि उनकी एक प्रतिमा उस टीले के अंदर दबी हुई है। शनिदेव ने पंडित गोपालदास को टीला खोदकर प्रतिमा बाहर निकालने का आदेश दिया। जब पंडित गोपालदास ने उनसे कहा कि वे दृष्टिहीन होने से इस कार्य में असमर्थ हैं, तो शनिदेव उनसे बोले, 'अपनी आंखें खोलो, अब तुम सब कुछ देख सकोगे। आखें खोलने पर पंडित गोपालदास ने पाया कि वास्तव में उनका अंधत्व दूर हो गया है और वे सबकुछ साफ-साफ देख सकते हैं। अब पंडितजी ने टीले को खोदना शुरू किया। उनकी आंखें ठीक होने के चमत्कार के चलते स्थानीय लोगों को भी उनके स्वप्न की बात पर यकीन हो गया तथा वे खुदाई में उनकी मदद करने लगे। पूरा टीला खोदने पर वहां वाकई शनिदेव की एक प्रतिमा निकली। इस प्रतिमा को बाहर निकालकर उसकी स्थापना की गई। आज भी इस मंदिर में वही मूर्ति स्थापित है। इस प्रतिमा से जुड़े एक और चमत्कार की कथा प्रचलित है। बताते हैं कि शनिदेव की प्रतिमा पहले वर्तमान में मंदिर में स्थापित भगवान राम की प्रतिमा के स्थान पर थी। एक शनिचरी अमावस्या पर यह प्रतिमा स्वतः अपना स्थान बदलकर उस स्थान पर आ गई जहां ये अब स्थापित है। तब से शनिदेव की पूजा उसी स्थान पर हो रही है और यह श्रद्धालुओं की प्राचीनतम आस्था का केंद्र बन गया है। हर वर्ष शनि जयंती पर इस मंदिर में उत्सव मनाया जाता है।

## पर्यटन



# विशाल बौद्ध और हिंदू मंदिरों से सजा हुआ 'जोगजकार्ता' है इंडोनेशिया की सांस्कृतिक नगरी

इंडोनेशिया के जोगजकार्ता में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सब कुछ है। बोरोबुदुर का सबसे बड़ा बौद्ध मंदिर, प्रमबनन का विशाल हिंदू मंदिर, समृद्ध जावा संस्कृति, मुंह में पानी लाने वाले व्यंजन और बाटिक कला- इन सभी चीजों को देखकर पर्यटकों का मन ये शहर छोड़कर जाने को नहीं होता है..हमारा विमान जैसे ही जोगजकार्ता, जिसे इंडोनेशिया के सांस्कृतिक नगरी के नाम से जाना जाता है, की ओर जा रहा था, तभी दो बड़े पर्वतों से निकलते हुए धुंए ने अचानक सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। ये विशाल पर्वत हमारे विमान के समानांतर चलते दिखाई दे रहे थे और इस पर पड़ी धुंध आकाश तक पहुंचती हुई दिख रही थी। यह मनोहारी दृश्य था और जो कुछ भी हो रहा था उसकी झलक को अपने कैमरे या मोबाइल फोन में कैद करने से कोई भी अपने आप को रोक नहीं पा रहा था। अभी लोगों ने कुछ ही फोटो खींची होगी, तभी किसी ने कहा कि दूसरी तरफ भी उतने ही सुंदर दृश्य नजर आ रहे हैं। पर्वत देखने में बर्फ से ढंके हुए लग रहे थे और उसके चारों तरफ धुंध घिरी हुई थी। इस क्षेत्र में बर्फ के होने पर किसी को भी आश्चर्य हो सकता था। तभी एक सहयात्री ने समझाया कि यह ज्वालामुखी पर्वत है, जिससे हमेशा धुंआ निकलते रहता है। आगे समझाते हुए कहा कि जोगजकार्ता या जोगजा (स्थानीय लोग की भाषा में) में ही माउंट मेरापी पड़ता है, जिसे पृथ्वी का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी माना जाता है। देर शाम का समय था, जब हमारा विमान जोगजकार्ता के छोटे और सुंदर अदिसुतजिप्टो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। दिलचस्प बात यह थी कि पूरे हवाई अड्डे पर विदेशियों की संख्या ज्यादा थी और स्थानीय लोग उनकी तुलना में कम थे। वहां पीठ पर एक बैग के साथ यात्रा करने वाले लोग भी थे और साथ ही, फैमिली ट्रिप के लिए निकले लोग भी। सभी का एक ही उद्देश्य था- जोगजकार्ता जैसे खूबसूरत शहर के बारे में जानना।

# काशी तमिल संगमम की अन्तिम निशा में बनारस की छात्राओं ने गाया स्वागत वंदन गीत

एजेंसी

वाराणसी। काशी तमिल संगमम 3.0 के समापन समारोह में सोमवार शाम नमोघाट पर आयोजित सांस्कृतिक सन्ध्या के अन्तिम निशा में तमिल कलाकारों ने गायन, वादन व नृत्य में दमदार पारम्परिक प्रस्तुति देकर महफिल लूट ली। घाट के मुक्ताकाशी मंच पर तमिलनाडु की पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियां हुईं, जिसमें लाठी नृत्य लोगों को खूब भाया। शुरुआत में बनारस की छात्राओं के समूह ने स्वागत वंदन गीत गाया। इसके बाद थप्पत्तम, कुम्मी, कोलाट्टम, अम्मानट्टम एवं ग्रामिया कलाई अट्टम नृत्य तमिल कलाकारों ने प्रस्तुत किया।



थप्पत्तम नृत्य में कलाकार विशेष प्रकार के ड्रम (थप्पू) का प्रयोग करते हैं, जिसे मुख्य रूप से तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सवों और सामाजिक आयोजनों के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। इसी तरह कुम्मी नृत्य में महिलाएं एक सर्कल में ताल मिलाकर ताली बजाते हुए गीत गाती हैं। जबकि कोलाट्टम, जिसे 'लाठी नृत्य' भी कहा जाता है, में नर्तक अपने हाथों में छोटी-छोटी लकड़ियां लेकर उन्हें एक-दूसरे से टकराते हुए नृत्य करते हैं, जिससे यह नृत्य टीम भावना और समन्वय का प्रतीक बन जाता है। अम्मानट्टम नृत्य देवी शक्ति की

**तमिल कलाकारों के गायन-वादन व नृत्य पर झूमें पर्यटक, 'लाठी नृत्य' लोगों को भाया**

आराधना में किया जाता है, जिसमें नृत्यांगनाएं भक्ति भाव से देवी की स्तुति करती हैं, वहीं ग्रामिया कलाई अट्टम तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाने वाला लोक नृत्य है, जो वहां की संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली को प्रदर्शित करता है। इन रंगारंग प्रस्तुतियों से वाराणसी और तमिल संस्कृति के अद्वितीय मेल को जीवंत बनाया गया। बताते चलें कि काशी तमिल संगमम 3.0 का आयोजन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने किया। इसमें भारत सरकार के कई मंत्रालयों और उत्तर प्रदेश सरकार की भी अहम भूमिका रही। संयुक्त रूप से मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को चरितार्थ किया गया। यह कार्यक्रम दो राज्यों के संस्कृति एकता को जोड़ने के लिए अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में 10 दिनों में कुल 1200 की संख्या में आए डेलिगेट्स ने काशी के नमो घाट, हनुमान घाट, बाबा विश्वनाथ सहित अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन किया और बीएचयू का भ्रमण करते हुए एकेडमिक कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी डेलीगेट महाकुंभ में स्नान करने पहुंचे और वहां से फिर 500 साल बाद बन रहे अयोध्या में प्रभु राम लाल के मंदिर और उनके दर्शन करके आह्लादित नजर आए। अयोध्या में दर्शन के दौरान कुछ डेलिगेट्स के आंखों में आंसू भी दिखाई दिया और उन्होंने मंदिर में दान भी किया।

# कार्ड बांटने जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शादी का कार्ड बांटने जा रहे दो युवकों की अंबेडकर नगर के महरूआ थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में मौत हो गई है। मृतकों में एक व्यक्ति की बेटी की शादी 3 मार्च को होनी थी। सुल्तानपुर के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बिसनागरपुर भटपुरा निवासी रौशन लाल निषाद अपने पड़ोसी शिव प्रसाद निषाद के साथ बेटी की शादी का कार्ड बांटने गए थे। 23 फरवरी की शाम करीब 5 बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान महरूआ थाना क्षेत्र के बलईपुर के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने दोनों को बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर मनीष केसरवानी ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जयसिंहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रौशन लाल निषाद के परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। उनकी बड़ी बेटी माधुरी की शादी के लिए शेखपुर पलीवारी अंबेडकर नगर से बारात आनी थी। उनकी पत्नी फूल कुमारी और बच्चे माधुरी, दीपांशी, श्रद्धा और सनी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं शिव प्रसाद निषाद के तीन बच्चे राज, आयुष और अर्पित तथा पत्नी रीमा भी शोक में डूबे हैं।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं हुई सम्पन्न

एजेंसी

कानपुर। यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से शहर में कुल 123 केंद्रों पर परीक्षाएं सम्पन्न कराई गई। नकल विभिन्न परीक्षा कड़ाई से कराए जाने के उद्देश्य से हर परीक्षा केंद्रों पर पुलिस का कड़ा पहरा और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। परीक्षार्थियों की तलाशी लेने के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई बोर्ड परीक्षा में प्रशासन की मुस्तैदी भी साफ दिखाई दी। प्रवेश के दौरान यपि बोर्ड के नियमानुसार परीक्षा केंद्र में कैलकुलेटर, डिजिटल वाच, मोबाइल आदि सामग्रियों पर पाबंदी रही। प्रथम पाली में हाईस्कूल हिंदी और सैन्य विज्ञान के प्रश्न-पत्रों की परीक्षा सम्पन्न हुई। हिंदी विषय में जनपद में कुल 44,791 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और



1874 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सैन्य विज्ञान के प्रश्न-पत्र में 105 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए और 04 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली इंटरमीडिएट में जनपद में इंटरमीडिएट स्तर पर प्रारम्भिक हिंदी विषय के प्रश्न-पत्र में कुल 6,843 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और 67 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सामान्य हिंदी विषय के प्रश्न-पत्र में कुल 37,504 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और 2082 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इससे पहले सुबह जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कई परीक्षा केंद्रों का जायजा भी लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं को देखकर संतुष्टि जताई।

# परशुराम कुंड के सिद्धसंत श्री हरिशरण दास पहुंचे शंकराचार्य शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। त्रेतायुगीन पौराणिक तीर्थ स्थल परशुराम कुंड, अरुणाचल प्रदेश के सिद्धसंत श्री हरिशरण दास परशुराम बाबा ने संत मंडली के साथ महाकुंभ में संगम स्नान किया। इसके बाद सभी संत एवं भक्तों ने सेक्टर 18 के हर्षवर्धन मार्ग स्थित गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य शिविर में आदि शंकराचार्य के चरण पादुका की पूजा-अर्चना की। साथ ही विशेष समिधा देवकुश शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ को भेंट की। देवकुश का उपयोग महायज्ञ के समापन के अवसर पर महाशिवरात्रि को किया जायेगा।

शंकराचार्य शिविर में सिद्धसंत श्री हरिशरण दास ने शंकराचार्य को अति दुर्लभ देवकुश की माला भी भेंट की। इसके साथ ही उन्होंने शंकराचार्य से आध्यात्मिक चर्चा भी की। सिद्धसंत ने



महायज्ञ में भी भाग लिया। महायज्ञ का आयोजन शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ के सानिध्य में 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से जारी है। पूर्णाहुति महाशिवरात्रि के दिन 26 फरवरी को होगी। महायज्ञ में देश की सुख-शांति एवं विश्व कल्याण के लिए विभिन्न पहाड़ों जंगलों एवं नदियों के किनारों से 11हजार किस्म की एकत्रित औषधियों का उपयोग किया जा रहा है। पूर्णाहुति में अखंड भारत की 101 नदियों के पवित्र जल का उपयोग किया गया है।

उल्लेखनीय है कि शंकराचार्य अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने विगत तीन वर्षों में अखंड भारत के बारह ज्योतिर्लिंग एवं 52 शक्तिपीठों का दर्शन किया है। इसी सिलसिले में उन्होंने श्रीलंका, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, थाईलैंड, कंबोडिया आदि देशों की यात्रा की है। उसी उपलक्ष्य में महाकुंभ में विशाल महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ में देश के कोने-कोने से आये श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। शंकराचार्य ने देश के सनातन धर्मावलंबियों का आह्वान किया है कि वे महाशिवरात्रि तक महाकुंभ में आकर संगम स्नान करें।

## कानपुर मे टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम के कप्तान को कैप पहनाकर नाम की घोषणा करते संरक्षक प्रणीत अग्रवाल का छायाचित्र

कानपुर। कानपुर में सोमवार को आगामी कानपुर प्रीमियर लीग (केपीएल) में टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार है। इस टूर्नामेंट का आयोजन 2 मार्च से 11 मार्च तक ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया जाएगा। इस संदर्भ में, आज टीम के संरक्षक प्रणीत अग्रवाल ने टीएसएच ब्लास्टर आर्य नगर टीम के कप्तान के रूप में सतनाम सिंह के नाम की घोषणा की।

## महिला किसान पर जमीन बेचने का दबाव बना रहे दबंग

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के कुछ भूमाफिया सोमवार को महिला किसान पर दबाव बनाने के उद्देश्य से उसके पुत्र और साथियों पर फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया है। महिला किसान का कहना है कि भूमाफिया समझौते का दबाव बना रहे हैं। कस्बे की महिला किसान रानी देवी का एक खेत फैक्टरी एरिया के आगे हाईवे से लगा हुआ है। बैनामा के बाद दाखिल खारिज होने के साथ खतौनी में दर्ज है। महिला किसान खेत में काबिज होकर पिछले सत्रह वर्षों से कृषि कर रही है। कस्बे के कुछ भूमाफियाओं ने इसी खेत से लगी जमीन को खरीद कर कब्जा किया है। भूमाफियाओं की नजर महिला किसान की भूमि पर लगी हुई है। उसकी जमीन में यह लोग कब्जा करने के प्रयास में हैं। महिला किसान पर दबाव बनाने के लिए भूमाफियाओं ने उसके पुत्र आलोक यादव, उसके साथी इंद्रपाल यादव, आशीष यादव एवं एक अज्ञात के खिलाफ चहारदीवारी क्षतिग्रस्त करने, जान से मारने की धमकी देने, गाली गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला किसान ने बताया कि भूमाफिया उसकी जमीन बेचने के लिए दबाव डाल रहे हैं और औने पौने दामों में बैनामा कराकर जमीन छोड़ने की धमकी दे रहे हैं। दबाव बनाने के लिए उन्होंने पुलिस से सांठगांठ कर उसके पुत्र व उसके साथियों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया की चहारदीवारी क्षतिग्रस्त हुई है। इसको किसने ध्वस्त किया है। इसकी जांच कराई जा रही है।

# उप्र पुलिस सिपाही भर्ती : 876 अभ्यर्थियों ने किया अगले चरण के लिए क्वालीफाई

एजेंसी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाही भर्ती के लिए सोमवार को मुरादाबाद में 876 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय सीमा के अंदर 4.8 किमी दौड़ पूरी कर अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान रिकार्ड 116 अभ्यर्थी दौड़ पूरी न कर पाने के कारण प्रक्रिया से बाहर हो गए। पुलिस भर्ती के नोडल अधिकारी व पुलिस अधीक्षक यातायात ने बताया कि सोमवार को कोई भी अभ्यर्थी चोटिल या घायल नहीं हुआ।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से चलाई जा रही सिपाही भर्ती प्रक्रिया के तहत बीते 10 फरवरी से 9वीं वाहिनी पीएसी





**पुलिस भर्ती के नोडल अधिकारी बोले सोमवार को कोई भी अभ्यर्थी चोटिल या घायल नहीं हुआ**

ग्राउंड में दौड़ कराई जा रही है। इसमें लिखित परीक्षा पास करने और अभिलेखों की जांच पड़ताल के बाद चयनित किये गए अभ्यर्थियों को 4.8 किमी की दौड़ पूरा करने का टार्गेट दिया गया है। सोमवार को इसमें 1043 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जिसमें 51 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सुबह केवल 992 अभ्यर्थियों ने दौड़ के लिए पंजीकरण कराया। पुलिस भर्ती के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि दौड़ में शामिल होने वाले 992 अभ्यर्थियों में से केवल 876 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय सीमा में 4.8 किमी की दौड़ पूरी कर क्वालीफाई किया। इस दौरान 116 अभ्यर्थी दौड़ पूरी नहीं कर सके। सोमवार को राहत की बात यह रही कि कोई भी अभ्यर्थी चोटिल या घायल नहीं हुआ।

## लूट के दोषी को चार वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद। लूट के एक दोषी को कोर्ट ने सोमवार को तीन मामलों में दोषी पाया है। कोर्ट ने उसे 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थदंड लगाया है। थाना फरिहा क्षेत्र के नगला भोला निवासी राजू पुत्र अमर सिंह के विरुद्ध थाना टूंडला पर वर्ष 2019 में व वर्ष 2020 में थाना शिकोहाबाद व थाना टूंडला पर लूट के एक-एक कुल तीन मुकदमे दर्ज हुए। पुलिस ने जांचोपरांत तीनों मुकदमों में उसके विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश नवनीत गिरी के न्यायालय में चला। अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक अजय शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने तीनों मुकदमों में उसे दोषी माना। कोर्ट ने उसे तीनो मुकदमों में 4-4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। सभी सजाए एक साथ चलेगी। दोषी पर 5 हजार का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## मादक पदार्थ रखने के दोषी को 1 वर्ष, 2 माह का कारावास

फिरोजाबाद। कोर्ट ने सोमवार को मादक पदार्थ के एक दोषी को 1 वर्ष, 2 माह के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थदंड लगाया है। थाना दक्षिण क्षेत्र के हिमायूंपुर निवासी दीपक पुत्र किशन सिंह को थाना उत्तर पुलिस ने 29 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया था। उससे 500 ग्राम चरस बरामद हुई थी। पुलिस ने जांचोपरांत उसके विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय प्रथम, विशेष न्यायाधीश एन.डी.पी.एस. अतुल चौधरी के न्यायालय में चला। अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक प्रदीप चौहान ने बताया कि कोर्ट ने उसे दोषी माना। कोर्ट ने उसे 1 वर्ष, 2 माह के कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 20 हजार का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, किये गए 1004 चालान

कानपुर। जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गों और शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का अभियान जारी है। जिसके तहत सड़क किनारे खड़े 42 बड़े वाहनों पर वैधानिक कार्रवाई साथ ही 1004 वाहनों के चालान किये गए। राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर शहर में लगातार हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस काफी सख्त हो गयी है। ऐसे में रोजाना अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले छोटे बड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पश्चिमी जोन के अंतर्गत भौंती हाईवे, पूर्वी जोन कानपुर-प्रयागराज हाईवे व दक्षिण जोन के यशोदा नगर, नौबस्ता और रमईपुर में सड़क किनारे खड़े बड़े वाहनों को हटवाकर पार्किंग में खड़े करवाने के निर्देश दिए गए। क्योंकि पूर्व में ऐसा देखा गया है कि इन वाहनों की वजह से कई घटनाएं हो चुकी हैं। साथ ही शहर में कई छोटे बड़े वाहन चालक जो खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं। उनके खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए रॉन्ग साइड चलने वाले 188, ट्रिपलिंग करने वाले 60, एचएसआरपी 18 व अन्य 738 कुल मिलाकर 1004 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। पुलिस उपायुक्त यतायात रविंद कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। जब तक शहरवासी इन नियमों का पालन नहीं करते हैं, तब तक यह अभियान जारी रहेगा।

## नंदोई पर दुष्कर्म और पति पर तीन तलाक का आरोप, पांच पर केस दर्ज

मुरादाबाद। जिले के थाना ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अपने नंदोई पर दुष्कर्म और पति पर तीन तलाक व अन्य ससुराल वालों पर मारपीट करने का आरोप लगाया। मामले में एसएसपी सतपाल अंतिल के आदेश पर थाना पुलिस ने सोमवार को पति व नंदोई समेत पांच आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। ठाकुरद्वारा निवासी महिला के अनुसार उसका विवाह एक नवंबर 2023 को जनपद रामपुर के थाना टांडा क्षेत्र के एक गांव में हुआ था। आरोप है कि उसके ससुराल वाले शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे। महिला का आरोप है कि एक दिन वह घर में अकेली थी तभी उसका नंदोई घर में आया और उसे अकेला देख उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि उसने इस बात की शिकायत अपने पति से की तो उसके पति ने उसके साथ मारपीट कर उसे तीन तलाक दे दिया। इसके बाद महिला अपने मायके आ गई और परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके बाद एसएसपी सतपाल अंतिल ने थाना ठाकुरद्वारा पुलिस को मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधर पर आरोपित पति व नंदोई समेत पांच आरोपितों के खिलाफ सोमवार को केस दर्ज कर जाच प्रारंभ कर दी है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कारवाई की जाएगी।

# परीक्षा केवल शैक्षणिक मूल्यांकन नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव: माध्यमिक शिक्षा मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 के पहले दिन लखनऊ के जुबली इंटर कॉलेज में प्रथम पाली के परीक्षार्थियों का तिलक कर एवं मीठा खिलाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा में पूरी लगन और आत्मविश्वास के साथ शामिल हों और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ष्परीक्षा पे चर्चा 2025ष् कार्यक्रम से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ा है और यह परीक्षा केवल शैक्षणिक मूल्यांकन नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। योगी सरकार विद्यार्थियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।





अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार ने लखनऊ के राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज एवं ब्राइटवे इंटर कॉलेज, अलीगंज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी सुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। इसके उपरांत उन्होंने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में स्थापित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि यूपी बोर्ड के टोल फ्री नंबर 1800-180-5310 तथा 1800-180-5312 पर परीक्षार्थियों की समस्याओं, जिज्ञासाओं का समाधान किया जाए और मनोवैज्ञानिक सहयोग प्रदान किया जाए। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। स्ट्रांग रूम, परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार की डिजिटल निगरानी की जाए।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जनपद लखनऊ के कंट्रोल रूम तथा राजकीय जुबली इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका कॉलेज नरही एवं नवजीवन इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को सुगमतापूर्वक परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने प्रयागराज स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 आज से प्रारंभ हो गई। परीक्षा का आयोजन 24 फरवरी से 12 मार्च तक कुल 13 दिनों में किया जाएगा। इस वर्ष हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 54 लाख 37 हजार 233 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस बार विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इस बार परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) एवं स्थानीय अभिसूचना इकाई को सक्रिय किया गया है। हर परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के 17 जनपदों के 306 परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है, जहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रयागराज स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से भी पूरे प्रदेश की परीक्षा प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है।

# इमका अवॉर्ड्स : अंशु गुप्ता, नीलेश मिसरा को एलुमनी ऑफ द ईयर

## असम में चल रहा है जंगल राज: कांग्रेस

नयी दिल्ली। असम कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन बोरा तथा राज्य के धुबरी से पार्टी के लोकसभा सदस्य रकीबुल हुसैन ने सोमवार को कहा कि उन पर अपराधी तत्वों ने हमला किया है, लेकिन असम सरकार उन्हें सुरक्षा नहीं दे रही है और ना ही हमलावरों को पकड़ पा रही है।

श्री बोरा तथा श्री हुसैन ने रविवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप लगाते हुए कहा कि वह राज्य सरकार से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। श्री बोरा ने कहा, असम के हालात आप बहुत खराब हो गए हैं। कुछ दिनों पहले मेरे ऊपर हमला हुआ था।

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। आईआईएमसी एलुमनी एसोसिएशन के सालाना कनेक्शन्स मीट में नौवें इमका अवॉर्ड्स के विजेताओं के नाम का ऐलान हुआ। दिल्ली में आयोजित समारोह में गूंज के संस्थापक अंशु गुप्ता और लेखक व पत्रकार नीलेश मिसरा को एलुमनी ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। सर्वप्रिया सांगवान ने जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता, जिसके तहत उन्हें डेढ़ लाख रुपये की नकद राशि के साथ ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र मिला। समारोह में आईआईएमसी से 25 साल पहले पास हुए लगभग 80 पूर्व छात्र-

### सर्वप्रिया सांगवान ने जीता जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर का इनाम

छात्राओं को सिल्वर जुबली सम्मान भी दिया गया। कमिटी अवॉर्ड के तहत दिल्ली के प्रो. अशोक ओगरा, गुवाहाटी की जाह्नवी फूकन, पुणे की सुजाता सबनिस, तेजपुर के प्रो. शंभूनाथ सिंह और दिल्ली के मेदिन प्रसाद राय को लाइफटाइम अचीवेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पब्लिक सर्विस का अवॉर्ड जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल और गया के सामाजिक कार्यकर्ता आदित्य वर्धन को मिला। महाराष्ट्र के केतन तन्ना, ओडिशा के सुधांशु पात्रो और उत्तर प्रदेश के मणिंद्र



मिश्र को कनेक्टिंग एलुमनी जबकि इमका की गुजरात कमिटी को कनेक्टिंग चैप्टर का अवॉर्ड दिया गया। कमिटी अवॉर्ड में इनके अलावा यूपी के संतोष कुमार वाल्मीकि, दिल्ली के कल्याण रंजन और नितिन प्रधान, पंजाब की एलिस गुरम, महाराष्ट्र के ब्रज किशोर, ओडिशा के ब्योमकेश बिस्वाल और महाराष्ट्र के कृष्णा पोफले को पिलर्स ऑफ इमका अवॉर्ड से नवाजा गया। 50 हजार रुपये से लेकर 1.50 लाख रुपये तक की इनामी राशि वाले विभिन्न पुरस्कारों के विजेताओं को संबंधित कैटेगरी की जूरी ने पुरस्कृत किया। जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर सर्वप्रिया सांगवान के अलावा पल्लव जैन को एग्रीकल्चर रिपोर्टर ऑफ द ईयर, संदीप रजवाड़े को रिपोर्टर ऑफ द ईयर पब्लिशिंग, अजातिका सिंह को रिपोर्टर ऑफ द ईयर ब्रॉडकास्टिंग, हर्षिता राठौर को प्रोड्यूसर ऑफ द ईयर, आर. सम्बन को इंडियन लैंग्वेज रिपोर्टर ऑफ द ईयर पब्लिशिंग, अनुज कुमार दास को इंडियन लैंग्वेज रिपोर्टर ऑफ द ईयर ब्रॉडकास्टिंग, पंकज बोरा को ऐड पर्सन ऑफ द ईयर, आशीष शुक्ला को पीआर पर्सन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिला। जूरी कैटेगरी में एवियन वी को पीआर एजेंसी ऑफ द ईयर और काइजन को डिजिटल एजेंसी का ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिला। समारोह की अध्यक्षता इमका अध्यक्ष सिमरत गुलाटी ने की, जिसे इमका अवॉर्ड के ऑडिटर राजेश कालरा, संयोजिक स्नेहा भट्टाचार्जी, महासचिव दीक्षा सक्सेना, कोषाध्यक्ष अनिमेष विश्वास, कनेक्शन्स मीट के मुख्य आयोजक प्रेम प्रकाश, ग्लोबल मीट संयोजक राजेश कुमार, चैप्टर मीट संयोजक नीरज बाजपेई, सिल्वर जुबली बैच संयोजक अरिजित बनर्जी और स्मारिका के संपादक सुशील सिंह ने संबोधित किया। इमका के पूर्व अध्यक्ष मुकेश कौशिक, सुनीला धर, प्रसाद सान्याल, कल्याण रंजन, कार्यकारी अध्यक्ष गायत्री श्रीवास्तव समेत पत्रकारिता, पीआर, विज्ञापन क्षेत्र के वरिष्ठ लोग देश भर से इस समारोह में शामिल हुए।

# जस्टिस डीके उपाध्याय की टिप्पणी मोदी सरकार की तानाशाही प्रवित्ति को उजागर करती है : शाहनवाज़

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नयी दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय की यह टिप्पणी कि किसी देश में संविधान का होना और वहां संविधान पर अमल किया जाना दोनों अलग स्थितियां हैं, देश के बिगड़ते हुए मौजूदा हालात पर महत्वपूर्ण टिप्पणी है। इस स्थिति को बदलने के लिए राजनीतिक दलों और जनता को संघर्ष करना होगा। ये बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और बिहार सह प्रभारी शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 183 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का अपनी टिप्पणी में हिटलर का उदाहरण देते हुए यह कहना कि वो भी चुनावी व्यवस्था से जीत कर आया था और जर्मनी में भी संविधान था लेकिन हिटलर संविधान को कमज़ोर करके तानाशाह बन गया आज के मोदी सरकार को आईना दिखाने जैसा है। जस्टिस डीके उपाध्याय ने यह भी टिप्पणी की है कि हिटलर ने संविधान में अपने हितों के लिए संशोधन करके विपक्षी दलों को कमज़ोर किया था। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि ठीक ऐसा ही मोदी सरकार ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं को फंसा कर और चुनाव से पहले उसके खाते को सीज़ करके किया था। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि न्यापालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के प्रीथक्कीकरण के सिद्धांत के कमज़ोर होने से तानाशाही के खतरे पर भी जस्टिस डीके उपाध्याय की चिंता मोदी सरकार की कार्यशैली की तरफ ही संकेत करती है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि प्रस्तावित वक़्फ़ संशोधन बिल इसका उदाहरण है जिसमें जिला अधिकारी को वक़्फ़ के विवाद पर फैसला देने का अधिकार दे दिया गया है। जबकि डीएम कार्यपालिका का हिस्सा होता है उसे फैसला सुनाने का अधिकार नहीं है। शाहनवाज़ आलम ने उमर खालिद, शर्जिल इमाम का उदाहरण देते हुए कहा कि ये दोनों युवा बिना आरोप तय हुए ही साढ़े चार साल से जेल में बन्द हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट कई बार कह चुका है कि बेल नियम और जेल अपवाद है, लेकिन इस नियम के बावजूद इन दोनों युवाओं को इसलिए जमानत नहीं मिल रही है क्योंकि न्यायपालिका पर विधायिका का नियंत्रण मोदी सरकार में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को ख़ुद भी तानाशाही प्रवित्तियों पर लगाम लगाने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए।

## वर्टिकल उड़ान भरने वाले विमानों के विकास के लिए शोध सहायता देगी रेलवे

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे देश में हेलीकॉप्टर की तरह से वर्टिकल उड़ान भरने वाले विमानों के विकास के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के शोध छात्रों को वित्तीय मदद प्रदान करेगी। रेलवे ने हाइपरलूप तकनीक पर आधारित परिवहन प्रणाली विकसित करने के लिए आईआईटी मद्रास को अब तक बीस लाख डॉलर की मदद दी है और आगे दस लाख डॉलर की मदद और देने की घोषणा की है। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां रेल मंत्रालय से वीडियो लिंक के माध्यम से चेन्नई में आईआईटी मद्रास के रिसर्च पार्क में आयोजित वैश्विक हाइपरलूप प्रतियोगिता के समापन समारोह में शिरकत की और अवॉर्ड पाने वाले छात्रों एवं टीमों की हौसला अफ़ज़ाही की। इस मौके पर आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. कामकोटि वीज़ीनाथन रेल मंत्रालय में मौजूद थे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्र छात्राओं की 10 टीमों ने भाग लिया। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने इस मौके पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनके लिए एवं देश के लिए बहुत प्रसन्नता का अवसर है जब हमारे युवाओं ने अपने कौशल एवं बुद्धिमत्ता से परिवहन क्षेत्र में नये नये समाधान एवं अविष्कार से समाज को लाभान्वित किया है।

# पेज एक का शेष

### संगम तट पर...

पर लोगों के आगमन के बावजूद कुशल प्रबंधन और अनुशासनिक कड़े नियमों के चलते अब तक यह आयोजन एक मिसाल बना हुआ है। ज़िला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार मंडार, जो न सिर्फ खुद हर व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं, बल्कि प्रशासनिक टीम को भी पूरी तरह सक्रिय रखे हुए हैं। महाकुंभ का आयोजन जितना धार्मिक आस्था से जुड़ा है, उतना ही प्रशासनिक दक्षता और टीमवर्क की परीक्षा भी है। भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन सहायता को प्रभावी तरीके से लागू करना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। रविंद्र कुमार मंडार, जो पहले भी अपनी प्रशासनिक निपुणता के लिए प्रधानमंत्री से सम्मान प्राप्त कर चुके हैं, इस चुनौती को पूरी संजीदगी से संभाल रहे हैं। बीते 40 दिनों से वह प्रतिदिन लगभग 22 घंटे तक काम कर रहे हैं ताकि हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। प्रयागराज रेलवे स्टेशन, जो इस दौरान सबसे व्यस्त स्थानों में से एक बन गया है, वहां भीड़ को सुव्यवस्थित रखने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। सटीक दिशानिर्देश, अलग-अलग निकासी मार्ग, रियल-टाइम संचार व्यवस्था और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती के चलते श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इसके अलावा, पूरे शहर में अस्थायी चिकित्सा केंद्र, आपातकालीन सेवाएं, खाने-पीने की सुव्यवस्था और रहने की उचित व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा पर्याप्त संख्या में स्वच्छता केंद्र स्थापित किए गए हैं। रविंद्र कुमार मंडार खुद इन व्यवस्थाओं का लगातार जायजा ले रहे हैं और जहां जरूरत पड़ रही है, वहां तुरंत फैसले लेकर सुधार भी कर रहे हैं।

### अंतिम पायदान पर...

पायदान पर खड़ा होता है तो उसे धर्म की याद आती है। नेता प्रतिपक्ष को इस बारे में आपत्ति थी कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में और राज्यपाल के अभिभाषण में महाकुम्भ को वैश्विक स्तर का आयोजन बनाने का उल्लेख क्यों किया और उस प्रकार की व्यवस्था क्यों नहीं की। उन्होने मुस्कराते हुये कहा नेता प्रतिपक्ष समाजवादी से सनातनी हो गए हैं। स्वभाव के विपरीत उन्होंने अपने सदस्यों को टोका भी। स्वागत योग्य है कि आपने इस विषय को समझा और महत्व देकर सम्मान का भाव प्रकट किया। नेता प्रतिपक्ष के सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा जिन महापुरुषों ने भी भारत में जन्म लिया, मैं उन सभी को मानता हूं। मैं बुद्ध, जैन परंपरा (सभी तीर्थंकरों) को मानता हूं। हम लोग सनातन धर्म के साथ-साथ बौद्ध तीर्थस्थलों के पुनरोद्धार व सुंदरीकरण का कार्य कर रहे हैं। भारत के प्रति सम्मान का भाव रखने वाले और सनातन परंपरा में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका रखने वाले सभी पंथ-संप्रदाय (बौद्ध, जैन, सिख) का हम सम्मान करते हैं। गुरु गोविंद सिंह के चार-चार पुत्रों की शहादत के प्रति सम्मान का भाव ही है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया है। पहली बार गुरुवाणी का पाठ निरंतर मुख्यमंत्री आवास पर हो रहा है। भगवान बुद्ध, जैन तीर्थंकरों, सिख परंपरा, कबीरपंथी, रविदासी, महर्षि वाल्मीकि की परंपरा या भारत के अंदर जन्मी हर उस उपासना विधि का, जिससे सनातन धर्म को मजबूती प्रदान होती हो और देश एक भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में आगे बढ़ता है, उन सबके प्रति हमारे मन में श्रद्धा व सम्मान का भाव है। मुख्यमंत्री ने पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दृश्य की चर्चा की। समाजवादी पार्टी के सदस्यों को इंगित करते हुए बोले ल्ल आप संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे महानुभावों के प्रति आप लोगों का दृष्टिकोण क्या है, राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन के दृश्य देखकर इसका सहज अनुमान लगा सकते हैं। जो शोरशराबा, टिप्पणियां और राज्यपाल के प्रति व्यवहार किया जा रहा था, क्या वह संवैधानिक था। यदि ऐसा व्यवहार संवैधानिक है तो फिर असंवैधानिक क्या है। आप लोग भाषण बहुत देते हैं, लेकिन वास्तविक आचरण देखना है कि सपा सोशल मीडिया सेल का हैंडल देखिए। वह उनकी विचारधारा, आंतरिक शिष्टाचार, लोकतंत्र के प्रति उनके विचारों की अभिव्यक्ति का ऐसा माध्यम है, जिससे कोई भी सभ्य समाज लज्जा महसूस करता है। फिर भी आप दूसरों को उपदेश देते हैं। योगी आदित्यनाथ ने द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की टिप्पणी से बात का आगाज किया। उन्होंने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा कि मानव का मानव होना उपलब्धि है, मानव का दानव होना पराजय और मानव का महामानव होना उसकी विजय है। मानव, दानव व महामानव (देव) तीनों श्रेणी सदा रही है। मान्यता है कि महर्षि कश्यप की दो रानियां थीं। एक से देव व दूसरे से दानव हुए। सीएम ने कहा कि कर्म, आचरण, व्यवहार उन्हें उस श्रेणी में पहुंचाता है। सीएम ने देव, दानव व महामानव का अंतर बताया।

### भारत का प्रौद्योगिकी...

मंडी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक नेता के रूप में भारत की बढ़ती प्रमुखता पर जोर दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में श्री सिंह ने आईआईटी मंडी से रक्षा-संबंधी प्रौद्योगिकियों में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने डीआरडीओ के साथ मौजूदा सहयोग की सराहना की और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित युद्ध, स्वदेशी एआई चिप विकास, साइबर सुरक्षा और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में और अधिक योगदान देने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया और कहा, ल्ल भारत ने गोला-बारूद उत्पादन में 88 प्रतिशत आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है और 2023-24 में रक्षा निर्यात लगभग 23,000 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। हमारा लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात में 50,000 करोड़ रुपये तक पहुँचना है। उन्होंने भारत में मजबूत रक्षा उद्योग बनाने में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने आईआईटी मंडी के छात्रों से प्रौद्योगिकी

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां**

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 25.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम जं. | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयाग जं. | 15:45 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग जं. | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयाग जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम जं. | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम जं. | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. |
| 05177 | गोरखपुर जं. | 15:00 | झूँसी जं. | 01:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी जं. | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी जं. | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05185 | गोरखपुर जं. | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी जं. स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी जं. | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चिट बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मशरख जं., शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चिट बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी जं., मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 03:30 | पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरती पार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05311 | झूँसी जं. | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन |
| 05313 | झूँसी जं. | 19:45 | कासगंज | 18:00 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 06007 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 14:00 | बनारस | 21:50 | कोल्लम जं., कायमकुलम जं., मावेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जं., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, तिरुवोट्रियूर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 08587 | गोरखपुर जं. | 17:45 | विशाखपट्टणम | 15:55 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी,,मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जं., पेन्ड्रा रोड, बिलासपुर जं., चाँपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी, रेढ़ाखोल, बोइण्डा, अनुगुल, ढेंकानाल, नराज मार्थापुर, भुवनेश्वर, खोरधा रोड जं., बालुगाँव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 03430 | झूँसी जं. | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें फॉलो करें

# महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत मिलन, अभिनेता अक्षय व सोनाली बेंद्रे ने लगाई आस्था की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार अक्षय कुमार ने सोमवार को जहां एक ओर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तो वहीं एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की। महाकुम्भ में बॉलीवुड सितारों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि चाहे आप किसी भी पेशे में हों, आध्यात्मिक शांति और संतुलन अत्यंत आवश्यक है। संगम में स्नान करने के बाद बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने कहा कि मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था



बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। 2019 के कुम्भ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है। अंबानी और अदानी समेत बड़े उद्योगपति, बड़े सितारे यहां आ रहे हैं, जिससे महाकुम्भ की भव्यता और बढ़ गई है। कटरीना कैफ ने किया आध्यात्मिक अनुभवबॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री कटरीना कैफ ने भी महाकुम्भ में आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव किया। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानन्द सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती से भेंटवार्ता की। इस अवसर पर उन्हें भगवान शिव की मूर्ति और रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि जब बॉलीवुड जैसी लोकप्रिय इंडस्ट्री के सितारे महाकुम्भ में आते हैं, तो यह युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करता है। यह संदेश देता है कि आध्यात्मिकता केवल साधु-संतों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न अंग हो सकती है। साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि युवा पीढ़ी को यह समझना चाहिए कि अध्यात्म सिर्फ बुजुर्गों या साधु-संतों के लिए नहीं है। परिवार संग प्रयागराज पहुंचीं सोनाली बेंद्रे बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे भी अपने परिवार के साथ महाकुम्भ में शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंचीं। उन्होंने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था और अध्यात्म का अनुभव किया। संगम में स्नान के बाद सोनाली बेंद्रे ने कहा कि महाकुम्भ में आकर उन्हें अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ।

# महाकुम्भ में सिर्फ 2 दिन बाकी, हर सनातनी महाकुम्भ का साक्षी बनने को आतुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ में अब तक 62 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। अब भी करोड़ों लोग देश और विदेश से प्रयागराज आ रहे हैं। क्योंकि हर सनातनी की इच्छा है कि वह महाकुम्भ में संगम में पवित्र स्नान कर सके। इसलिए महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। महाकुम्भ में सिर्फ 2 दिन ही बाकी हैं, तो हर सनातनी इस महाकुम्भ का साक्षी बनने को आतुर है। बता दें, 26 फरवरी महाशिवरात्रि स्नान के साथ महाकुम्भ का समापन होगा। तैयारियों में जुटा मेला प्रशासन : मेला प्रशासन भी आखिरी विशेष स्नान की तैयारियों में जुटा हुआ है। 21 फरवरी को यूपी के मुख्य सचिव और डीजीपी ने महाकुम्भ के महाशिवरात्रि स्नान की तैयारियों का जायजा लिया। बता दें, महाशिवरात्रि को ढाई से तीन करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का अनुमान है। अंतिम स्नान से पहले दो बार दौरा कर चुके सीएम योगी : महाकुम्भ की तैयारियां देखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 और 23 फरवरी को प्रयागराज का दौरा कर चुके हैं। दोनों दिन के दौरे में मुख्यमंत्री कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान सीएम ने महाशिवरात्रि से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये आवश्यक निर्देश भी दिये। सीएम योगी ने दिये निर्देश : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 फरवरी को अपने सरकारी आवास पर आगामी त्योहारों को लेकर अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने महाकुम्भ प्रशासन को निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि स्नान पर्व की कार्ययोजना बनाई जाए और सड़कों पर वाहन न खड़े होने दें। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि श्रद्धालुओं को स्नान के लिए कम से कम पैदल चलना पड़े। साथ ही जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित देखरेख करें। उन्होंने महाशिवरात्रि पर महाकुम्भ के अंतिम स्नान को लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने दी जाए। रेलवे भी अलर्ट मोड में : महाशिवरात्रि के स्नान को लेकर रेलवे अलर्ट मोड पर है। महाकुम्भ के अंतिम स्नान को लेकर उम्मीद जताई जा रही है कि बड़ी तादाद ऐसे श्रद्धालुओं की होगी जो ट्रेनों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचेंगे और वहां स्नान करने के बाद ट्रेन से ही वापस लौटेंगे। ऐसे में भीड़ को कंट्रोल करने के लिए रेलवे ने कमर कस ली है। प्रयागराज में बना होल्डिंग एरिया : उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाये गए हैं। ये होल्डिंग एरिया प्लेटफॉर्म के बाहर स्थित हैं। ताकि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और जनसमुद्र को रोकने में मदद मिल सके। रेलवे द्वारा बनाए गए 'होल्डिंग एरिया' ऐसे विशेष क्षेत्र हैं, जहां यात्रियों को उनके ट्रेनों के आने तक सुरक्षित तरीके से रखा जा सकेगा। इन क्षेत्रों में बैठने और आराम करने की पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे यात्रियों को लंबी प्रतीक्षा के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े।



# पंजाब : प्रताप बाजवा का दावा, आआपा के कई विधायक कांग्रेस के संपर्क में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ आआपा ने पलटवार कर कहा, बाजवा का भाजपा में जाना तय

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में सोमवार को दो दिवसीय सत्र शुरू हुआ। सत्र में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के बयानबाजी का दौर तेज हो गया। नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के कई विधायक कंग्रेस के संपर्क में हैं। इस पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि प्रताप बाजवा जल्द भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकते हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रताप बाजवा ने कहा कि जैसे दिलजीत के शो की टिकटें एडवांस में बुक हो जाती हैं, ऐसे ही कांग्रेस के पास भी आआपा के विधायकों की बुकिंग चल रही है। आप के कई विधायक कांग्रेस के साथ अपना भविष्य देख रहे हैं। इस पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रधान अमन अरोड़ा ने कहा कि बाजवा का भाजपा में शामिल होना लगभग तय है। उन्होंने भाजपा में अपनी एडवांस बुकिंग करा ली है। अरोड़ा ने कहा कि वह राहुल गांधी से कहना चाहते हैं कि वह प्रताप बाजवा से पूछें कि कुछ दिन पहले जब वह बेंगलुरु गए थे, तो उन्होंने क्या किया और बाजवा ने भाजपा के किन बड़े नेताओं से मुलाकात की। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि प्रताप सिंह बाजवा 12 सीढ़ियां चढ़ चुके हैं और अब सिर्फ दरवाजा खोलना बाकी रह गया है।

# पटना में ट्रक और ऑटो की टक्कर में सात की मौत, चार गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार की राजधानी पटना में हुए सड़क हादसे से कोहराम मच गया। पटना जिले में रविवार देररात ट्रक और ऑटो की टक्कर में सात लोगों की जान चली गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, ऑटो पटना के मसौढ़ी से नौबतपुर की तरफ जा रहा था। रास्त में उसकी ट्रक से भिड़ंत हो गई। ऑटो में 10 मजदूर सवार थे। दुर्घटना में जान गंवाने वाले ऑटो सवार मजदूरों के शव अस्पताल भेज दिए गए हैं। हादसे की छानबीन की जा रही है। गमजदा परिजनों का कहना है कि सभी लोग खराट गांव जा रहे थे। ये लोग रोजाना मजदूरी के लिए पटना जाते थे और रात को लौटते थे। मृतकों में चार लोग डोरीपर गांव, दो बेगमचक के रहने वाले थे। ड्राइवर हांसडीह गांव निवासी था। मृतकों की



पहचान हासाडीह निवासी 30 वर्षीय सुशील राम पिता स्वर्गीय शत्रुघन राम (ऑटो ड्राइवर), डोरीपर निवासी 40 वर्षीय मेश बिंद पिता शिवनाथ बिन्द, 40 वर्षीय विनय बिन्द पिता स्वर्गीय संतोषी बिन्द, 30 वर्षीय मतेंद्र बिन्द पिता भुलेटन बिन्द, 40 वर्षीय उमेश बिन्द पिता सोमर बिन्द, 30 वर्षीय उमेश बिन्द पिता मछरू बिन्द और बेगमचक निवासी 20 वर्षीय सूरज ठाकुर पिता अर्जुन ठाकुर के रूप में हुई है। आठवां शख्स ट्रक के नीचे गड्ढे के पानी में फंसा हुआ है। उसको निकालने की कोशिश जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही मसौढ़ी की विधायक रेखा देवी मौके पर पहुंचीं।उन्होंने दुख जताते हुए सरकार से आश्रितों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। मसौढ़ी पुलिस ने बताया कि मसौढ़ी थानांतर्गत स्थित नूरा पुल के पास एक ट्रक और एक ऑटो के बीच टक्कर होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-01 मसौढ़ी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

### मुख्यमंत्री ने सड़क हादसे में 07 लोगों की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मसौढ़ी–नौबतपुर मार्ग पर स्थित धनीचक मोड़ के पास ट्रक और ऑटो में हुई टक्कर के बाद 07 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# बेर खिलाने का लालच देकर बालिका से कुकर्म दुष्कर्मी गिरफ्तार

नवादा। नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र में एक 10 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देनेवाले बाघा उर्फ विकास राजवंशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 19 फरवरी को हुई इस घटना की जानकारी परिवार ने 24 फरवरी को पुलिस को दी। पीड़ित नाबालिक को आरोपी ने बेर का लालच देकर घर से दूर ले जाकर पोखर के पास सुनसान जगह पर दुष्कर्म किया था।एसपी अभिनव धीमन के आदेश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बाघा राजवंशी उर्फ विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग और आरोपी दोनों का मेडिकल जांच भी कराया है और आगे की जांच की जा रही है। नाबालिक द्वारा परिवार को घटना की जानकारी देने के बाद, परिवार ने थाना पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# पंजाब के आंदोलनकारी किसानों ने दिल्ली कूच का फैसला वापस लिया

चंडीगढ़। पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने मंगलवार को होने वाले दिल्ली कूच का ऐलान फिलहाल वापस ले लिया है।किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने सोमवार को अमृतसर में राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि किसानों की जमीनों पर जबरदस्ती कब्जे न करें। उन्हें उचित मुआवजा दें। अभी हमारा ध्यान केंद्र की तरफ है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर किसी भी जिले में जबरदस्ती जमीन अधिग्रहित की गई तो पंजाब सरकार की नाक में दम कर देंगे। सरवन सिंह पंधेर ने सरकार से सोमवार को शुरू हुए सत्र को लंबा करने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि विदेश से लौटे युवाओं को गलत तरीकों से बाहर भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ, नशे के खिलाफ और पंजाब के अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की जाए।

# मुख्यमंत्री धामी का जौनसार बावर दौरा, महासू देवता मंदिर क्षेत्र के पुनर्विकास पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो दिवसीय जौनसार बावर दौरे के दूसरे दिन सोमवार को हनोल (जनपद देहरादून) में प्रातः काल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से भेंट कर सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय जा रही छात्राओं से मिलकर उन्हें परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद अधिकारियों के साथ महासू देवता मंदिर क्षेत्र के पुनर्विकास के मास्टर प्लान पर विस्तृत चर्चा की और कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जौनसार बावर की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान के संरक्षण



और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही जन-जन के विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी केवल खुराना का निधन, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदनाएं

देहरादून। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी केवल खुराना का निधन हो गया है। वे कैंसर से पीड़ित थे और उपचार के दौरान रविवार को दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। केवल खुराना के निधन पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। आज दिल्ली के मैक्स अस्पताल से उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए पुलिस ऑफिसर्स कॉलोनी किशननगर लाया जाएगा। वर्ष 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी केवल खुराना ने देहरादून, हरिद्वार और अन्य जिलों में अपनी सेवाएं दी थीं। वे कई जिलों में एसपी, एसएसपी, निदेशक यातायात और होमगार्ड के पद पर तैनात रहे।

# पंजाब विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

■ पंजाब विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा का विशेष दो दिवसीय सत्र सोमवार को शुरू हुआ। सत्र का प्रारंभ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह समेत कई दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान विपक्षी दल कांग्रेस ने मनमोहन सिंह को भारत रत्न दिए जाने का प्रस्ताव पारित करने की मांग की। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, लुधियाना के पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी, पूर्व विधायक धर्मपाल सभरवाल, अजैब सिंह मुखमैलपुर, एचएस हंसपाल, जोगिंदरपाल जैन, सुखविंदर सिंह बुट्टर, जरनैल सिंह चित्रकार समेत कई दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि सदन की यह परंपरा रही है कि स्पीकर के बाद सदन के नेता और नेता प्रतिपक्ष दिवंगतों को श्रद्धांजलि देते हैं लेकिन आज सदन में ऐसा नहीं हुआ है। भविष्य में इसका ख्याल रखा जाए। नेता प्रतिपक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पंजाब से जोड़ते हुए कहा कि सदन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके केंद्र सरकार से मांग की जाए कि मनमोहन सिंह को भारत रत्न से अलंकृत किया जाए। स्पीकर संधवां ने कहा कि इस विषय को श्रद्धांजलि का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता, इसे बाद में प्रस्ताव के रूप में रखा जा सकता है।

# इस बार का हाउस टैक्स जमा कराने वालों का पिछला बकाया होगा माफ : आप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी ने ऐलान किया है कि समय से वित्तीय वर्ष 2024-25 के हाउस टैक्स का भुगतान करने वालों का पिछला बकाया सारा हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 100 से 500 गज के मकानों का हाउस टैक्स आधा किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने आज पत्रकार वार्ता कर इसकी जानकारी दी।




आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद संजय सिंह, नेता दुर्गेश पाठक, मेयर महेश खींची और नेता सदन मुकेश गोयल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि जो भी तय समय सीमा के अंदर वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूरा हाउस टैक्स जमा कर देंगे, उनका पिछला बकाया सारा हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली के तेरह सौ हाउसिंग अपार्टमेंट को हाउस टैक्स में कोई रियायत नहीं मिलती थी। अब इनका भी अगले वित्तीय वर्ष में 25 फीसद हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। 25 फरवरी को होने वाले एमसीडी सदन में आम आदमी पार्टी इस प्रस्ताव को पास कराएगी। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा से आम लोगों के फायदे और उनकी जिंदगी में सहूलियत देने के लिए काम किया है। आआपा ने एमसीडी के बारे में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इसके तहत जो लोग 2024-25 के हाउस टैक्स का भुगतान कर देंगे, उनका पिछला सारा बकाया हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। संजय सिंह ने बताया कि समय से हाउस टैक्स का भुगतान करने पर अगले वित्तीय वर्ष में एक सौ गज से पांच सौ गज तक के भवन का हाउस टैक्स आधा किया जाएगा। एक सौ गज से कम बने भवनों का हाउस टैक्स पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। रिहायशी मकानों में जिनमें दुकानें चल रही हैं और उनके व्यावसायिक हाउस हैं। उनका हाउस टैक्स माफ किया जाएगा। दिल्ली के अंदर जो 13 सौ हाउसिंग अपार्टमेंट हैं, उनका 25 फीसद तक हाउस टैक्स माफ किया जाएगा। दुर्गेश पाठक ने कहा कि डेढ़ साल पहले एमसीडी में कर्मचारियों को कभी समय पर वेतन नहीं मिलता था। आखिरी बार उन्हें 2008-2009 में समय पर वेतन मिला था। उन कर्मचारियों को आज महीने की पहली तारीख को वेतन मिलता है। अब एमसीडी की आर्थिक स्थिति बेहतर हो रही है। जहां पहले एमसीडी भ्रष्टाचार के चलते घाटे में रहती थी, लेकिन अब एमसीडी फायदे में आने लग गई है। दुर्गेश पाठक ने बताया कि दिल्ली में जिन लोगों का पिछले 10-12 साल से हाउस टैक्स बकाया पड़ा हुआ है। अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर सभी पार्षदो ने मिलकर यह फैसला लिया है कि पिछले एक साल के हाउस टैक्स का भुगतान कर देते है तो सारा बाकाया हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। इस दौरान एमसीडी के मेयर महेश खिंची ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने अब तक जो भी वादे किए हैं, उन्हें पूरा करके दिखाया है। आम आदमी पार्टी पिछले दो साल से एमसीडी में है। इस दौरान जनता के हित में जो भी वादे किए, उन्हें पूरा करके दिखाया। रविवार को भी एक घोषणा की थी जिसके तहत एमसीडी करीब बारह हजार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने जा रहे हैं। पिछले दो साल में करीब आठ हजार कर्मचारियों को पक्का किया है। जिसमें 45 सौ कर्मचारी डेम्स विभाग से थे और बाकी अन्य विभागों से थे। एमसीडी नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली नगर निगम से भ्रष्टाचार को खत्म करने के सिद्धांत के तहत आज दिल्ली के लोगों को एक विशेष तोहफा देने जा रहे हैं। यह भ्रष्टाचार के ऊपर बहुत बड़ा कुठाराघात है।

हाउस टैक्स भ्रष्टाचार का सबसे बढ़ा कारण बनता है, जहां बकाया हाउस टैक्स के नाम पर अधिकारी और इंस्पेक्टर जनता को परेशान करते हैं। उनसे घूस मांगते हैं। इससे दिल्ली की जनता को छुटकारा मिले और साथ ही एमसीडी का राजस्व भी बढ़े। इसे देखते हुए एमसीडी में पार्टी के नेतृत्व ने फैसला लिया है कि 2024-25 सत्र में जो भी व्यक्ति अपना हाउस टैक्स दे देगा, उसका पिछला सारा बकाया हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063